लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस




बुधवार 18 फरवरी, 2026 / पेज: 12 / मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 128 www.janexpresslive.com/epaper

एआई के लिए यूपीआई जैसा प्लेटफॉर्म... 12

# भारत एवरेस्ट तक उड़ने वाला हेलिकॉप्टर बनाएगा: मोदी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

पीएम मोदी ने मंगलवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने मुंबई में जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस मिलकर भारत में ऐसे हेलिकॉप्टर का निर्माण करेंगे, जो माउंट एवरेस्ट जैसी ऊंचाइयों तक उड़ान भरेगा। मोदी ने फ्रांस को भारत का स्पेशल पार्टनर बताया और कहा कि दोनों देशों ने अपने रिश्तों को 'स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' लेवल तक अपग्रेड करने का फैसला किया है। 'स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' का मतलब है कि दोनों देश सिर्फ व्यापार या हथियारों की खरीद-फरोख्त तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि सुरक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष, समुद्री इलाकों की सुरक्षा और बड़े वैश्विक मुद्दों पर साथ मिलकर काम करेंगे। इससे पहले दोनों देशों के बीच संबंध 'स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' लेवल के थे। यह पार्टनरशिप साल 1998 में शुरू हुई थी। इसके बाद मैक्रों ने इंडिया-फ्रांस इनोवेशन फोरम को संबोधित करते हुए कहा दुनिया के कई बड़ी कपनियों के सीईओ भारतीय हैं। उन्होंने कहा कि अल्फाबेट, माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम, एडोबी और पालो आल्टो नेटवर्क्स के सीईओ भारतीय हैं। अब भारत लीडरशिप करने वाला देश बन गया है।



### मैक्रों बोले, हम 'मेक इन इंडिया' के भरोसेमंद साथी

इंडिया-फ्रांस इनोवेशन फोरम में फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि डिफेंस सेक्टर में फ्रांस, 'मेक इन इंडिया' का भरोसेमंद साथी है। उन्होंने कहा कि दोनों देश मिलकर नए जमाने के इंजन, मल्टी-रोल हेलिकॉप्टर, मॉर्डन फाइटर जेट्स और पनडुब्बियां बनाने पर काम कर रहे हैं। मैक्रों ने कहा कि यह सिर्फ रक्षा सौदों तक सीमित बात नहीं है, बल्कि यह दो बड़े देशों की मजबूत साझेदारी है। उन्होंने कहा कि भारत और फ्रांस जमीन, समुद्र और आसमान हर सेक्टर में अपनी इच्छा और भरोसे के साथ एक-दूसरे के साथ खड़े हैं। उन्होंने स्पेस सेक्टर का भी जिक्र किया और कहा कि त्रिशना सैटेलाइट इस बात का उदाहरण है कि जब साइंटिस्ट और इंडस्ट्री मिलकर काम करते हैं तो बड़े नतीजे सामने आते हैं। मैक्रों ने कहा कि भारत में सिविल और न्यूक्लियर सेक्टर में भी कई पहल चल रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इनोवेशन का मतलब सिर्फ बड़ी तकनीकी उपलब्धियां नहीं होता, बल्कि इसका मकसद आम लोगों की जिंदगी को बेहतर, और सुरक्षित बनाना भी है।

### 'पिछले साल मैक्रों ने मुझे एआई समिट के लिए बुलाया था'

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले साल उन्होंने (मैक्रों) मुझे फ्रांस में एआई समिट के लिए बुलाया था। तब हमने मार्शले की यात्रा की थी। मार्शले फ्रांस और यूरोप का प्रमुख गेटवे है। ये वही शहर है जहां पहले विश्व युद्ध में भारतीय सैनिकों ने अपने कदम रखे। भारतीय सैनिकों की गाथा आज भी याद की जाती है। ये वही शहर है जहां वीर सावरकर ने अंग्रेजों की पकड़ से निकलने के लिए समुद्र में छलांग लगाई थी।

### पीएम मोदी और मैक्रों की बातचीत का वीडियो सामने आया

महाराष्ट्र के लोक भवन में पीएम मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत का वीडियो सामने आया है। आज दोनों देशों के बीच कई समझौता ज्ञापनों पर चर्चा केंद्र में रही। बैठक में भारत-फ्रांस संबंधों को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। दोनों नेताओं ने डिजिटल तकनीक, इनोवेशन, छात्रों की आवाजाही, संस्कृति, रक्षा, सुरक्षा और ग्रीन पाथवे से जुड़े मुद्दों पर बात की।

### राजनाथ सिंह से कर्नाटक में मिलीं फ्रांसीसी रक्षा मंत्री



फ्रांस की रक्षा मंत्री कैथरीन वॉट्रिन ने मंगलवार को कर्नाटक के कोलार में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। समाचार एजेंसी के मुताबिक, दोनों नेता आज बेंगलुरु में 6वें भारत-फ्रांस सालान डिफेंस डायलॉग की संयुक्त रूप से अध्यक्षता करेंगे। बैठक में अगले 10 साल के लिए रक्षा सहयोग समझौते पर चर्चा होने की उम्मीद है। साथ ही भारत में हैमर मिसाइल बनाने के लिए एक जॉइंट वेंचर पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होने की भी संभावना है।

### राष्ट्रपति बनने के बाद चौथी बार भारत पहुंचे मैक्रों

राष्ट्रपति बनने के बाद मैक्रों का यह चौथा भारत दौरा है। इससे पहले वे मार्च 2018 में पहली बार भारत आए थे। इसके बाद वे सितंबर 2023 में जी20 समिट के लिए और जनवरी 2024 में गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बनकर आए थे। भारत और फ्रांस के बीच 1998 से रणनीतिक साझेदारी है और दोनों देश रक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में साथ काम करते हैं। यह दौरा भी इसी सहयोग को आगे बढ़ाने के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

### भारत अब लीडरशिप करने वाला देश बन गया: मैक्रों

इंडिया-फ्रांस इनोवेशन फोरम में फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने भारत की वैश्विक भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि अल्फाबेट के सीईओ भारतीय हैं, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ भारतीय हैं, आईबीएम के सीईओ भारतीय हैं, एडोबी के सीईओ भारतीय हैं और पालो आल्टो नेटवर्क्स के सीईओ भी भारतीय हैं। मैक्रों ने कहा कि भारत दुनिया में हो रहे नए आविष्कारों और नई तकनीकों में सिर्फ हिस्सा लेने वाला देश नहीं है, बल्कि आगे बढ़कर नेतृत्व करने वाला देश है।

### भारत में दुनिया का तीसरा बड़ा इकोसिस्टम: मोदी

पीएम मोदी ने इंडिया-फ्रांस इनोवेशन फोरम को संबोधित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। दुनिया की करीब हर बड़ी कंपनी भारत के स्टार्टअप से जुड़ी हुई है। मैक्रों ने कहा कि भारत और फ्रांस के बीच द्विपक्षीय संबंध सच में खास और अनोखे हैं। यह रिश्ता भरोसे, खुलेपन और महत्वाकांक्षा पर आधारित है। मैक्रों ने कहा कि आज हमने दोनों देशों की इस साझेदारी को एक नए स्तर पर ले जाने का फैसला किया है। अब इसे 'स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' का दर्जा दिया जाएगा।

### मनोज बाजपेयी ने मैक्रों के साथ तस्वीर शेयर की

बॉलीवुड एक्टर मनोज बाजपेयी ने मैक्रों के साथ तस्वीर शेयर की। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि आज के लंच में फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से मिलना गर्व की बात थी। वहां और भी कई खास मेहमान मौजूद थे। उनसे बातचीत सिर्फ औपचारिक नहीं थी, बल्कि बहुत खुलकर और दिलचस्प रही। खास तौर पर सिनेमा, संस्कृति और कहानियों के जरिए देशों को करीब लाने की बात पर अच्छी चर्चा हुई। भारत और फ्रांस फिल्म और संस्कृति के क्षेत्र में साथ मिलकर क्या-क्या कर सकते हैं, इस पर बात करते हुए लगा कि आज के समय में समझदारी भरी लीडरशिप और सांस्कृतिक बातचीत कितनी जरूरी है।

### भारत-फ्रांस साझेदारी वैश्विक स्थिरता के लिए मजबूत ताकत

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस अब अहम खनिजों, बायोटेक्नोलॉजी और नई तरह की एडवांस्ड मैटेरियल्स के सेक्टर में मिलकर काम को और आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बताया कि हेल्थ सेक्टर में एआई के लिए एक भारत-फ्रांस सेंटर शुरू किया जा रहा है। इसके अलावा डिजिटल साइंस और टेक्नोलॉजी के लिए भी एक संयुक्त सेंटर बनेगा और एविएशन स्किल डेवलपमेंट के लिए राष्ट्रीय गठबंधन केंद्र की शुरुआत की जा रही है। मोदी ने कहा कि दुनिया इस समय अनिश्चित दौर से गुजर रही है। ऐसे समय में भारत-फ्रांस की साझेदारी वैश्विक स्थिरता के लिए मजबूत ताकत बन सकती है। उन्होंने कहा कि फ्रांस की विशेषज्ञता और भारत की बड़ी क्षमता को मिलाकर भरोसेमंद तकनीक विकसित की जा रही

### मोदी बोले, दोनों देश अपनी इंडस्ट्री को आपस मे जोड़ेंगे

पीएम मोदी ने कहा कि अब चाहे रक्षा का क्षेत्र हो, स्वच्छ ऊर्जा हो या अंतरिक्ष, हर जगह दोनों देश अपने उद्योगों को आपस में जोड़ेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जॉइंट इनोवेशन के लिए नए सेंटर बनाए जाएंगे। साथ ही क्रिटिकल मिनरल्स और बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी दोनों देश अपना सहयोग और मजबूत कर रहे हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि भारत का एक भरोसेमंद साझेदार है। उन्होंने कहा कि चाहे राफेल लड़ाकू विमान हों, पनडुब्बियां हों या पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट के इंजन... कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां हम भारत के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हम टेक्नोलॉजी ट्रांसफर में यकीन रखते हैं। मैक्रों ने यह भी कहा कि फ्रांस रणनीतिक स्वायत्तता यानी अपने फैसले खुद लेने और स्वतंत्र नीति पर चलने में भरोसा रखता है।

### मोदी-मैक्रों ने टाटा-एयरबस हेलिकॉप्टर असेंबली लाइन का उद्घाटन किया

प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कर्नाटक के वेमगल में टाटा एयरबस की एच125 लाइट यूटिलिटी हेलिकॉप्टर की लास्ट असेंबली लाइन का ऑनलाइन उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों ने इस परियोजना को भारत-फ्रांस साझेदारी का उदाहरण बताते हुए कहा कि यह कदम दोनों देशों के तकनीकी सहयोग और रक्षा उद्योग में आपसी सहयोग को आगे बढ़ाएगा।

## उत्तर प्रदेश में बेलगाम हुई नौकरशाही, थानेदार तक नहीं उठाते विधायकों के फोन, विधानसभा में उठा मुद्दा

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**



विधानसभा में मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने नियम 301 के तहत विधायिका पर कार्यपालिका के हावी होने का मुद्दा उठाया। नेता प्रतिपक्ष ने सदन को बताया कि थानेदार तक विधायकों के फोन नहीं उठाते हैं और दलालों से गप करते रहते हैं।उन्होंने कहा कि कार्यपालिका पीठ के निर्देशों का पालन भी नहीं कर रही है। इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर हो रही है। सपा सदस्यों और सरकार का पक्ष सुनने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने इस मामले को रिजर्व रखने और संसदीय कार्य मंत्री के साथ वार्ता कर जल्द व्यवस्था देने की बात कही। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अधिकारी कॉल बैक करना भी मुनासिब नहीं समझते हैं। यदि वह किसी बैठक में हैं तो उचित माध्यम से संदेश भिजवा सकते हैं। इस बाबत कई शासनादेश भी जारी हुए, जिसकी वह परवाह नहीं करते हैं। सचेतक कमाल अख्तर ने कहा कि पीठ के निर्देश सर्वोपरि हैं। विपक्ष तो सरकार में नहीं होने पर संतोष कर लेता है, लेकिन मंत्रियों और सत्ता पक्ष के विधायकों का भी फोन नहीं उठता है। इसी वजह से मंत्रियों और विधायकों को धरने पर बैठना पड़ रहा है। भाजपा विधायक खुद बताते हैं कि डीएम, एसपी तो दूर की बात है, अब पटवारी भी फोन नहीं उठाता है। इस पर लगाम लगनी चाहिए। संग्राम सिंह ने कहा कि अधिकारी इतनी मनमानी पर उतर आए हैं कि हाईकोर्ट के फैसलों को भी पलटने का प्रयास करते हैं। इस पर संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि हावी होने का आरोप स्वीकार नहीं है। इसी सदन में 20 साल पुराने मामले में चार पुलिसकर्मियों को बुलाकर सजा दी गई थी। हालांकि जो अधिकारी फोन नहीं उठाते हैं, सरकार उनके साथ नहीं है। ऐसी हरकतों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारी विधायकों का नंबर फीड करें और उन्हें कॉल बैक करें।

### खतरे की घंटी वाला नंबर हो

समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि हो सकता है कि अधिकारी बीमार हो, छुट्टी पर हो या निलंबित हो। कुछ सुस्त, बदतमीज और बेईमान भी होते हैं। इससे निपटने के लिए एक ऐसा नंबर हो जिस पर बताया जा सके कि फलां अधिकारी को फोन करने पर वह उठा नहीं रहे हैं। इसे प्रदेश और जिला स्तर पर शुरू किया जाए, जो खतरे की घंटी बन सकता है।

### बागपत में नर्सरी की छात्रा से दो किशोरों ने किया दुष्कर्म

**जन एक्सप्रेस। बागपत**

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में घर के बाहर खेल रही पांच वर्षीय नर्सरी की छात्रा को घेर में ले जाकर सातवीं और नौवीं कक्षा के दो किशोरों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना का खुलासा तब हुअ जब बच्ची की तबीयत बिगड़ने पर उसने अपनी मां को सारी बात सुनाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित छात्रा एक निजी स्कूल में नर्सरी कक्षा में पढ़ती है। स्कूल से आने के बाद वह घर के बाहर अन्य बच्चों के साथ खेलती थी। सोमवार को जब बच्ची की तबीयत बिगड़ने लगी और वह पेट दर्द की शिकायत करने लगी, तो परिजनों को चिंता हुई। निजी चिकित्सक से उपचार कराने के दौरान बच्ची ने अपनी मां को पूरी घटना के बारे में बताया। बच्ची ने बताया कि घर के बाहर खेलते समय पड़ोस के 13 वर्षीय और 14 वर्षीय दो किशोर उसे अपने साथ घेर में ले गए थे।

### माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम का शुभारंभ किया, 8033 परीक्षा केंद्र बनाए गए

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 18 फरवरी से 12 मार्च 2026 तक बोर्ड परीक्षाएं आयोजित होंगी, जिसमें कुल 53,37,778 परीक्षार्थी शामिल होंगे। नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए 8033 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम लखनऊ में टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 18001806607 और 18001806608 उपलब्ध हैं। यूपी माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज के टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 18001805310 और 18001805312 हैं। माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने मंगलवार को ऑनलाइन मॉनिटरिंग के लिए राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया। कुल 8033 परीक्षा केंद्रों में 596 राजकीय, 3453 अशासकीय सहायता प्राप्त और 3984 स्ववित्त पोषित माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं। 18 जिलों को संवेदनशील और 222 केंद्रों को अति संवेदनशील, जबकि 683 केंद्रों को संवेदनशील के रूप में चिह्नित किया गया है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र के प्रत्येक कक्ष में वॉयस रिकॉर्डर युक्त 2 सीसीटीवी कैमरे, राउटर, डीवीआर और हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन लगाए गए हैं, जिससे वेबकास्टिंग के माध्यम से लाइव मॉनिटरिंग की जाएगी। परीक्षा में 8033 केंद्र व्यवस्थापक, 8033 बाह्य केंद्र व्यवस्थापक, 8033 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 1210 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 427 जोनल मजिस्ट्रेट और 69 मंडलीय व 440 जनपदीय सचल दल नियुक्त किए गए हैं। प्रश्नपत्रों के अतिरिक्त रिजर्व सेट्स की व्यवस्था की गई है।

## उत्तराखंड के तीर्थों में मुस्लिम-ईसाइयों के लिए 'नो एंट्री'

### हर की पैड़ी से शुरुआत, चारधाम कमेटी ने तैयार किया प्रस्ताव, सरकार भी राजी



- हरिद्वारपुष्कर धामी ने कहा है कि चारधामों की कमेटियां, संत समाज और तीर्थस्थलों के लिए जिम्मेदार लोग जो कहेंगे, हम वही करेंगे

**जन एक्सप्रेस। हरिद्वार**

हरिद्वार में गंगा घाट पर जगह-जगह बोर्ड लगा दिए गए। लिखा था- 'हर की पैड़ी पर गैर हिंदुओं का प्रवेश वर्जित है।' बोर्ड पर किसी संस्था का नाम नहीं है। नीचे सिर्फ इतना लिखा है कि आज्ञा से म्युनिसिपल एक्ट हरिद्वार। इसके बाद से उत्तराखंड में केदारनाथ, बद्रीनाथ समेत 47 तीर्थस्थलों पर गैर हिंदुओं की एंट्री बैन करने की मांग ने जोर पकड़ लिया। इसके लिए प्रस्ताव लाया जा रहा है। हर की पैड़ी का जिम्मा संभालने वाली श्री गंगा सभा ने गंगा घाटों पर बोर्ड लगाकर इसकी शुरुआत कर दी। चारधामों में भी जल्द ही ऐसे बोर्ड नजर आने वाले हैं। चारधाम बोर्ड या कमेटियां ही नहीं, सरकार ने भी रुख साफ कर दिया है। पुष्कर धामी ने कहा है कि चारधामों की कमेटियां, संत समाज और तीर्थस्थलों के लिए जिम्मेदार लोग जो कहेंगे, हम वही करेंगे। इसके लिए 1916 के हरिद्वार म्युनिसिपल एक्ट/बायलॉज पर स्टडी भी हो रही है। सवाल है कि हिंदुओं के तीर्थस्थलों पर क्या गैर हिंदू जाते हैं या इनसे कितने गैर हिंदुओं की रोजी-रोटी जुड़ी है।

### कपाट खुलने से पहले गैर हिंदुओं की एंट्री पर लगेगा बैन

चारधामों में दो धाम बद्रीनाथ-केदारनाथ हैं। हर की पैड़ी और कुंभ क्षेत्र में गैर हिंदुओं के नो एंट्री के बोर्ड के बाद यहां भी इसकी मांग उठ रही है। हमने बद्रीनाथ-केदारनाथ टेंपल कमेटी के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी से बात की। वे उत्तराखंड सरकार में राज्यमंत्री हैं। वे साफ कहते हैं, 'गैर हिंदुओं पर पाबंदी मुद्दा बनना ही नहीं चाहिए क्योंकि ये हिंदुओं के तीर्थस्थल हैं न कि कोई पर्यटन स्थल। यहां हिंदू ही आएंगे। हमने प्रस्ताव बना लिया है। सबकी सहमति भी है। जैसे ही बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने की तारीख आएगी। उससे पहले हम बोर्ड की बैठक करेंगे और इस पर मुहर लग जाएगी।'

### 'बैन न लगाते तो क्या देवताओं की धरती को इस्लाम का घर बनते देखते'

हरिद्वार के सभी तीर्थस्थलों पर गैर हिंदुओं की एंट्री पर रोक लगाने की मांग की जा रही है। हर की पैड़ी में बोर्ड भी लग चुका है। अब बाकी जगहों की धार्मिक समितियां भी औपचारिक तौर पर जल्द इसकी घोषणा करने वाली हैं। हमने हरिद्वार की सबसे पुरानी धार्मिक संस्था और हर की पैड़ी का जिम्मा संभालने वाली संस्था श्री गंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम से पूछा कि बैन लगाने की मांग की जरूरत क्यों पड़ी? नितिन कहते हैं, 'ये नई मांग नहीं है। ये उस कानून की बात है, जो यहीं के लिए बना था। वो लागू भी है, बस उसका पालन नहीं हो रहा। हम उस कानून के तहत हिंदुओं के तीर्थस्थल पर गैर हिंदुओं का बैन चाहते हैं। हर की पैड़ी में ये हो चुका है। अब बाकी जगहों पर भी होगा।'

## अखिलेश यादव जाएं संघ की शाखाओं में, दोपहर 12 बजे उठने की आदत जाएगी छूट: योगी

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लिए आगे आने की सलाह दी है। इटावा में निर्माणाधीन केदारेश्वर मंदिर के संभावित निमंत्रण पर उन्होंने कहा कि यदि अखिलेश यादव शुद्ध नीयत से यह मंदिर बनवाते तो मैं अवश्य जाता, लेकिन नीयत साफ नहीं है। फिर भी मैं उनको बधाई दूंगा कि देर आए-दुरुस्त आए, आखिर मंदिर बनवा रहे हैं। अब वह श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लिए भी आगे आएं, लोग प्रशंसा करेंगे। मुख्यमंत्री मंगलवार को एक निजी चैनल के कॉन्क्लेव में बोल रहे थे। इस मौके पर सीएम योगी ने साफ शब्दों में ऐलान किया कि 2022 से अधिक सीटें पाकर 2027 में डबल इंजन की भाजपा सरकार फिर सत्ता में आएगी।

### राममंदिर के साथ रामराज्य की वास्तविक अवधारणा को धरातल पर उतारा

एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी को उसकी पहचान वापस दिलाना सबसे बड़ा अचीवमेंट है। यूपी का नौजवान अब पहचान का मोहताज नहीं। किसान खुशहाल है और श्रमिक स्वावलंबन के साथ अपने जनपद-क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर रहा है। महिलाएं सुरक्षित हैं और यूपी आर्थिक उन्नति के नित नए सोपान प्राप्त कर रहा है। यही रामराज्य है। बिना भेदभाव हर तबके को उसका हक प्राप्त हो रहा है। भगवान राम की जन्मभूमि पर राममंदिर का निर्माण रामराज्य की अवधारणा पर ही आधारित है। हम केवल मंदिर बना देते और यह बदलाव करके नहीं दिखाते तो यह भगवान राम की अवज्ञा होती। हम लोगों ने रामराज्य की वास्तविक अवधारणा को धरातल पर उतारने का कार्य किया। यह डबल इंजन सरकार की ताकत है, जो कहा है, वह करके दिखाया है। आगे भी जो कहेंगे, करके दिखाएंगे।

### महाराज सुहेलदेव का विरोध और गाजी का मेला लगाते हैं सपाई

सीएम योगी ने कहा कि सोमनाथ मंदिर को अपवित्र करने वाले और अयोध्या में श्रीराम मंदिर पर पहला आतंकी हमला करने वाले गाजी को उसके पापों की सजा महाराज सुहेलदेव ने दी थी। लेकिन सपा के लोग महाराज सुहेलदेव का गुणगान करने के बजाय गाजी का नाम लेते हैं, उसका मेला लगाते हैं। ये लोग महाराज सुहेलदेव के स्मारक का विरोध करते हैं। हमें गर्व है कि भाजपा सरकार ने बहराइच में महाराज सुहेलदेव का भव्य स्मारक और आजमगढ़ में महाराज सुहेलदेव विश्वविद्यालय का निर्माण किया।

### परिवार डेवलपमेंट अर्थॉरिटी (पीडीए) के चेयरमैन हैं अखिलेश

योगी आदित्यनाथ ने सपा के पीडीए को अवसरवाद का दूसरा नमूना बताया। बोले कि पीडीए मतलब परिवार डेवलपमेंट अर्थॉरिटी। यह एक परिवार के विकास के लिए गठित अवसरवादी अर्थॉरिटी है जिसके चेयरमैन अखिलेश, शिवपाल सीईओ और रामगोपाल यादव वाइस चेयरमैन होंगे। उनके पास महाभारत के सारे रिश्ते हैं, बाकी अन्य भाई-भतीजों को भी इसमें स्थान मिलेगा।



### अखिलेश संघ की शाखाओं में जाएंगे तो जल्दी जागना सीख जाएंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि अखिलेश यादव को संघ की शाखाओं में जाकर सामान्य आचार व नियमों की जानकारी लेनी चाहिए। अखिलेश यादव 12 बजे सोकर उठते हैं, वे संघ की शाखा में जाएंगे तो जल्दी जगने की आदत हो जाएगी। समय पर जागेंगे तो यह उनके हित में होगा और जिस पारिवारिक पार्टी को लेकर चल रहे हैं, उसका भी नाम बना रहेगा। सीएम योगी ने वंदे मातरम के जिक्र पर कहा कि यह राष्ट्रगीत है, यह आजादी का मंत्र रहा है। इस गीत को गाते-गाते क्रांतिकारियों ने फांसी के फंदे को चूमने में संकोच नहीं किया। राष्ट्र प्रतीकों का अपमान संविधान निर्माताओं, बाबा साहेब व क्रांतिकारियों का अपमान है। राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान व तिरंगा का अपमान राष्ट्रद्रोह है, जिसे भारत स्वीकार नहीं करेगा।

### देश राहुल गांधी को और प्रदेश अखिलेश यादव को गंभीरता से नहीं लेता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिसकी जैसी दृष्टि, वैसी सृष्टि। इन लोगों को कोई नहीं समझा सकता, इनकी दृष्टि देश व प्रदेश के लिए हमेशा नकारात्मक रही है। राहुल गांधी को देश और अखिलेश यादव को यूपी गंभीरता से नहीं लेता। कांग्रेस किसी को भी नेता प्रतिपक्ष बना सकती थी। सोनिया जी का स्वास्थ्य ठीक नहीं है, इसलिए परिवारवादी पार्टी ने राहुल जी को नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी सौंप दी। जब जहाज डूबता है तो कैप्टन भी वही व्यक्ति बनता है, जो उसे आसानी से डुबो सके, इसलिए राहुल जी को कैप्टन बनाया गया।

### यूपी का भी मुकाबला नहीं कर सकती

सीएम योगी ने कहा कि पाकिस्तान जब मुकाबला नहीं कर पाया तो दुनिया के सामने चिल्लाने लगा। आज भी भारत कोई बड़ा कार्य करता है तो पाकिस्तान दुनिया के मंच पर चिल्लाता है कि मेरी सुरक्षा पर खतरा है। भारत सबसे तेज गति से उभरने वाली अर्थव्यवस्था है। भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो रहा है। पाकिस्तान की इकॉनमी यूपी का भी मुकाबला नहीं कर सकती, भारत की बात तो बहुत दूर है।

### 2027 में फिर बनेगी भाजपा नेतृत्व की सरकार

सीएम योगी ने कहा कि 2027 को लेकर कोई शक नहीं है। 2022 से अधिक सीट मिलेंगी और 2027 में फिर भाजपा नेतृत्व की डबल इंजन सरकार बनेगी। डबल इंजन सरकार ने यूपी को ट्रिपल-टी (टेक्नोलॉजी, ट्रस्ट व ट्रांसफॉर्मेशन) से जोड़ा है और वह 2027 में धूम-धड़ाके के साथ फिर से आएगी। कांग्रेस व राजद की जो दुर्गति बिहार में हुई है, 2027 में वही दुर्गति कांग्रेस व सपा की उत्तर प्रदेश में तय है। सीएम ने मीडियाकर्मियों से कहा कि आप सभी 75 जनपदों, 403 विधानसभा क्षेत्रों में जाइए, आम जनता वर्तमान सरकार की वकालत करती नजर आएगी।

### बुलडोजर व ब्रह्मोस एक-दूसरे के पूरक

सीएम योगी ने कहा कि बुलडोजर और ब्रह्मोस एक-दूसरे के पूरक हैं। बुलडोजर यूपी की स्ट्रेंथ का प्रतीक है। हम इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ देश के सबसे बड़े और सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे के नेटवर्क को यूपी में स्थापित कर सकते हैं। यूपी की जनता जिसकी अपेक्षा कर रही थी, बुलडोजर उस माफिया प्रवृत्ति को कुचल सकता है। ब्रह्मोस जैसे सेक्टर में भी यूपी में बड़े निवेश हो रहे हैं। किसी ने भारत की आन, बान और शान को लेकर गुस्ताखी करने का प्रयास किया तो दुश्मन को उसके ठिकाने पर जाकर मारेंगे।

# कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियों से रामायण मेले में बहाई भक्ति रस की धारा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



भगवान श्रीराम की तपोस्थली में चल रहे 53वें राष्ट्रीय रामायण महोत्सव के तृतीय दिवस मंगलवार को रामकथा, विद्वत गोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की ऐसी भक्ति धारा बही कि श्रोतागण भावविभोर हो उठे। देश के विभिन्न प्रदेशों से आए संतों, व्यासों एवं विद्वानों ने रामकथा के विविध आयामों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। रामकथा प्रवचन में पण्डित सनत कुमार मिश्र ने बताया कि भगवान को प्राप्त करने के लिए या तो घर में या घाट में या तो बाट में देखना होगा। भगवान श्री राम ने षबरी को घर में, बाबा तुलसी को घाट में और बुन्देलखण्ड के नर नारीयों को भगवान ने मार्ग में दर्षन दिया। बबेरू के लक्ष्मी प्रसाद षर्मा ने कहा कि श्रीरामचरित मानस मे चार ऐसी नारियाँ का वर्णन है, जिन्होने भगवान को प्राप्त किया। जिसमें सीता, सती, षबरी ने प्रतीक्षा से तथा सूर्पनखा ने समीक्षा से भगवान को प्राप्त किया। रामचरित मानस में नारियों की अह्म भूमिका रही है और आज भी राष्ट्र, समाज और परिवार में नारियों का एक विषेष महत्व है। बांदा के मानस किंकर रामप्रताप षुक्त ने राम जन्म के कारण के रूप में धरती में बढ़े अनाचार व्याभिचार का तथा देवताओं के द्वारा भगवान की प्रार्थना करने और उनके जन्म का वर्णन किया। डॉ अरूणा आभा ने नारी के महत्व पर प्रकाष डाला। अयोध्या के स्वामी गर्गाचार्य ने कहा कि श्रीमतभागवत और रामचरित मानस दोनो महान ग्रन्थ मानव जीवन को सुख षान्ति प्रदान करने के प्रमुख साधन है। इस दौरान प्रयागराज के पूर्व सांसद व समाज सेवी उदयभान करवरिया, डॉ राम लाल द्विवेदी प्राणेष, सुरेन्द्र सिंह षरीर दानी ने भी विचार व्यक्त किए। विद्वत गोष्ठी में डॉ चन्द्रिका प्रसाद दीक्षित 'ललित' ने बताया कि गोस्वामी तुलसी दास काव्यषास्त्र के महान पण्डित थे। उन्होने साहित्य में एक नये रस कि स्थापना कि उसे प्रीति रस कहा यह रस समस्त मानव जाति के लिए अत्यन्त उपयोगी है। अयोध्या के षोधकर्ता डॉ0 हरि प्रसाद दुबे ने हजारों श्रोताओं को उनकी माँग पर हनुमान जी के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि हनुमान अनन्य विज्ञानी है। इन्हें विज्ञानी में पॉच कारण है। व्यास (विस्तार) का विज्ञान का ज्ञान था आवष्यकता पड़ने पर अपना रूप विषाल (बडा) और आवष्यकता पड़ने पर लघु छोटा से छोटा कर लेते थे। दिल्ली से आए हुए लेखक और विषुद्ध स्वर के संपादक संजय मिश्र ने कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम राम जन-जन की आत्मा में बसे हैं। सुलतानपुर से पधारे श्री रामचरित मानस के पाठारोचक मानस मराल डॉ कृष्ण मणि चतुर्वेदी 'मैत्रेय' ने सुन्दर काण्ड की चैपाई को उद्धत करते हुए कहा कि गरूड सुमेरू रेनु सम ताही पाठ की जगह षुद्ध पाठ गरूअ सुमेरू रेनु सम ताही है जिसका समर्थन ष्याम सुन्दर दास एवं अयोध्या के पण्डित राम कुमार रामायणी की प्रतियों से प्राप्त होता है। मुजफ्फरपुर, बिहार के साहित्यकार-पत्रकार डॉ संजय पंकज ने कहा कि सत्य सनातन श्रीराम है तो संस्कृति सनातन षक्ति स्वरूपा सीता हैं। राम से बड़ा संसार की किसी भी भाषा में कोई मांत्रिक पुरूषोत्तम हैं तो त्याग और सहनषीलता में सीता साक्षात धरती माता हैं। चित्रकूट की पावनता, मंदाकिनी की षीतलता और सती अनसुइया की साधना के अमृतफल राम और सीता को विनम्रता से प्राप्त हुए। सीतामाणि की डॉ आषा कुमारी ने सीता जी के जीवन पर प्रकाष डाला। लखनऊ विष्वविद्यालय से पधारी डॉ अल्का पाण्डेय ने भगवान राम के गुढ़चरित्र का निरूपण करते हुए कहा कि राम भारतीय जन मानस में इस तरह चरे बसे हैं कि जब भी हम लोग बात चीत षुरू करते है, तो सम्बोधन राम राम ही कहते है।

# 22 फरवरी को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कराएगा मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



आम जनता के हितार्थ व विधिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से आगामी 22 फरवरी रविवार को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विधिक सेवाओं के वितरण आधारित मॉडल का शासन के विभागों से समन्वय करते हुए केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही पात्रता के अनुरूप पात्रों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ईला चैधरी ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला जज शेषमणि शुक्ला के निर्देश पर आगामी 22 फरवरी को होने वाले इस मेगा शिविर में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मुद्दों पर काम किया जाएगा। जिसके तहत दिव्यांगजन, बच्चे, ट्रांसजेण्डर, बंदी जन, निर्बल वर्ग, अनुसूचित जाति, जनजाति, वृद्धजन, महिला, कृषक वर्ग, भिक्षुक, गृह विहीन, सड़क सुरक्षा, दुर्घटना, आपदा पीड़ित व मानव तस्करी से संबंधित मुद्दों पर केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विधिक जानकारी व सहायता प्रदान की जाएगी। इसके अलावा दंत, नेत्र व सामान्य चिकित्सीय समस्याओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। बताया कि शिविर में आने वालों को पहचान पत्र व योजना से संबंधित अन्य मान्य दस्तावेज लाने होंगे। योजनाओं के लाभ के लिए शिविर से पहले या उसी दिन आवेदन दिया जा सकता है।

सिविल जज सचिन कुमार दीक्षित ने बताया कि इस शिविर का आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी और निःशुल्क विधिक सेवा प्रदान करते हुए आम जनमानस में विधिक चेतना का विकास व संचार करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

# कांग्रेसियों को पुलिस ने लखनऊ जाने से घेराबंदी करके रोका

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के नेतृत्व में केन्द्र की तानाशाह सरकार द्वारा मनरेगा स्वरूप को छिन्न भिन्न करने व कुंभकर्णी नींद में सोई हुई सरकार को जगाने के लिए प्रदेश भर के हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता लखनऊ पहुंच कर विधानसभा घेराव करेंगें।कांग्रेस के जुझारू जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में कांग्रेसियों का दलबल लखनऊ के लिए रवाना हुए,मेन रोड पर भारी पुलिस बल द्वारा घेराबंदी कर रोक लिया गया,इससे कांग्रेसियों के अन्दर आक्रोश व्याप्त हो गया,पुलिस और कांग्रेसियों के मध्य नोंकझोंक की स्थिति उत्पन्न हुई,जिससे आक्रोशित कांग्रेस जन रोड पर ही धरने पर बैठ गए और पुलिस व सरकार विरोधी नारेबाजी जब जब मोदी योगी डरता है पुलिस को आगे करता है,मनरेगा का अधिकार ले के रहेंगे ले के रहेंगे की गई।धरने में बैठे कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने आक्रोश व्यक्त करते हुए मीडिया से रूबरू होते हुए बतलाया कि केन्द्र में काबिज भाजपा सरकार ने घृणित मानसिकता का परिचय देते हुए यूपीए वन की सरकार में गरीबों के चतुर्मुखी उत्थान के लिए मनरेगा योजना का शुभारंभ किया गया,योजना के अंतर्गत ग्रामीण अंचल में निवासरत मजदूरों के लिए 100 दिन काम की गारंटी।काम न मिलने की दशा में आर्थिक सहायता का प्रावधान का अधिनियम बनाया गया था,योजना से गांधी जी का नाम हटाना व उनके स्वरूप को छिन्न भिन्न करना गरीबों के अधिकारों का शोषण है,देश के अन्दर कांग्रेस जन 03 जनवरी से निरन्तर पहले जैसा स्वरूप किए जाने के लिए संघर्षशील है।प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा पुलिस को आगे कर दमनकारी नीति अपनाई जा रही है।कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता इस दमनकारी रवैए से झुकने वाला नहीं है।मनरेगा के लिए सड़क से लेकर संसद तक लड़ाई लड़ी जाएगी। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा खान एडवोकेट ने कहा कि मनरेगा में यूपीए सरकार ने काम के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत 50त्न महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई थी,जिससे अनेक गरीब महिलाओं को 100 दिन का रोजगार पाती थीं,वर्तमान सरकार में इस योजना में प्रदेश सरकार द्वारा 40त्नधनराशि दिए जाने के आदेश पारित किए गए हैं, जबकि पहले से ही प्रदेश सरकारों पर अरबों रुपए का कर्ज पहले से ही बना हुआ है,सरकार की सोची समझी रणनीति के तहत इस योजना को समाप्त कर महिलाओं के अधिकारों का हनन किया गया है,जिसके लिए महिला कांग्रेस इस तानाशान सरकार से आरपार की लड़ाई लड़ेगी।

# मानसिक विक्षिप्त मासूम के शरीर से निकाली 40 एमएम की पथरी

**जन एक्सप्रेस । बाँदा**



आजकल इंसानों में गाल ब्लाडर, किडनी,और पेशाब की थैली में पथरी होना आम बात हो गई है,लेकिन अब ये रोग छोटे छोटे बच्चों में भी देखने को मिल रहा हैं। इस बार ये रोग एक मासूम बच्ची में देखने को मिला है जो विकलांग होने के साथ साथ मानसिक विक्षिप्त भी है।आपको बता दें कि जनपद के बबेरू क्षेत्र की रहने वाली शिवानी 10 वर्ष पुत्री जय प्रकाश इस बीमारी की चपेट में आ गई शिवानी के बाबा अर्जुन ने बताया कि उनकी नातिन मानसिक विक्षिप्त होने के साथ साथ विकलांग भी है उसको काफी दिनों से तकलीफ थी तकलीफ होने की वजह से वो रोती रहती थी कई डॉक्टरों को दिखाया लेकिन कोई आराम नहीं मिला तब रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग में डाक्टर अनूप कुमार सिंह को दिखाया डाक्टर अनूप ने भर्ती करके जांच कराई और आपरेशन कर दिया आपरेशन से बच्ची के पेशाब की थैली से 40 एम एम की पथरी निकली है,अब बच्ची ठीक है।डाक्टर अनूप ने बताया कि इस आपरेशन में लगभग डेढ़ घण्टा लगा है इस ऑपरेशन में मरीज को कोई खर्च नहीं लगा है मरीज की गरीबी को देखते हुए कालेज के प्रधानाचार्य डाक्टर एस के कौशल ने सरकारी चार्ज भी माफ कर दिए गए थे।इस आपरेशन में डाक्टर अनूप के साथ डाक्टर श्रेया एनेस्थीसिया टीम से डाक्टर प्रिया दीक्षित और उनकी टीम मौजूद रही।

# चित्रकूट में बंदर समस्या के समाधान के लिए प्रशिक्षण 18 फरवरी को

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जनपद में बढ़ते बंदरों के प्रकोप के दृष्टिगत उप निदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व व प्रभागीय वनाधिकारी प्रत्यूष कुमार कटिहार ने सभी खंड विकास अधिकारियों को बंदरों की समस्या से प्रभावित ग्राम पंचायतों में जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश दिए है। प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 18 फरवरी बुधवार को अपराह्न 12 बजे विकासखंड पहाड़ी के ग्राम प्रसिद्धपुर में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य स्थानीय लोगों को बंदरों को सुरक्षित तरीके से पकड़ने एवं समस्या समाधान के उपायों से अवगत कराना है। निर्देश दिए कि जिन ग्राम पंचायतों में बंदरों का प्रकोप अधिक है, वहां के ग्राम प्रधान स्वयं प्रशिक्षण में भाग लें तथा अपने राजस्व ग्रामों से दो-दो कर्मचारियों को नामित करें, जो प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। साथ ही ग्राम पंचायतों से इच्छुक व्यक्तियों को भी प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। बताया कि जब बंदर पकड़ने का अभियान चलाया जाएगा, तो इसमें स्थानीय ग्रामीणों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। जिसके बदले उन्हें पारिश्रमिक भी दिया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और साथ ही बंदरों की समस्या से भी राहत मिलेगी। प्रभागीय वनाधिकारी ने जनपद के सभी विकासखंडों के एडीओ (पंचायत) को प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

## दो वर्षीय मासूम की खेलते समय तालाब में डूबने से मौत

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** देहात कोतवाली जमालपुर अन्तर्गत चिल्ली गांव में सुबह दस बजे दो वर्षीय मासूम प्रमोद कुमार पुत्र योगेन्द्र कुमार अपने घर में खेल रहा था तभी घर का दरवाजा खुला होने पर पीछे स्थित तालाब में खेलते खेलते पहुंच गया और तालाब में डूब गया वहीं जब मां शिवदेवी ने आवाज लगाई तो आवाज न आने पर व तालाब के पीछे का दरवाजा खुला होने पर अपने पति को आवाज दी वहीं ग्रामीणों की मदद से मासूम का शव तालाब से निकाल कर बाहर लाया गया तथा परिजनों ने थानाध्यक्ष देहात कोतवाली जमालपुर चंद्र प्रकाश तिवारी को सूचना दी वहीं मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष से परिजनों ने पोस्टमार्टम न कराए जाने को लेकर फरियाद की।वहीं देहात कोतवाली जमालपुर चंद्र प्रकाश तिवारी ने बताया कि दिवंगत प्रमोद कुमार ने घटना की सूचना दी है तथा पोस्टमार्टम न कराए जाने को लेकर आग्रह किया गया है। दिवंगत के पिता चौकीदार है। दिवंगत दो भाइयों व एक बहन में सबसे छोटा था।

## आज से शख्ती के साथ शुरू होंगी 10 व 12 वीं की बोर्ड परीक्षाएं

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** आज से उत्तर प्रदेश के 10 वीं और 12 वीं के बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो रही है जिसको लेकर जिला प्रशासन अपनी सम्पूर्ण तैयारियों के साथ छात्र छात्राओं को स्कूल में प्रवेश के पहले चेकिंग अभियान चलाकर परीक्षाएं दिलवाने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं और यह भी कहा की नक़ल विहीन परीक्षाएं संपन्न करायी जायेंगी। जिसको लेकर केंद्र विनोबा इंटर कॉलेज कमासिन में हाई स्कूल में 352 छात्र 192 छात्राओं सहित इंटर में 261 छात्र 88 छात्राओं द्वारा परीक्षा केंद्र में परीक्षा दी जाएगी उक्त जानकारी परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक प्रधानाचार्य चंद्रपाल यादव ने बताया परीक्षा प्रभारी पारस नाथ गुप्ता के साथ सह केंद्र व्यवस्थापक शशि कुमारी प्रधानाचार्या राजकीय हाई स्कूल मामसी खुर्द सहित

# गिरफ्तारी न होने से नाराज संविदा विद्युत कर्मी धरना आंदोलन पर बैठे?

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




मंगलवार को विद्युत उपकेंद्र कमासिन में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन सर्विस संविदा कर्मचारी संघ बैनर तले कमासिन क्षेत्र में कार्यरत लगभग आधा सैकड़ा संविदा विद्युत कर्मचारियों ने 11 फरवरी को ग्राम प्रधान बंथरी द्वारा मारपीट की घटना में लिप्त अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत होने के बाद भी गिरफ्तारी न होने से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है।प्रदर्शन कर रहे विद्युत कर्मचारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार (द्वारा विद्युत विभाग बकाया राजस्व वसूली ब्याज में छूट पाने को ओटीएस करने की बंथरी ग्राम में ग्रामीणों से योजना के अंतर्गत बिल जमा करने को जानकारी दी जा रही थी ।जिनके बकाया बिल जमा नहीं हो रहे थे ।उनके विद्युत कनेक्शन काटे गए जिससे क्रोधित प्रधान बंथरी ने चार विद्युत कर्मचारी से अभद्रता करते हुए मारपीट की । जिससे चारों विद्युत कर्मचारी घायल हो गए।थाना कमासिन में प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत होने के बाद अब तक अभियुक्तों की गिरफ्तारी न होने से धरना प्रदर्शन कर गिरफ्तारी की मांग की जा रही है।इस मौके पर अधिशासी अभियंता विद्युत एसडीओ विद्युत अवर अभियंता विद्युत उपकेंद्र कमासिन भी मौजूद थे।

# चित्रकूट धाम में 84 कोसी वृहद परिक्रमा का शुभारंभ, भक्ति भाव से निकली यात्रा


**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



धर्मनगरी में 84 कोसी वृहद परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ मंगलवार को विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इस यात्रा में बड़ी संख्या में साधु-संतों, श्रद्धालुओं एवं भक्तों ने भाग लिया।

मंगलवार को 84 कोसी वृहद परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ मां मंदाकिनी गंगा तट स्थित भगवत आराधना मंदिर से हुआ। परिक्रमा करते हुए यात्रा भागवत पीठ खोही पहुंची, जहां भागवताचार्य आचार्य नवलेश दीक्षित महराज ने साधु-संतों एवं श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इस दौरान भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठानों का भी आयोजन किया गया। साधु-संतों व श्रद्धालुओं ने बताया कि यह पवित्र वृहद परिक्रमा यात्रा प्रतिवर्ष भगवत आराधना मंदिर के महंत गोविंद दास महाराज के सानिध्य में आयोजित की जाती है। जिसका मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म, संस्कृति एवं परंपराओं का संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार करना है। यात्रा का प्रथम विश्राम स्थल रामशैया रहा, जहां से श्रद्धालु आगे बढ़कर भरतकूप मंदिर में रात्रि विश्राम के लिए पहुंचे। आगामी पड़ावों में बड़े देव हनुमान मंदिर, भीषमपुर एवं टिटहरा होते हुए यात्रा ओरन पहुंचेगी, जहां रात्रि विश्राम किया जाएगा। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा, जलपान एवं सेवा शिविरों का आयोजन कर यात्रा का स्वागत किया जा रहा है। वहीं प्रशासन द्वारा भी यात्रा के सुचारू संचालन एवं सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

# अपर एसपी ने साप्ताहिक परेड की ली सलामी



**जन एक्सप्रेस । बांदा**


अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी लेकर परेड का विस्तृत निरीक्षण किया गया।परेड के दौरान पुलिसकर्मियों की वेशभूषा,टर्नआउट, अनुशासन,शारीरिक दक्षता एवं एकरूपता का सूक्ष्म परीक्षण किया गया।अनुशासन एवं टीम भावना को और सुदृढ़ करने हेतु टोलीवार ड्रिल कराई गई तथा आवश्यक सुधार संबंधी निर्देश दिए गए।परेड उपरांत क्वार्टर गार्ड में सलामी लेकर गार्ड रूम एवं स्टोर रूम का गहन निरीक्षण किया गया।शस्त्रों,अभिलेखों,साफ-सफाई एवं रख-रखाव की स्थिति का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों,कर्मचारियों को अभिलेखों के समुचित संधारण एवं सुरक्षा मानकों के पालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।इसके पश्चात पुलिस लाइन का भ्रमण किया गया,जिसमें कैश कार्यालय,मेस,गडना कार्यालय,आरटीसी बैरक तथा पुलिस लाइन में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों का क्रमवार निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान कार्यों की प्रगति,गुणवत्ता,साफ-सफाई,संसाधनों के उचित उपयोग एवं समयबद्ध पूर्णता पर विशेष बल दिया गया तथा संबंधित को सुधारात्मक एवं अनुपालन हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।तत्पश्चात अर्दली रूम आयोजित कर पुलिस लाइन से संबंधित विभिन्न अभिलेखों/रजिस्टरों का परीक्षण किया गया। अभिलेखों के अद्यतन,नियमों के अनुरूप संधारण एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों से संवाद कर उनकी समस्याओं,आवश्यकताओं एवं सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई तथा यथासंभव त्वरित निस्तारण हेतु आश्वस्त किया गया।इस संपूर्ण निरीक्षण के दौरान प्रतिसार निरीक्षक वेलास यादव सहित अन्य संबंधित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## एस.आई.आर. के तहत प्राप्त दावें और आपत्तियों की उपलब्ध कराई गई सूची

**चित्रकूट।** जनपद के दोनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों 236 चित्रकूट एवं 237 मानिकपुर के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा राजनैतिक दलों के साथ बैठक कर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) कार्यक्रम के तहत प्राप्त दावे और आपत्तियों की साप्ताहिक सूची उपलब्ध करायी गयी और सहयोग प्रदान करने के लिए अनुरोध किया गया। बैठक में बताया गया कि उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा अर्हता तिथि एक जनवरी के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) कार्यक्रम के प्राप्त दावे और आपत्तियों की साप्ताहिक सूची प्रत्येक सोमवार को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने और और उनका सहयोग प्राप्त करने के निर्देश दिए गए है। इस दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) कार्यक्रम के तहत प्राप्त दावे और आपत्तियों

# किशोरी को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले युवक को पुलिस ने भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



थाना चिल्ला अन्तर्गत एक गांव निवासिनी 17 वर्षीय किशोरी को गांव के ही 20 वर्षीय हरिवंश लाल पुत्र इंद्रपाल को आज दोपहर 02¬10 पर थाना अध्यक्ष चिल्ला अर्पित पांडे के निर्देश पर चौकी इंचार्ज पपरेंदा रामू सिंह यादव व व कांस्टेबल नरेंद्र कुमार ने मुखबिर की सूचना पर आरोपित हरिवंश लाल के घर के पास पहुंचे वही देखते ही आरोपित भागने लगा वही चौकी प्रभारी ने कांस्टेबल नरेंद्र कुमार को ललकार लगाते हुए दौड़ाकर गिरफ्तार कर लिया और थाना ले आए वहीं लिखा कर न्यायालय भेजा गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया थाना अध्यक्ष जिला अर्पित पांडे ने बताया कि 17 वर्षीय किशोरी के पिता द्वारा अपनी बेटी को गांव के ही युवक हरिवंश लाल द्वारा परेशान किए जाने को लेकर तथा आत्महत्या के लिए उकसाने को लेकर घर के अंदर दरवाजा बंद कर कमरे के अंदर दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था और जब मां ने देखा तो आवाज दी और दिवंगत किशोरी के पिता ने थाना चिल्ला में सूचना दी है।वही सत्रह फरवरी को प्रार्थना पत्र मिलते ही अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। फोटो न0-6

# निर्माणाधीन बेतवा और यमुना पुल का काम छै महीने में पूरा कर लिया जाय: अजीत कुमार, कमिश्नर, बांदा

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम मीटिंग हाल में आयुक्त बांदा, अजीत कुमार की अध्यक्षता और जिलाधिकारी घनश्याम मीना की मौजूदगी में राजस्व के साथ ही विकास कार्यो की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान आयुक्त ने फार्मर रजिस्ट्री, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उर्वरक की मौजूदगी में वितरण, अमृत सरोवरों की प्रगति, डिजिटल लाइब्रेरी, पशुपालन सहित गौवंश संरक्षण, मत्स्य पट्टा आवंटन, केसीसी, जल जीवन मिशन, राशन वितरण, 10 बड़े निर्माण कार्यो की प्रगति, जल संरक्षण, सीएम युवा उद्यमी योजना, आयुष्मान गोल्डन कार्ड, पुष्टाहार वितरण, पेयजल आपूर्ति, सिंचाई, धान खरीद, विद्युत विभाग, बेसिक शिक्षा, एसआईआर की प्रगति, राजस्व मामलों के निस्तारण, पैमाइश, अंश निर्धारण, परवाना, वरासत के बारे में विस्तृत जानकारी ली गयी। इस मौके पर आयुक्त ने जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि फार्मर रजिस्ट्री के साथ ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण का कार्य 31 मार्च 2026 तक जरुरी तौर से पूरा करा दें। कार्य में तेजी लाते हुए यमुना एवं बेतवा पुल निर्माण का कार्य 6 महीने में पूरा कराना तय करें। सरकार की योजनाओं का फायदा सभी पात्र व्यक्तियों को जरूर मिलना चाहिये। राशन वितरण में किसी भी तरह की घटतौली और मिलावट की शिकायत न मिले। कोटेदारों की तरफ से राशन के साथ अतिरिक्त चीजें जबरदस्ती न दी जायें। एसआईआर का काम बिना किसी कमी के साथ ही वक्त पर पूरा किया जाये। इस काम में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें, वरना कार्यवाही होगी। बेसिक शिक्षा के तहत सभी प्राथमिक विद्यालयों में टीचर प्रोजेक्टर सहित स्मार्ट बोर्ड का इस्तेमाल कर शिक्षण कार्य सुगम व प्रभावी तौर से तय कराएं। भोजन पूरी साफ-सफाई के साथ बने और तय मीनू के अनुरूप उपलब्ध कराया जाए। विद्युत बिल उतना ही बनाया जाए जो जायज हो। कर्मचारी अनावश्यक तौर से लोगो को तंग न करें। ट्रॉसफार्मर खुले में न रहें, उन्हें सुरक्षित किया जाए। पुरानी विद्युत लाईनों को दुरूस्त कराया जाए। बोर्ड परीक्षाओं के केन्द्रों के कमरों में रौशनी के बराबर इंतिज़ाम होना चाहिये। वही जल जीवन मिशन के तहत हर गॉव में पेयजल की कोई परेशानी न रहे। जिले की सभी 331 गौशालाएं क्रियाशील रहें। छोटे-छोटे गौवंशों का खास ख्याल रखा जाये। गौशालाओं के केयर टेकर वक्त से काम करें। प्रत्येक गौशाला की विकास भवन स्थित कन्ट्रोल रूम से प्रभावी मॉनीटरिंग की जाए। जन आरोग्य योजना के तहत प्रत्येक पात्र व्यक्ति को आयुष्मान गोल्डन कार्ड दिला दिया जाए। इस दौरान आयुक्त ने जिले में मिशन जलोदय के तहत किये गये चन्द्रावल पुनरोद्धार कार्य की सराहना व्यक्त की गयी। इस दौरान सहायक विकास आयुक्त बॉदा, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सहित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

लखनऊ एक्सप्रेस
हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, बुधवार, 18 फरवरी, 2026





### तारिक रहमान बांग्लादेश के प्रधानमंत्री बने...

बांग्लादेश में बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने संसद भवन में तारिक को पीएम पद की शपथ दिलाई। इसके साथ ही 18 महीने से चल रही अंतरिम सरकार का कार्यकाल खत्म हो गया। तारिक रहमान पहली बार... पढ़ें पेज 12 पर...

# प्रौद्योगिकी से सशक्त एमएसएमई: योगी सरकार ने यूपी को बनाया डिजिटल औद्योगिक शक्ति केंद्र

- उद्यम सारथी और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से आसान हो रहा कारोबार
- एमएसएमई चैम्पियनशिप और तकनीकी उन्नयन से बढ़ी प्रतिस्पर्धा
- नई एमएसएमई नीति और प्लग एंड प्ले मॉडल से निवेश को गति



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को प्रौद्योगिकी से जोड़ने की दिशा में प्रदेश सरकार ने बहुस्तरीय पहल की गति तेज कर दी हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, तकनीकी उन्नयन और नीतिगत सुधारों के माध्यम से प्रदेश के 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयों को प्रतिस्पर्धी और बाजारोन्मुख बनाने का प्रयास किया गया है। योगी सरकार के इन क़दमों से उत्पादन क्षमता बढ़ी है और रोजगार सृजन को नई गति प्राप्त हुई है। डिजिटल अवसंरचना, नीतिगत सरलता और वित्तीय सहयोग के संयोजन ने प्रदेश को अग्रणी औद्योगिक केंद्र बनाने की आधारभूमि को तैयार करने का काम किया है। एमएसएमई सेक्टर की योजनाओं के लिए प्रदेश सरकार के बजट 2026-27 में 3,822 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं, जो वर्ष 2025-2026 की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है।

### ओडीओपी को मिला डिजिटल आयाम

वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना के अंतर्गत मार्केटिंग डेवलपमेंट, टूलकिट वितरण और प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विकसित किया गया है। इसके माध्यम से एससी-एसटी और ओबीसी वर्ग के कारीगरों को तकनीक आधारित कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पारंपरिक उत्पादों को ई-कॉमर्स और डिजिटल मार्केटिंग से जोड़ने से स्थानीय वस्तुओं की पहुंच राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक बढ़ी है।

### तकनीकी उन्नयन और प्रतिस्पर्धा में बढ़त

एमएसएमई चैम्पियनशिप इनीशिएटिव (चैंपियंस पोर्टल) के अंतर्गत चयनित इकाइयों को आधुनिक मशीनरी को अपनाने, गुणवत्ता सुधार और डिजिटल टूल्स के उपयोग के लिए तकनीकी सहायता दी जा रही है। इस पहल का उद्देश्य उत्पादन लागत को घटाकर प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को और विकसित करना है। लाखों इकाइयों को डिजिटल उन्नयन और विपणन सहयोग का लाभ मिल रहा है।

#### उद्यम सारथी और आरएएमपी का सहारा

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 24 जनवरी, 2021 को लॉन्च की गई उद्यम सारथी ऐप के जरिए डिजिटल रजिस्ट्रेशन, योजनाओं की जानकारी और संचालन मार्गदर्शन एक ही मंच पर उपलब्ध कराया गया है। इससे उद्यमियों की सरकारी योजनाओं और प्रोत्साहनों तक त्वरित पहुंच प्राप्त हो जाती है। प्रदेश में आरएएमपी (राइजिंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफार्मेंस) योजना विश्व बैंक समर्थित एक केंद्रीय पहल है, इसके अंतर्गत वित्तीय और तकनीकी समर्थन भी प्रदान किया जा रहा है, जिससे इकाइयों के विस्तार और आधुनिकीकरण को बल मिला है।

#### नीतिगत सरलता और त्वरित संचालन

वर्ष 2022 से लागू एमएसएमई नीति के माध्यम से प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है। प्लग एंड प्ले मॉडल से 72 घंटे में संचालन शुरू करने की सुविधा दी गई है। क्रेडिट प्रवाह में वृद्धि और पांच लाख रुपये तक बीमा कवरेज जैसी व्यवस्थाओं ने उद्यमियों को जोखिम प्रबंधन में सहूलियत प्रदान करने का काम किया है। इन उपायों से निवेश वातावरण मजबूत हुआ है।


#### बढ़ रहा है रोजगार और आर्थिक प्रभाव

प्रौद्योगिकी आधारित सुधारों का असर रोजगार सृजन पर भी पड़ा है। एमएसएमई क्षेत्र पहले से ही करोड़ों लोगों की आजीविका का आधार रहा है और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन से इसमें नए अवसर जुड़े हैं। ई-कॉमर्स और ऑनलाइन सप्लाई चेन से जुड़ने के कारण ग्रामीण और अर्धशहरी इकाइयों को व्यापक बाजार हासिल हुआ है।

# नॉट फॉर कंस्ट्रक्शन' सीमेंट से नकली कारोबार!

- डैमेज सीमेंट कूटकर बाजार में बेचने का आरोप, प्रशासन को सूचना के बाद भी कार्रवाई ठंडी
- जन एक्सप्रेस की पड़ताल में बड़ा खुलासा, बिल, गाड़ी नंबर और नेटवर्क पर उठे सवाल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ





राजधानी में जानलेवा निर्माण सामग्री के कथित काले कारोबार का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जन एक्सप्रेस की कड़ी पड़ताल में खुलासा हुआ है कि कानपुर की श्रीराम ट्रेडिंग कंपनी द्वारा लखनऊ की एक महिला सुनीता के नाम पर प्रिज्म ब्रांड का कथित डैमेज सीमेंट बेचा गया – जबकि बिल पर साफ लिखा है 'Not for sale / Construction use prohibited '। इसके बावजूद आरोप है कि वर्षों से इस सीमेंट को कूट-छानकर नामी कंपनियों की खाली बोरियों में भरकर बाजार में सप्लाई किया जा रहा है।

### 100 बोरी का बिल – 11 हजार रुपये का लेनदेन

मिली जानकारी के अनुसार यूपी-32 एसएक्स-2683 वाहन के माध्यम से 100 बोरी सीमेंट बेचा गया। प्रति बोरी 93.22 रुपये की दर और CGST/SGST 9-9 प्रतिशत जोड़कर करीब 11 हजार रुपये का बिल बनाया गया। यहीं से सवाल उठते हैं – जब बिल पर स्पष्ट चेतावनी है कि यह निर्माण के लिए नहीं है, तो इसकी बिक्री कैसे और क्यों की गई?

### नकली सीमेंट का नेटवर्क?

सूत्रों के मुताबिक सुनीता पर आरोप है कि डैमेज सीमेंट को कूटकर छन्नी से साफ कर महंगी कंपनियों की खाली बोरियों में भरकर बाजार में बेचा जाता रहा है। इस कथित कारोबार से उसने मकान और वाहन तक बना लिए – और इस नेटवर्क में कई अन्य नामों के जुड़े होने की चर्चा भी सामने आ रही है।

### 20 घंटे की पड़ताल

जन एक्सप्रेस ने खुलासे से पहले करीब 20 घंटे तक निगरानी की। बीती रात 12 बजे तक कथित डैमेज सीमेंट UP-32 ZN-0921 पिकअप में लोड मिला, जो दोपहर तक रास्ते में खड़ा रहा। इस दौरान डीएम, डीएसओ और जीएसटी विभाग को सूचना दी गई – लेकिन कहीं से त्वरित कार्रवाई का आश्वासन नहीं मिला। पारा थाने के सीयूजी नंबर पर सूचना देने की कोशिश की गई, लेकिन फोन काट दिए जाने का आरोप है। इसके बाद 112 पर कॉल करने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

### बिल और गाड़ी नंबर में गड़बड़ी

पुलिस के पहुंचने पर पहले बिल देने में टालमटोल की गई, फिर करीब आधे घंटे बाद बिल दिया गया। बताया जा रहा है कि बिल में दर्ज वाहन नंबर और मौके पर खड़े वाहन का नंबर अलग पाया गया। पूछताछ में जवाब दिया गया कि वाहन पंचर हो गया था जिससे मामला और संदिग्ध हो गया।

#### कानूनी सवाल

विशेषज्ञों के अनुसार निर्माण के लिए अनुपयुक्त घोषित सामग्री को बाजार में बेचना:

- उपभोक्ता संरक्षण कानून
- भारतीय दंड संहिता (धोखाधड़ी / जान जोखिम में डालना)के तहत गंभीर अपराध की श्रेणी में आ सकता है।

#### सबसे बड़ा सवाल

क्या लोगों की जान से खिलवाड़ करने वाले इस कारोबार पर कार्रवाई होगी?

#### जिम्मेदार विभाग कब जागेंगे?

- डैमेज सीमेंट की सप्लाई चेन में कौन-कौन शामिल है?
- जन एक्सप्रेस इस पूरे मामले की परत-दर-परत जांच जारी रखे हुए है – और हर अपडेट पाठकों तक पहुंचाता रहेगा।

# डग्गामार वाहन रोडवेज को पहुंचा रहे नुकसान



- पुलिस एवं परिवहन विभाग की अनदेखी के चलते यात्रियों की जान जोखिम में डाल रहे डग्गामार वाहन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले में परिवहन विभाग और पुलिस को मुंह चिढ़ाते हुए डग्गामार वाहन धड़ल्ले से शहर से गांव तक दौड़ रहे हैं। डग्गामार वाहन यात्रियों को लटकाकर चल रहे हैं। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। सीतापुर जिले के सिधौली कस्बे से सीतापुर रोड पर स्थित लखनऊ पुरनिया चौराहे डग्गामार वाहन संचालित होते है। जो यात्रियों को गाड़ी में भूसे की तरह भरकर व लटकाकर यात्रा कराते है। इन मार्गो पर सैकड़ों की संख्या में टाटा मैजिक, टेंपो आदि शामिल हैं। सिधौली से लेकर पुरनिया चौराहे तक कई थाने व चौकी भी पड़ती है। लेकिन किसी की नजर इन डग्गामार वाहनों पर नहीं पड़ती है। जिसका नतीजा यह है कि यह डग्गामार वाहन संचालक थानों के सामने से ठूंसकर भरी सवारियों को लेकर रोजाना यह वाहन गुजरते हैं। लेकिन पुलिस सब कुछ देखते हुए भी धृतराष्ट्र बनी हुई है। इतना ही नहीं यह डग्गामार वाहन रोडवेज को भी खूब चपत लगा रहे हैं। रोडवेज के रूटों पर यह सवारियां ढो रहे हैं। खासतौर पर सीतापुर रोड पर डग्गामार गाड़ियां खूब दौड़ रहीं हैं। इससे रोडवेज और परमिट धारियों को तो लाखों की चपत लग ही रही है। साथ ही यात्रियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यात्री इनका वीडियो बनाकर भी शिकायत करते हैं, लेकिन संबंधित विभाग इन पर कार्रवाई नहीं करते हैं। वहीं सिधौली, अटरिया, इटौंजा, बीकेटी,सैरपुर, मड़ियांव इन सभी थानों से होकर गुजरते हैं डग्गामार वाहन, लेकिन पुलिस कोई कार्यवाही नहीं करती है। यात्रियों की जान जोखिम में डालकर डग्गामार वाहन परिवहन विभाग को चुना लगा रहे हैं।

#### यात्रियों से भी करते हैं अराजकता

सूत्रों की माने तो,सिधौली से पुरनिया चौराहे तक चलने वाले डग्गामार वाहन एक तरफ परिवहन विभाग को तो चपत लगा ही रहे हैं। वहीं ड्राइवर इन वाहनों में सफर करने वाले यात्रियों से अधिक किराया वसूलने के साथ ही उनके साथ अभद्रता भी करते हैं। कई यात्रियों द्वारा भी ऐसे वाहनों पर अंकुश लगवाए जाने की मांग कई बार की जा चुकी है, लेकिन नतीजा सिफर रहता है।

#### इन विभागों पर है डग्गामार वाहनों पर रोक लगाने का जिम्मा

डग्गामार वाहनों पर अंकुश लगाने का जिम्मा संभागीय परिवहन विभाग, परिवहन निगम, पुलिस और प्रशासन का है। चारों विभागों को डग्गामार वाहनों को बंद कराना चाहिए, लेकिन शायद ही कभी कोई कार्रवाई की गई हो। कार्रवाई न होने से डग्गामार वाहन चालकों के हौंसले बुलंद है।

# कनार गांव में शिव मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर उमड़ा आस्था का सैलाब, भगवान जगन्नाथ की मूर्ति स्थापित



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ मलिहाबाद तहसील के अंतर्गत कनार गांव में मंगलवार को भक्ति और उत्साह का एक अलौकिक संगम देखने को मिला। अवसर था गांव के भव्य शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ का, जिसे क्षेत्रवासियों ने बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया।

### जयकारों के साथ विराजे भगवान जगन्नाथ

इस विशेष अवसर पर उत्सव की खुशी दोगुनी हो गई जब मंदिर परिसर में भगवान जगन्नाथ की मूर्ति की विधि-विधान से स्थापना की गई। डोल-बाजे, शंखध्वनि और 'जय जगन्नाथ' व 'हर-हर महादेव' के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु झूमते-गाते भगवान को उनके नए विग्रह में स्थापित करने के साक्षी बने। इस धार्मिक अनुष्ठान का सफल संचालन क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों– नवल किशोर पांडे, कमल किशोर पांडे, राजेश कुमार द्विवेदी, रमाकांत पांडे, उमाकांत पांडे और अभिषेक द्विवेदी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनने के लिए भारी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण और दूर-दराज से आए श्रद्धालु कनार गांव पहुंचे।

### विशाल भंडारे में हजारों ने ग्रहण किया प्रसाद

स्थापना और वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से शुरू हुए इस भंडारे में हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने लाइन में लगकर प्रसाद ग्रहण किया और महादेव व भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। ग्रामीणों के अनुसार, इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र में एकता और अटूट आस्था का संदेश दिया है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान कार्यशाला का आयोजन संपन्न

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी लखनऊ जिले की कार्यशाला का आयोजन बख्शी का तालाब स्थित श्रीपति लॉन में किया गया। वही कार्यशाला की अध्यक्षता लखनऊ भाजपा जिला अध्यक्ष विजय मौर्य द्वारा की गई, कार्यशाला का शुभारंभ वंदे मातरम गीत के साथ हुआ, उसके बाद मुख्य अतिथि ने उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते कार्यशाला में प्रशिक्षण से संबंधित विभिन्न विषयों पर बोलते हुए कहा कि 7 मार्च से 13 अप्रैल के बीच मंडलों की प्रशिक्षण कार्यशालाएं होगी।

# छेड़छाड़ मामले का वारंटी दबोचा

- न्यायालय के एनबीडब्ल्यू पर हसनगंज पुलिस की कार्रवाई, घर से गिरफ्तारी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



न्यायालय से जारी गैर-जमानती वारंट के अनुपालन में हसनगंज थाना पुलिस ने छेड़छाड़ के मामले में वांछित चल रहे एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर उसे उसके घर से पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार जेएम प्रथम न्यायालय द्वारा जारी एनबीडब्ल्यू के तहत वर्ष 2013 में दर्ज मुकदमे (धारा 354(ख) भादवि) में वांछित मनोज लोध (38) निवासी रूपपुर खदरा को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। वह लंबे समय से वारंट पर चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने विधिक औपचारिकताएं पूरी कर अभियुक्त को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक चितवन कुमार व उपनिरीक्षक निसार अहमद की टीम ने की। पुलिस का कहना है कि वारंटियों की गिरफ्तारी का अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी वांछित को बख्शा नहीं जाएगा।

# लखनऊ में खूनी इश्क, लव मैरिज से नाराज ससुर और सालों ने विदाई के बहाने बुलाकर दामाद को उतारा मौत के घाट

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ कमिश्नरेट के काकोरी इलाके में दो साल पहले अपनी मर्जी से विवाह करने वाले एक युवक को उसकी ससुराल में ही मौत के घाट उतार दिया गया। आरोप है कि प्रेम विवाह से नाराज ससुर और सालों ने साजिश रचकर युवक को पत्नी की विदाई के बहाने पीलीभीत से लखनऊ बुलाया और फिर सुनसान जगह पर ले जाकर उसके सीने और पेट में ताबड़तोड़ चाकू घोंप दिए। चीख-पुकार सुनकर जब युवक का भाई बचाने दौड़ा, तो हमलावरों ने उसे भी लहूलुहान कर दिया। 24 वर्षीय रामसागर की अस्पताल पहुँचने से पहले ही मौत हो गई इलाके में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। मृतक रामसागर पीलीभीत के माधव टांडा का रहने वाला था। उसने दिसंबर 2024 में लालता खेड़ा की कामिनी से प्रेम विवाह किया था। दोनों ने घर से भागकर मंदिर में शादी की और बाद में कोर्ट मैरिज भी कर ली। कामिनी के परिजन पीलीभीत पहुँचे और रीति-रिवाज से दोबारा शादी कराने का झांसा देकर कामिनी को अपने साथ लालता खेड़ा ले आए। यहाँ लाने के बाद उन्होंने कामिनी को बंधक जैसा बना लिया और उसकी दूसरी शादी तय करने लगे।

### विदाई के बहाने बुलाया और कर दी हत्या

16 फरवरी को ससुर भीमा और सालों ने रामसागर को फोन कर विदाई की बात करने के लिए बुलाया। रामसागर अपने भाई राहुल के साथ ससुराल पहुँचा। वहां ससुर भीमा, साले सुमित, अमित और मौसेरा भाई पंकज उसे बात करने के बहाने गांव के बाहर ले गए।आरोपियों ने रामसागर पर रिश्ता खत्म करने का दबाव बनाया। विरोध करने पर उन्होंने बेरहमी से पिटाई शुरू कर दी। इसी बीच साले सुमित ने रामसागर के सीने और पेट में चाकू से कई वार किए। बीच-बचाव करने आए भाई राहुल को भी आरोपियों ने पीटकर घायल कर दिया।

#### अस्पताल पहुँचने से पहले थमी सांसें

गंभीर रूप से जख्मी रामसागर को सरोजनीनगर सीएचसी ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गांव में भारी भीड़ जुट गई और तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। इंस्पेक्टर काकोरी सतीश चंद्र राठौर ने बताया मुख्य आरोपी ससुर भीमा, साले सुमित, अमित और पंकज ने विदाई के बहाने बुलकार कर दी हत्या की संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। फॉरेंसिक टीम ने मौके से सबूत जुटाए हैं और मामले की गहनता से जांच की जा रही है। तक व उसकी पत्नी जिससे प्रेम विवाह किया था

# मड़ियांव पुलिस ने अंतरजनपदी वाहन शातिर चोर किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट की मड़ियांव पुलिस ने शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी का दो डाला छोटा हाथी व छह मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। आरोपी अलग अलग थानाक्षेत्रों से बाइक चुराकर हरदोई ले जाकर बेच देता था। वही इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि सोमवार मंगलवार की रात पुलिस गश्त कर रही थी, इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि चारपहिया व दोपहिया वाहन चोरी करने वाला एक युवक यादव चौराहे से हरदोई रोड की तरफ जाने वाली सड़क पर चोरी के गाड़ियों के साथ मौजूद है। सूचना पर टीम ने पुलिस बल को मौके पर बुलाया और घेराबंदी की। मुखबिर के इशारे पर सड़क किनारे तिरपाल से ढके खड़े एक डाले को घेरा गया। पुलिस को आता देख उसमें बैठा युवक भागने लगा, लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान हरदोई निवासी अजीत शुक्ला उर्फ सुंदरम शुक्ला के रुप में हुई,मौजूदा समय में फैजुल्लागंज लखनऊ रहता है। तलाशी में उसके पास से मोबाइल, आधार कार्ड और नकदी बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने एक और डाला चोरी करने की बात कबूली। जो फैजुल्लागंज से घैला रोड की तरफ खड़ा मिला। जांच में वह वाहन (यूपी32एफ एन 5957) गाजीपुर क्षेत्र से चोरी करना पाया गया। आरोपी राहगीरों की मदद से चोरी की बाइकों को डाले में लदवाता था, ताकि किसी को शक न हो। पुलिस का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है और जल्द ही और खुलासे होने की संभावना है।

# लिव-इन पार्टनर ने प्रेग्नेंट होने पर कराया जबरन गर्भपात, शादी के बाद मांगा 5 लाख दहेज, चेहरा तेजाब से जलाने की धमकी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ। लखनऊ आशियाना इलाके में एक युवती ने अपने पति पर लिव-इन के दौरान जबरन गर्भपात कराने और शादी के बाद 5 लाख रुपये दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का दावा है कि मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने उसका चेहरा तेजाब से जलाने की धमकी देकर उसे घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### इंस्टाग्राम से शुरू हुआ था खूनी खेल

पीड़िता के अनुसार, ठीक तीन साल पहले यानी 17 फरवरी 2023 को उसकी मुलाकात इंस्टाग्राम के जरिए बांदा निवासी शिव हनुमान पटेल से हुई थी। आरोपी शिव लखनऊ आया और शादी का झांसा देकर पीड़िता के साथ लेखराज मार्केट के पास करीब डेढ़ साल तक लिव-इन में रहा। इस दौरान जब महिला प्रेग्नेंट हुई, तो शिव ने शादी करने के बजाय उसकी पिटाई की और जबरन कोई दवा खिला दी। बेहोश होने के बाद महिला का गर्भपात हो गया और आरोपी उसे छोड़कर फरार हो गया। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर पति शिव हनुमान पटेल, ससुर, सास और ननद के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जबरन गर्भपात और दहेज प्रताड़ना के साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

#### पुलिस के दबाव में की शादी, दहेज की मांग और तेजाब की धमकी

शिव के भागने के बाद पीड़िता ने बांदा के बिसंडा थाने में शिकायत की। पुलिस का दबाव बढ़ते देख शिव ने पहले मंदिर और फिर कोर्ट मैरिज की। लेकिन यह शादी महिला के लिए और बड़ी मुसीबत बन गई। महिला का आरोप है कि शादी के बाद ससुराल वालों का असली चेहरा सामने आया। पति, सास, ससुर और ननद ने मिलकर 5 लाख रुपये नकद, एसी, फ्रिज और गहनों की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर महिला को एक अलग कमरे में बंद कर प्रताड़ित किया जाने लगा।जब महिला ने विरोध किया, तो ससुराल वालों ने उसका चेहरा तेजाब से जलाने की धमकी दी और उसे घर से निकाल कर मायके भेज दिया।

# एटीएस अफसर बन दंपती को 12 दिनों तक किया डिजिटल अरेस्ट, 90 लाख की ठगी करने वाले गिरोह के 3 सदस्य गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजधानी में जालसाजों ने एटीएस अधिकारी बनकर एक बुजुर्ग दंपती को 12 दिनों तक खौफ के साये में रखा और उनसे 90 लाख रुपये वसूल लिए। शातिर ठगों ने आलमबाग निवासी दंपती को आतंकवाद और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे गंभीर मामलों में फंसने का डर दिखाया और सुप्रीम कोर्ट के फर्जी वारंट भेजकर उन्हें घर के भीतर ही कैद रहने पर मजबूर कर दिया। इस हाई-टेक डकैती का खुलासा करते हुए लखनऊ पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अंतरराज्यीय गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला है कि यह गिरोह महज 3 प्रतिशत कमीशन के लालच में साइबर अपराधियों को बैंक खाते और डेबिट कार्ड उपलब्ध कराता था। पकड़े गए आरोपियों के खातों में करोड़ों रुपये के संदिग्ध लेन-देन मिले हैं, जिनके तार देश के कई अन्य राज्यों से भी जुड़े हुए हैं।

### एटीएस इंस्पेक्टर और सुप्रीम कोर्ट का फर्जी डर

डीसीपी क्राइम कमलेश दीक्षित के अनुसार, ठगी की शुरुआत 26 जनवरी को हुई कॉल करने वाले ने खुद को एटीएस इंस्पेक्टर रंजीत कुमार बताया। दंपती को डराया गया कि उनके नाम पर आतंकवाद और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले दर्ज हैं।सिग्नल ऐप डाउनलोड कराकर दंपती को वीडियो कॉल के जरिए 12 दिनों तक निगरानी डिजिटल अरेस्ट में रखा गया। उन्हें विश्वास दिलाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के जाली आदेश और सीजर मेमो दिखाए गए। गिरफ्तारी से बचने के नाम पर 29 जनवरी से 9 फरवरी के बीच दंपती से 90 लाख रुपये आरटीजीएस के जरिए अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करा लिए गए।

### 3% कमीशन का काला कारोबार

खुलासा करते हुए डीसीपी क्राइम कमलेश दीक्षित ने बताया पुलिस की साइबर टीम ने जांच के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो ठगी के पैसे खपाने के लिए बैंक खाते उपलब्ध कराते थे मयंक श्रीवास्तव निवासी गोरखपुर आर्थिक तंगी के चलते गिरोह में शामिल हुआ। इसके खाते में एक ही दिन में 1.06 करोड़ रुपये आए थे। इरशाद निवासी गाजियाबादयह 3% कमीशन पर खाते जुटाने और खाताधारकों को फंसाने का काम करता था। मनीष उर्फ आकाश निवासी दिल्ली यह भी कमीशन पर काम करता था और चेकबुक व डेबिट कार्ड अपने पास रखता था। पूछताछ में पता चला कि इस गिरोह का नेटवर्क दिल्ली और नोएडा के होटलों से संचालित हो रहा था। आरोपी मयंक को दिल्ली के पहाड़गंज स्थित एक होटल में ठहराया गया था और उसका मोबाइल पासवर्ड लेकर करोड़ों का लेन-देन किया गया। गिरोह के मुख्य सरगना जीतू और अन्य सदस्यों की तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं।

#### नेशनल पोर्टल पर खुली पोल

जब पुलिस ने मुख्य खाते की जांच एनसीसीआरपी पोर्टल पर की, तो पता चला कि इसी गिरोह के खिलाफ तमिलनाडु समेत कई अन्य राज्यों में भी ठगी की शिकायतें दर्ज हैं। अकेले 9 फरवरी को मयंक के खाते में 1.06 करोड़ रुपये से अधिक की रकम जमा हुई थी।

# 85 परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड परीक्षाएं आज से शुरू,48,333 छात्र- छात्राएं होंगे शामिल

जन एक्सप्रेस | अमेठी




जनपद में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं आज बुधवार से प्रारंभ हो रही हैं। इस वर्ष जनपद के 85 परीक्षा केंद्रों पर कुल 48,333 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हो रहे हैं।परीक्षा को नकलविहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं।परीक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पूरे जिले को 4 जोन और 13 सेक्टर में विभाजित किया गया है। प्रत्येक जोन व सेक्टर में मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं,जो परीक्षा केंद्रों की सतत निगरानी करेंगे।जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित जीजीआईसी में केंद्रीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है,जिसे राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम से भी जोड़ा गया है।सभी परीक्षा केंद्रों को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया है।कंट्रोल रूम से लाइव मॉनिटरिंग की जाएगी,ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर तत्काल कार्रवाई हो सके।संवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।छात्र-छात्राओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए केंद्रों पर स्वच्छ पेयजल,अलग-अलग शौचालय, मेडिकल टीम और निर्बाध बिजली आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।परीक्षार्थियों को समय से केंद्र पर पहुंचने और प्रवेश पत्र साथ लाने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि परीक्षा को निष्पक्ष और सकुशल संपन्न कराना प्राथमिकता है।उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।प्रशासन ने अभिभावकों से भी सहयोग की अपील की है,ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

## चोरी गैंग पर पुलिस का शिकंजा! बैटरी-बाइक चोरी का खुलासा, 3 शातिर गिरफ्तार, एक बाल अपचारी पकड़ा

**रायबरेली।** थाना मिल एरिया पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी की मोटरसाइकिल व दो बैटरियों के साथ 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। वहीं एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर किशोर न्यायिक बोर्ड के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में इबरार अली उर्फ बहिरू का लंबा आपराधिक इतिहास सामने आया है। पुलिस ने चोरी की अपाचे बाइक व ट्रक की बैटरियां बरामद कर दो अलग-अलग थानों की चोरी की घटनाओं का सफल खुलासा किया। एसपी के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई से चोर गिरोहों में हड़कंप मच गया है।

# गोपालपुर मार्ग बदहाल, आए दिन राहगीर चोटिल

जन एक्सप्रेस | तिलोई, अमेठी



तिलोई तहसील क्षेत्र के गोपालपुर मार्ग की स्थिति इन दिनों बेहद खराब हो चुकी है।लगभग एक किलोमीटर लंबी यह सड़क जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो गई है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।आए दिन लोग फिसलकर गिर रहे हैं और दुर्घटनाएं हो रही हैं।यह मार्ग महेशपुर कैथा,गोपालपुर,धीरापुर, तिगोड़ी,मीरगंज और विद्याधर समेत कई गांवों को जोड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि इसी रास्ते से स्कूली बच्चे,किसान और मरीजों का आवागमन होता है,लेकिन सड़क की बदहाली के कारण लोगों को जोखिम उठाकर गुजरना पड़ रहा है।बरसात के समय हालात और भी खराब हो जाते हैं,जब गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क और खतरनाक हो जाती है।स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार कई बार संबंधित विभाग और जन प्रतिनिधियों से शिकायत की गई,लेकिन अब तक मरम्मत कार्य शुरू नहीं हो सका है।ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र सड़क निर्माण कराने की मांग की है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो बड़ा हादसा हो सकता है।लोगों ने चेतावनी दी है कि समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

# जनगणना की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनगणना-2027 की तैयारियों के संबंध में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योति राय की उपस्थित में आयोजित की गई। बैठक में उत्तर प्रदेश के जिला प्रभारी महेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा जनगणना-2027 की विस्तृत कार्ययोजना एवं क्रियान्वयन प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

बैठक में अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश राज्य में जनगणना-2027 का प्रथम चरण 22 मई से 20 जून 2026 तक प्रस्तावित है। इस बार प्रथम डिजिटल जनगणना के तहत नागरिकों को 07 मई से 21 मई 2026 तक स्व-गणना (स्द्गद्यद्ध श्ठ्ठह्वद्वद्गह्म्ड्डह्लद्बश्ठ्ठ) करने की सुविधा प्रदान की जाएगी, जिसके माध्यम से नागरिक अपनी जानकारी स्वयं ऑनलाइन भर सकेंगे। इसके अतिरिक्त निर्धारित अवधि में प्रगणक घर-घर जाकर मोबाइल ऐप के माध्यम से जनगणना संबंधी डाटा संकलित करेंगे।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) द्वारा निर्देशित किया गया कि जनगणना-2027 के लिए निर्धारित सभी मानकों एवं शासन के दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। सभी विभागाध्यक्षों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए सक्रिय सहयोग प्रदान करने तथा निर्धारित समय सारिणी के अनुसार कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि जनगणना के दौरान आने वाले प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी प्रदान कर इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में सहभागी बनें। बैठक के दौरान जनगणना निदेशालय, उत्तर प्रदेश के जिला प्रभारी श्री महेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा जनगणना-2027 की विस्तृत कार्ययोजना एवं क्रियान्वयन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार, समस्त अधिशासी अधिकारी सहित जनपद के अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष व नगर पालिका चेयरमैन सहित कई कांग्रेसी नेता हाउस अरेस्ट, पुलिस ने लखनऊ जाने से रोका

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी और मनरेगा के मुद्दे पर सरकार को घेरने की रणनीति बना रही कांग्रेस को रायबरेली में बड़ा झटका लगा है. लखनऊ में विधानसभा घेराव के लिए निकलने से पहले ही भदोखर पुलिस ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष को उनके आवास पर नजरबंद कर दिया. इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली. आपको बता दें कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने मनरेगा का नाम बदलने के प्रस्ताव और प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी के विरोध में लखनऊ कूच का आह्वान किया था. जैसे ही पुलिस को इसकी भनक लगी, सुबह-सुबह उनके आवास को छावनी में तब्दील कर दिया गया. पुलिस ने एहतियातन कार्रवाई (हाउस अरेस्ट) करते हुए उन्हें घर से बाहर निकलने से रोक दिया. जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि सरकार जनता की आवाज दबाना चाहती है। मनरेगा का नाम बदलना और युवाओं को रोजगार न देना गंभीर मुद्दा है. हम डरने वाले नहीं हैं. इसी तरह नगर पालिका चेयरमैन शत्रोहन सोनकर को भी शहर कोतवाली पुलिस ने उनके आवास पर नजरबंद कर दिया।

# टीबी उन्मूलन: अडानी फाउंडेशन ने 20 रोगियों को लिया गोद,पोषण एवं जागरूकता पर जोर

जन एक्सप्रेस | अमेठी



राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को सीएचसी फुरसतगंज में टीबी रोगियों को गोद लेने हेतु एक कार्यक्रम आयोजित किया गया,जिसके तहत अडानी फाउंडेशन द्वारा 20 टीबी रोगियों को गोद लिया गया।पोषण पोटली में चना,मूंगफली,गुड़ आदि खाद्य सामग्री दी गई।सीएचसी अधीक्षक डॉ.अभिषेक शुक्ला ने उपस्थित लोगों को टीबी के लक्षणों एवं बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने कहा कि अपने आसपास के लोगों को टीबी के लक्षणों एवं उपचार के बारे में जागरूक करें।नियमित रूप से दवाओं का सेवन तथा पौष्टिक आहार लेने से टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है।साथ ही टीबी की जांच एवं उपचार सभी सरकारी स्वास्थ्यकेंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध है।इस अवसर पर सीएचसीअधीक्षक ने उपस्थित लोगों ने टीबी के साथ साथ मच्छरजनित रोगों जसिएय डेंगू,मलेरिया और फ़ाइलेरिया से बचाव के बारे में भी बताया।उन्होंने कहा कि इन सभी बिमारियों से बचाव के लिए जरूरी है कि घर में यह घर के आस-पास साफ सफाई रखें,मच्छर न पनपने दें।फ़ाइलेरिया तो लाइलाज बीमारी है।इसलिए मच्छरों के काटने से बचें।सभी डेंगू मलेरिया और फ़ाइलेरिया की जाँच और इलाज स्वास्थ्य केन्द्रों पर निशुल्क है।इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा फ़ाइलेरियापीड़ितों को बीमारी के प्रबन्धन और फ़ाइलेरिया प्रभावित अंगों की देखभाल के लिए रुग्णता प्रबन्धन और दिव्यान्गता उपचार एमएम डीपीका प्रशिक्षण और किट निःशुल्क दी जाती है 7इस अवसर पर वरिष्ठ क्षय रोग पर्यवेक्षक अजय प्रताप सिंह,टीबी मरीज सहित सीएचसी के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.अंशुमान सिंह ने बताया कि टीबी रोगियों को गोद लेने की यह पहल प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान का हिस्सा है।वर्तमान में जनपद में 327 निक्षय मित्रों द्वारा 2906 टीबी रोगियों को गोद लिया गया है।निक्षय मित्रों द्वारा टीबी रोगियों को उपचार के दौरान पोषणात्मक,मनोवैज्ञानिक अथवा अन्य आवश्यक सहयोग प्रदान किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति,संस्था,शैक्षणिक या औद्योगिक संस्थान टीबी रोगियों को गोद लेकर टीबी उन्मूलन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकते हैं। अडानी फाउंडेशन द्वारा जनवरी माह से अब तक 810 टीबी रोगियों को गोद लिया जा चुका है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने लोगों से अपील की कि अधिक से अधिक व्यक्ति एवं संस्थाएं आगे आकर टीबी रोगियों को गोद लें।तथा उन्हें भावनात्मक एवं पोषणात्मक सहयोग प्रदान कर टीबी मुक्त जनपद बनाने में अपना योगदान दें।

# महाराजगंज तराई में आयोजित हुआ किसान गोष्ठी व मेला





जन एक्सप्रेस | महराजगंज तराई

तुलसीपुर विकासखंड के कौवापुर में किसान सूचना तंत्र के सुदृढीकरण योजना के अंतर्गत किसान गोष्ठी व मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड अधिकारी सुनील कुमार आर्य व समाजसेवी अन्नू श्रीवास्तव ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित करके किया। किसानों को सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मंगलवार को कौवापुर में आयोजित कृषि सूचना यंत्र गोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीडीओ सुनील कुमार आर्य ने कहा कि निश्चित तौर पर भारत किसानों और खेत, खलिहानों का देश है। देश को अपने अन्नदाताओं पर गर्व है। तो इन कृषक साथियों पर भी महती जिम्मेदारी है कि वे नवीन तकनीकियों और ज्ञान को प्राप्त कर कृषि कम करें। उनके पारंपरिक और अघतन दोनों तरह के ज्ञान का सामंजस स्थापित करना होगा। उन्होंने सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया कि सरकार प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना व फार्मर रजिस्ट्रारी व फसल बीमा योजना चलाकर किसानों को लाभ दे रही है। जिसका किस भी भरपूर फायदा उठाएं। समाजसेवी अन्नू श्रीवास्तव ने बताया की किसानों को जागरुक होकर सरकार के सभी योजनाओं का शिद्दत के साथ लाभ हासिल करना चाहिए। एडीओ एजी विनोद कुमार ने जापद फसल के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। गोदाम प्रभारी रंजीत कुमार ने कहा कि खेती हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ है। मृदा स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए इसका प्रयोग अत्यंत लाभकारी है नैनो यूरिया व डीएपी का प्रयोग सभी किसान अवश्य करें। जिससे फसल के गुणवत्ता में सुधार होता है। अच्छी फसल उपजती है। इस मौके पर राजेश कुमार वर्मा संतोष तिवारी संतोष यादव रमेश कुमार वर्मा हरीश जायसवाल कृषकांत प्रीति शाहिद तमाम किसान मौजूद रहे।

## संशिक्षा अकादमी, रायबरेली - जेईई मेन जनवरी 2026 में ऐतिहासिक सफलता

जनवरी 2026 में आयोजित जेईई मेन परीक्षा में *संशिक्षा अकादमी, रायबरेली* के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रयास में तीन विद्यार्थियों ने 99 से अधिक परसेंटाइल प्राप्त किए—संस्कार अग्रहरी (99.37 परसेंटाइल), अक्षत (99.07 परसेंटाइल) तथा कृष्णा यादव (99.02 परसेंटाइल)। इसके अतिरिक्त 25 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 से ऊपर परसेंटाइल हासिल किए, जिनमें आर्यन सिंह चौहान (98.54), आयुष सिंह चौहान (98.35), पारस संतनानी (98.04), अरीन चौरसिया (96 परसेंटाइल), अर्पण यादव (94.4), ईशांत (92), अर्जुन (92.68), दिव्या सिंह, जानवी सहित अन्य छात्र शामिल हैं। विशेष गर्व की बात यह है कि संस्कार अग्रहरी, जो डीह क्षेत्र से संबंध रखते हैं, एक साधारण परिवार से आते हैं। उनके पिता की एक छोटी सी चाट की दुकान है।

# दबंगई के बल पर खतौनी की जमीन पर किया जा रहा है अवैध कब्जा

जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर



जनपद के अकबरपुर तहसील अंतर्गत सैदापुर चौराहे पर पुलिस चौकी के बगल स्थित वेशकीमती खतौनी की जमीन पर दबंगई के बल पर जबरन कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित का विजय कुमार का आरोप है कि विपक्षी द्वारा बाहरी लोगों को बुलाकर जबरन अवैध कब्जा कराया जा रहा है, जिसमें एक पूर्व प्रधान की भी संलिप्तता बताई जा रही है। मौके पर पुलिस के नरम रुख के चलते तनाव की स्थिति बनी हुई है।

सैदापुर ग्राम पंचायत निवासी विजय कुमार ने बताया कि उनकी खतौनी की जमीन रोशनगढ़ ग्राम पंचायत में स्थित है, जिसका गाटा संख्या 1889 है और यह जलालपुर रोड पर स्थित है। जबकि विपक्षी सिराजुद्दीन का गाटा संख्या 1869 सिकंदरपुर रोड पर स्थित है, जो विजय कुमार व अन्य की जमीन के पीछे पड़ता है। इसके बावजूद आरोप है कि विपक्षी अपने रसूख का इस्तेमाल कर सड़क किनारे स्थित उनकी कीमती जमीन पर जबरन कब्जा कर रहा है।

पीड़ित के अनुसार, उन्होंने पूर्व में उप जिलाधिकारी के समक्ष जमीन की पैमाइश के लिए प्रार्थना पत्र दिया था, जिस पर लेखपाल द्वारा मौके पर पैमाइश की गई और उसका इस्पाट मेमो भी उनके पास मौजूद है। इसके बावजूद राजस्व विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

विजय कुमार का कहना है कि उक्त भूमि उनके और उनके भाइयों के स्वामित्व में विधिवत दर्ज है और बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया के कब्जा किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय प्रशासन और पुलिस को सूचना देने के बाद भी कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध कब्जा तत्काल रोकने की मांग की है।

इस संबंध में अकबरपुर तहसीलदार संतोष कुमार ने बताया कि मामला खतौनी की विवादित जमीन से जुड़ा है। राजस्व लेखपाल को मौके पर जांच के लिए भेजा गया है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सम्मान समारोह में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के मेधावियों को किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता ÷प्रयास एवं पराक्रम÷ के अंतर्गत मंगलवार को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 17 फरवरी को महाविद्यालय के हॉकी फील्ड स्थित मैदान पर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता ÷प्रयास एवं पराक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंध सचिव ( रिटायर्ड ) कर्नल संजीव कुमार वार्ष्णेय ने की तथा आयोजन प्राचार्य प्रोफेसर जे. पी. पांडेय के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लाल बहादुर शास्त्री पी.जी. कॉलेज, गोंडा के प्रोफेसर एन के श्रीनिवास राव व प्रोफेसर संदीप कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में खेलों को व्यक्तित्व निर्माण, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए विद्यार्थियों को निरंतर प्रयास और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रबंध सचिव रिटायर्ड कर्नल संजीव कुमार वार्ष्णेय ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं में टीम भावना, साहस और आत्मविश्वास का संचार करती हैं। प्राचार्य प्रो. जे. पी. पांडेय ने विद्यार्थियों को जीवन में 'प्रयास' और 'पराक्रम' को अपनाकर सफलता की ओर अग्रसर होने का संदेश दिया तथा खेल विभाग के सफल आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर 11 से 14 फरवरी 2026 तक आयोजित विभिन्न एथलेटिक्स एवं अन्य खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में मा पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर के डीन एवं पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर आर. के. सिंह, प्रोफेसर ए. के. द्विवेदी, सुआक्ता के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर विमल प्रकाश वर्मा, आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक प्रोफेसर श्री प्रकाश मिश्रा, प्रो. तबस्सुम फरखी, डॉ. शिव महेंद्र सिंह, डॉ. प्रखर त्रिपाठी तथा डॉ. श्री नारायण सिंह सहित अनेक प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन सह क्रीड़ा अध्यक्ष श्रीमती कृतिका तिवारी द्वारा किया गया! अंत में महाविद्यालय के क्रीड़ा अध्यक्ष डॉ. बी. एल. गुप्ता ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सफलता में उनके योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुआ।

## विद्यालयों के ऊपर से निकल रही हाईटेंशन लाइन के विस्थापित किये जाने के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में परिषदीय विद्यालयों के ऊपर से जा रहे हाईटेंशन विद्युत लाइन विस्थापित करने के सम्बन्ध में एक बैठक कलेक्ट्रेट कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने बताया कि जनपद के 204 परिषदीय विद्यालयों को चिन्हित किया गया है, जिनके ऊपर से जा रहे हाईटेंशन विद्युत लाइन विस्थापित किया जाना है। उक्त कार्य के सापेक्ष 97 विद्यालयों में हाईटेंशन लाइन को विस्थापित किये जाने हेतु विद्युत विभाग को बजट जारी किया गया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि उक्त कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए हाईटेंशन विद्युत लाइन विस्थापन का कार्य शीघ्र पूर्ण करायें, इसके साथ ही यह भी निर्देश दिये गये कि ऐसे विद्यालय जिनके परिसर के ऊपर से विद्युत लाइनें गुजर रही है, यदि अभी भी शेष हैं तो उनकी सूची तैयार कर ली जाए, जिससे कोई विद्यालय ऐसा न रहें जिसके परिसर के ऊपर से विद्युत लाइन गुजर रही हो।

# कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं ने कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को दी विदाई

जन एक्सप्रेस | बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज में मंगलवार को कक्षा-12 के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 17 फरवरी को शहर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में कक्षा-12 के छात्र-छात्राओं के ''विदाई समारोह'' का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एमपी तिवारी उप प्रधानाचार्या उप प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय व राघवेन्द्र त्रिपाठी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके द्वीप प्रज्जवलित किया । उन्होंने कक्षा-12 के छात्र-छात्राओं को बताया कि विद्यालय में विदाई समारोह का दिन बेहद खास होता है जहाँ इस दिन सारे विद्यार्थी अपने जूनियर को एवं विद्यालय को अलविदा कहते है, वहीं शिक्षकों द्वारा कई वर्षो से उसी विद्यालय में पढ़ाये गये छात्र-छात्राओं के लिए यह एक विशेष दिन होता है, क्योंकि सालों से शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें दिया गया समय शिक्षकों के लिए भुलाना आसान नही होता। इसलिए इस अवसर पर एक शिक्षक की तरफ से छात्राओं के लिए विशेष समारोह होता है। कक्षा-11 के छात्र-छात्राओं ने अपने वरिष्ठ छात्र-छात्राओं का रोली-टीका लगाकर स्वागत किया। तत्पश्चात् प्रबन्ध निदेशक डा0 तिवारी एवं कक्षा-12 के विद्यार्थियों द्वारा केक काटा गया । साथ ही सभी अध्यापक अध्यापिकाओं एवं कक्षा-12 के छात्र-छात्राओं में वितरित करके सभी लोगों का मुँह मीठा कराया गया। इसी क्रम में अध्यापक अध्यापिकाओं एवं कक्षा-12 के विद्यार्थियों सहित नृत्य का आयोजन किया गया जिसमें सभी लोगों ने अत्यन्त खुशी प्राप्त किया । समारोह में सभी अध्यापक अध्यापिकाओं ने कक्षा-12 के विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना किया, और उन्हे आशीर्वाद देते हुए कहा कि आने वाले बोर्ड की परीक्षा अच्छे अंक प्रात्त करें। इसके बाद कक्षा-12 के छात्र-छात्राओं के रैंप वाक का आयोजन किया गया जिसमें उप प्रधानाचार्या उप प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय व राघवेन्द्र त्रिपाठी का एक निर्णायक मंडल बनाया गया, जिसके द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को प्राप्तांको के द्वारा मिस्टर पी0पी0एस0 एवं मिस पी0पी0एस0 विद्यालय के रीति रिवाजों के सहित चुना गया । मिस पी0पी0एस0 के रूप में अंशिका श्रीवास्तव ने अधिकतम अंक प्राप्त करके एवं मिस्टर पी0पी0एस0 कार्तिकेय मिश्रा ने अधिकतम अंक प्राप्त करके अपना-अपना स्थान ग्रहण किया। मिस्टर पी0पी0एस0 एवं मिस पी0पी0एस0 को विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी ने ताजपोशी किया एवं उपहार देकर सम्मानित किया। अंत में सभी अध्यापक अध्यापिकाओं तथा कक्षा-11 के छात्र-छात्राओं ने मिस्टर पी0पी0एस0 एवं मिस पी0पी0एस0 को बधाइयाँ दी। इस विदाई समारोह में सारा विद्यालय परिवार तथा मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य भावुक हो गये । विद्यालय के पदाधिकारियों में प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी ने कक्षा-12 के समस्त छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई देते हुए कहा कि आप लोगों ने यहाँ पर लगभग 12 वर्ष व्यतीत करने के बाद यहाँ से बाहर जाकर कॉलेज से जुड़ने व देखने के लिए वर्षो का इंतजार किया है आखिरकार इतना लम्बा समय व्यतीत करने के बाद अपने भविष्य को एक नया आयाम देंगे और विद्यालय परिवार यह उम्मीद करता है कि सभी लोग बोर्ड की परीक्षा में अधिकतम अंक प्राप्त करके अपना, अपने अभिभावक तथा इस विद्यालय का नाम रोशन करेंगे और आप ही लोगों में से ऊँचे-ऊँचे पदो की गरिमा बढ़ायेंगे। इस अवसर पर समस्त अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।



# उर्वशी रौतेला

## और कंगना रनौत संग विवादों पर क्या बोलीं तापसी पन्नू?




बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू इंडस्ट्री की सबसे काबिल एक्ट्रेसेस के तौर पर जानी जाती हैं. तापसी न सिर्फ एक काबिल अदाकारा हैं बल्कि वो बेहद टैलेंटिड भी हैं. तापसी खुलकर अपनी बातों को रखने के लिए जानी जाती हैं. वो अक्सर लीग से हटकर फिल्मों में काम करती हैं, जिसने उनकी फिल्मोग्राफी को इतना अलग और खास बनाया है. वो अक्सर सोशल मीडिया पर अपने ओपिनियन शेयर करती हैं, जिसके कारण कई बार उन्हें ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ता है.तापसी की फिल्म 'अस्सी' 20 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. फिल्म को लेकर काफी चर्चा है और हो भी क्यों न, फिल्म को मुल्क और पिंक जैसी फिल्मों को बनाने वाले वाले डायरेक्टर अनुभव सिन्हा ने डायरेक्ट किया है. फिल्म रेप जैसे संगीन मुद्दे पर बात करती है. हाल ही में तापसी और अनुभव टीवी 9 भारतवर्ष के स्टूडियो पहुंचे, जहां उन्होंने कई मुद्दों पर बात की.

**सस्ती कॉपी वाले बयान पर क्या बोलीं तापसी**

तापसी को इंडस्ट्री में कई साल हो चुके हैं. वैसे तो वो कंट्रोवर्सी से दूर रहती हैं, लेकिन उनके बयान काफी सुर्खियां बटोरते हैं. तापसी एक्स पर एक्टिव रहती हैं. टीवी 9 के स्टूडियो में उनकी एक्ट्रेस कंगना रनौत और उर्वषी रौतेला संग हुई कंट्रोवर्सी पर सवाल किया गया, जिसका उन्होंने अपने बेबाक अंदाज में जवाब दिया. सस्ती कॉपी वाले बयान और कंगना संग हुई कंट्रोवर्सा पर तापसी ने कहा–'मैंने उनसे झगड़ा नहीं किया है कभी भी.'

**'मैं अपने कैरेक्टर की जिम्मेदार हूं'**

अपनी बात रखते हुए तापसी ने कहा– मुझे पूछा गया कि आप उन्हें क्या गिफ्ट करना चाहेंगी? मैंने रेपिड फायर में खुद को भी फिल्टर देने की बात कही थी. मैं भी बिना सोचे समझे बोल देती हूं, जिसका हर्जाना हम सभी के भुगतना पड़ता है, जो वो भी अच्छे से जानती हैं. मेरा मानना है कि आप जिस तरह से बात करते हैं, वो आपका कैरेक्टर दिखाता है. मैं भारत की सिटिजन हूं और मेरे पास भी अपनी बात रखने की पॉवर है. मेरी शिक्षा में मुझे ये नहीं बताया गया कि बी ग्रेड हिरोइन या फिर इस तरह के लफ्जों का इस्तेमाल किया जाए. मैं अपने कैरेक्टर की जिम्मेदार हूं.

एक्ट्रेस उर्वषी रौतेला संग हुई कंट्रोवर्सी पर भी तापसी ने खुलकर बात की. तापसी ने कहा–मैंने कहा था कि वो बहुत अच्छी दिखती हैं. अगर वो थोड़े अलग तरह के कपड़े पहने तो और भी अच्छी दिखेंगी. मैं अपने करियर और लाइफ की कसम खाकर कह सकती हूं, कि मैंने अंग प्रदर्शन जैसी बात नहीं कही थी.

# कार्तिक आर्यन

## सबसे खराब एक्टर...' इस अभिनेता के बयान ने मचाया बवाल



कार्तिक आर्यन की गिनती आज के दौर के शानदार एक्टर्स में होती है. बीते डेढ़ दशक से बॉलीवुड में काम कर रहे कार्तिक ने कई दफा अपने फैंस का दिल जीता है. कार्तिक की फीमेल फैन फॉलोइंग भी काफी तगड़ी है. हालांकि अब कार्तिक को लेकर एक अभिनेता ने एक ऐसा बयान दिया है जिस पर बवाल मच गया है. कार्तिक को अभिनेता




प्रशांत नारायण ने सबसे खराब एक्टर बताया है. उनके इस बयान पर कार्तिक के फैंस काफी खफा हैं.

कार्तिक आर्यन ने बॉलीवुड में बतौर एक्टर अपना डेब्यू साल 2011 में किया था. उनकी पहली फिल्म थी 'प्यार का पंचनामा'. अपनी पहली ही फिल्म से कार्तिक लोगों का दिल जीतने में कामयाब हुए थे, हालांकि उन्हें पहली बड़ी और खास पहचान साल 2018 की फिल्म 'सोनू के टीटू की स्वीटी' से मिली थी. हाल ही में कार्तिक 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' में नजर आए थे जो बुरी तरह पिट गई. इसके बाद अब प्रशांत ने कार्तिक की आलोचना करते हुए उनके लिए बड़ा बयान दिया है.

**'कार्तिक आर्यन सबसे खराब एक्टर है...'**

'माई' और 'मांझी- द माउंटेनमैन' में काम कर चुके 56 वर्षीय प्रशांत तिवारी ने एक इंटरव्यू में कार्तिक को लेकर कहा, कार्तिक आर्यन इंडस्ट्री के सबसे खराब एक्टर्स में से एक हैं. वो किस्मत वाले हैं, जो अपने माता-पिता की दुआओं के कारण सर्वाइव कर पा रहे हैं. वो बिल्कुल बात नहीं करते हैं और आस-पास के लोगों से प्रेरित होते हैं.

**'लोगों को उनपर हंसते देखा है'**

प्रशांत ने आगे बताया कि उन्हें सिर्फ कार्तिक उनकी डेब्यू फिल्म में ही अच्छे लगे थे. आगे उनसे पूछा गया था कि लोग कार्तिक की फिल्में देखते हैं और उनके काम की तारीफ भी करते हैं. इस पर उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि कितने लोग हैं, जो तारीफ करते हैं. मगर मैंने तो कई लोगों को उन पर हंसते हुए देखा है. अगर आप किसी को हंसाते हैं तो ये अच्छी बात है. लेकिन, किसी को हंसाने और किसी पर हंसने में अंतर होता है और भारतीय ऑडियंस तो ज्यादातर दूसरों पर ही हंसती है.

## इम्तियाज अली की 'हीर रांझा' में रोहित सराफ बनेंगे हीरो? मेकर्स कर रहे हिरोइन की तलाश




इम्तियाज अली और एकता कपूर 7 साल बाद फिर से साथ आ रहे हैं. 'लैला मजनू' जैसी कल्ट क्लासिक फिल्म देने के बाद दोनों एक और लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं, जिसकी अनाउंसमेंट बीते दिन की गई. इस बार इम्तियाज और एकता कपूर की लव स्टोरी फिल्म का नाम 'हीर रांझा' रखा गया है. वैलेंटाइन डे के दिन मेकर्स ने 'हीर रांझा' का ऐलान किया, जिसके साथ एक 50 सेकंड का वीडियो भी शेयर किया. जब से इस फिल्म की अनाउंसमेंट हुई है, तभी से लोग ये जानने के लिए बेसब्र हैं कि आखिर इस बार हीरो-हिरोइन का किरदार कौन से स्टार्स निभाएंगे.

इम्तियाज अली और एकता कपूर की 'हीर रांझा' को साजिद अली डायरेक्ट करने वाले हैं. रिपोर्ट्स की मानें तो ये अपकमिंग फिल्म 'लैला मजनू' का दूसरा पार्ट होने वाली है. 14 फरवरी को की गई 'हीर रांझा' की अनाउंसमेंट में स्टारकास्ट का नाम रिवील नहीं किया गया था. हालांकि, अब फिल्म के लीड एक्टर को लेकर एक अपडेट मिला है.

**हीर रांझा में रोहित सराफ ?**

हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, रोहित सराफ अभी फिल्म के लिए फाइनल नहीं हुए हैं और कास्टिंग अभी प्रोसेस में है. कास्ट के बारे में अभी कोई ऑफिशियल कन्फर्मेशन नहीं की गई है, लेकिन ऐसा कहा जा रहा है कि रोहित सराफ को इस अपकमिंग फिल्म में रांझा का रोल कर सकते हैं. रोहित सराफ ने 'इश्क विश्क रिबाउंड', 'मिसमैच्ड' और 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में ऑडियंस को इम्प्रेस किया है. अब रांझा के कैरेक्टर में रोहित अपने करियर के अब तक के सबसे इंटेंस रोल निभा सकते हैं.

**कौन होगी लीड एक्ट्रेस ?**

इसी रिपोर्ट में बताया गया कि 'हीर रांझा' की लीड एक्ट्रेस भी फाइनल हो गई है. दिलचस्प बात ये है कि मेकर्स 'हीर रांझा' में हीर के रोल में एक न्यूकमर को लॉन्च करने की प्लानिंग कर रहे हैं. हालांकि, अभी एक्ट्रेस का नाम सीक्रेट रखा गया है. हीर रांझा की शूटिंग जल्द शुरू हो जाएगी. 'हीर रांझा' असल में 'लैला मजनू' फ्रेंचाइजी का दूसरा पार्ट है, जो प्यार की उस पुरानी कहानी को नए जमाने की ऑडियंस के साथ जोड़ेगी यानी लव स्टोरी पुरानी होगी, लेकिन इसे आज की ऑडियंस के हिसाब से मॉडर्न अंदाज में पेश किया जाएगा.

## 'बॉर्डर 2' की सफलता के बाद इमोशनल हुए Sunny Deol, बताया इंडस्ट्री में अब तक टिके रहने का कारण




बॉलीवुड सुपरस्टार सनी देओल इन दिनों अपने करियर के सबसे अच्छे दौर से गुजर रहे हैं. 2023 की फिल्म 'गदर 2' की अपार सफलता के बाद सनी के पास फिल्मों की लाइन लग गई थी. इसके बाद वो 'जाट' में नजर आए और अब इन दिनों 'बॉर्डर 2' में दिखाई दे रहे हैं. आगे भी सनी के पास कई बड़े और चर्चित प्रोजेक्ट है. सनी देओल इन दिनों बॉर्डर 2 की सफलता का जश्न मना रहे हैं. इसी बीच वो एक इंटरव्यू में अपने करियर पर बात करते हुए इमोशनल हो गए.साल 1983 में आई फिल्म 'बेताब' से अपना बॉलीवुड करियर शुरू करने वाले सनी ने 80 और 90 के दशक में बॉक्स ऑफिस पर खूब राज किया था. 2000 की दशक की शुरुआत में 'गदर' जैसी फिल्म से सुर्खियां बटोरी. हालांकि इसके बाद करीब दो दशक तक वो बड़ी सफलता को तरसते रहे. लेकिन, फिर गदर 2 ने उनके दिन बदल दिए और अब वो 68 साल की उम्र में भी बड़े पर्दे पर धूम मचा रहे हैं. अब अभिनेता ने इंडस्ट्री में अब तक टिके रहने का कारण बताया है.

**'मैं यहां अपने काम की वजह से हूं...'**

सनी देओल ने समाचार एजेंसी ANI से बातचीत में कहा, मैं इस इंडस्ट्री में कई सालों से हूं और हम ऐसी चीजें देखते आए हैं. लेकिन, सबसे महत्वपूर्ण बात जो मैं सबको कहता हूं और मेरा मानना है कि मैं यहां अपने काम की वजह से हूं. आप एक्टर हैं या किसी भी फील्ड में हैं, उतार-चढ़ाव आते रहेंगे. लेकिन, आपको मेहनत करते रहना पड़ेगा और करते रहना चाहिए.

आगे अभिनेता ने बताया कि आखिर कैसे वक्त और एक्सपीरियंस सफलता के नजरिए को बदल देता है. उन्होंने कहा, सालों के स्ट्रगल के बाद जब कोई फिल्म अच्छा करती है, तो आप किस्मत पर विश्वास करने लगते हैं. उससे पहले आप सिर्फ सोचते रहते हैं कि मैं अपनी किस्मत खुद बनाऊंगा, मैं ये करूंगा, वो करूंगा. इंसान करता रहता है.

**सनी देओल की अपकमिंग फिल्में**

23 जनवरी को रिलीज हुई 'बॉर्डर 2' ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया है. अब सनी के पास गबरू, इक्का, रामायण और लाहौर 1947 जैसे प्रोजेक्ट हैं. सनी देओल फिल्म इक्का के जरिए ओटीटी पर डेब्यू कर रहे हैं. हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ था. ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर आएगी.

पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# न संघर्ष थमेगा न होगा शेख हसीना का प्रत्यर्पण

**ध्यान देने की बात है कि शेख हसीना को बांग्लादेश के 35 से प्रतिशत लोगों का समर्थन मिलता रहा है। कम मतदान का मतलब है कि हसीना के समर्थकों ने बड़े पैमाने पर चुनाव का बहिष्कार किया। इसके साथ ही केवल 48 प्रतिशत मतदान का मतलब है कि तारिक रहमान की अगुआई वाले गठबंधन को देश के ज्यादतर लोगों का समर्थन नहीं मिला। गौर करने की बात है कि बीएनपी की अगुआई वाले गठबंधन में पार्टी जमात-ए-इस्लामी, छात्रों की पार्टी एनसीए और जातीय पार्टी शामिल हैं। इसका अर्थ यह है कि बीते चुनाव में बीएनपी को 25 से प्रतिशत मत ही मिले।**

*बांग्लादेश में तारिक रहमान की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी बीएनपी की भारी जीत के बाद लंदन की जगह दिल्ली ने ले ली है। जब शेख हसीना ढाका से सरकार चलाती थीं, तब तारिक लंदन से उस पर निगाह रखते थे। अब रहमान सरकार चलायेंगे और हसीना दिल्ली से उस पर निगाह रखेंगी. उसका मतलब यह नहीं है कि रहमान हसीना के प्रत्यर्पण की माँग नहीं करेंगे। हसीना के प्रत्यर्पण की माँग कार्यवाहक सरकार के मुखिया मो. यूनुस भी करते रहे हैं और तारिक भी करते रहेंगे। बांग्लादेश में विद्रोह के बाद शेख हसीना को मौत की सजा सुनाई जा चुकी है। इस बहाने उनके प्रत्यर्पण की माँग तारिक समेत कई अन्य नेता भी करते रहे हैं। लेकिन अब तारिक का सुर नरम हो सकता है। इसकी वजह यह है कि वे यूनुस की तुलना में कहीं ज्यादा वैध लोकतांत्रिक सरकार के मुखिया बनने जा रहे हैं। लोकतांत्रिक सत्ता उतनी कट्टर और कठोर नहीं हो सकती, जैसी वीणा वैध मतदान के बाद आई सरकारें होतीं हैं। वैसे भी भारत शेख हसीना को बांग्लादेश नहीं भेजने जा रहा है। बीएनपी का रूख भारत समर्थक तो नहीं ही रहा है, लेकिन बीएनपी प्रमुख ख़ालिदा जिया के निधन के बाद भारत ने जिस तरह का रुख़ अपनाया, उससे तारिक के मन की गाँठ खुली है। ख़ालिदा के शोक के वक़्त जिस तरह भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कदम उठाया और ढाका जाकर तारिक से दुख व्यक्त किया, उसे बांग्लादेश के साथ भारत की भावी रणनीति और संभावनाशील संबंधों की बानगी माना जा सकता है। भारत को अंदेशा था कि चुनावों में बीएनपी को समर्थन मिल सकता है। इसलिए उसने सही समय पर सही कदम उठाने में कोई हिचक नहीं दिखाई। वैसे भी बांग्लादेश की सबसे प्रभावी पार्टी रही अवामी लीग ने चुनावों का बहिष्कार करने की घोषणा कर रखी थी। फिर यूनुस सरकार और कट्टरपंथी जमात ए इस्लाम के नेताओं ने अवामी लीग की राह में जमकर कांटे बोए। ऐसे में बीएनपी की जीत की उम्मीद बेमानी भी नहीं थी। खालिदा जिया के निधन के बाद हुई एस जयशंकर की ढाका यात्रा से ही भारत की ओर से तारिक रहमान से संपर्क साधना शुरू हो गया था। इसका असर तारिक के चुनाव प्रचार में भी दिखाई दिया। उन्होंने अपने चुनाव प्रचार के दौरान भूलकर भी भारत के खिलाफ कोई बयान नहीं दिया, जिससे भविष्य में दोनों देशों के बीच बेहतर रिश्तों की उम्मीद जगी है। हसीना की वापसी पर भारत कहता रहा है कि शेख़ हसीना को बांग्लादेश लौटना है या नहीं, इसका फैसला उन्हें ही करना है। हिंदुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट 2025 में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर कह चुके हैं कि हसीना 'खास परिस्थितियों' में भारत आई थीं और वह स्थिति उनके भविष्य को तय करने में बड़ा रोल निभाएगी। कुछ ऐसे ही शब्दों का प्रयोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कर चुके हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने तारिक रहमान को जीत की बधाई दी है। चुनाव आयोग के आधिकारिक नतीजों से पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीएनपी की जीत को जनता का भरोसा बताने में देर नहीं लगाई। उन्होंने कहा कि भारत लोकतांत्रिक और समावेशी बांग्लादेश के साथ काम करने को तैयार है। चुनाव जीतने के बावजूद बांग्लादेश के भावी प्रधानमंत्री तारिक की चुनौतियां कम नहीं होने जा रहीं हैं। इसकी वजह है, बांग्लादेश के बीते चुनाव में बेहद कम मतदान। जिसमें सिर्फ 48 प्रतिशत वोटिंग हुई है, यानि 52 प्रतिशत लोगो ने मतदान ही नहीं किया।*

### एक्सप्रेस आलेख

**बांग्लादेश के साथ आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी को मज़बूत रखे, ताकि क्षेत्रीय शक्ति संतुलन भारत के प्रतिकूल न जाए। बहुपक्षीय मंचों और उप-क्षेत्रीय सहयोग पहलों के माध्यम से संवाद और सहयोग को सुदृढ़ किया जा सकता है। ऐसे परिदृश्य में भारत के लिए संतुलित और सक्रिय कूटनीति अपनाना अनिवार्य होगा। अवामी लीग के साथ पुराने संबंधों को बनाए रखते हुए बीएनपी सरकार के साथ संवाद स्थापित करना भारत के दीर्घकालिक हित में है। एकतरफा झुकाव के बजाय संस्थागत और बहुदलीय संपर्क भारत को अधिक रणनीतिक लचीलापन प्रदान करेगा। मानवाधिकार, अल्पसंख्यक सुरक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों के मुद्दों की भारत को न तो उपेक्षा करनी चाहिए।**

# बांग्लादेश की बदली राजनीतिक दिशा



डॉ. प्रियंका सौरभ

**विवेकपूर्ण संतुलन भारत की प्रभावशीलता को बनाए रख सकता है। तारिक रहमान के नेतृत्व में बीएनपी की यह जीत भारत के लिए न तो पूरी तरह जोखिमपूर्ण है और न ही पूर्णतः अवसर-प्रधान। यह एक संक्रमणकालीन दौर है, जिसमें सतर्कता, संवाद और व्यावहारिक कूटनीति के माध्यम से भारत न केवल अपने हितों की रक्षा कर सकता है बल्कि भारत-बांग्लादेश संबंधों को एक नई और अधिक परिपक्व दिशा दे सकता है।**

बांग्लादेश के हालिया आम चुनाव में बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) ने तारिक रहमान के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत के साथ ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। सत्रह वर्षों के लंबे निर्वासन के बाद राजनीति में लौटे तारिक रहमान ने अपनी माँ और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए पार्टी को दो-तिहाई से अधिक सीटें दिलाई। यह जीत न केवल चुनावी सफलता है बल्कि बांग्लादेश की राजनीति में सत्ता संतुलन के व्यापक पुनर्संयोजन और नए राजनीतिक दौर की शुरुआत का संकेत भी है। भारत के लिए यह परिणाम अवसरों के साथ-साथ कई रणनीतिक अनिश्चितताएँ भी लेकर आया है, जिनका प्रबंधन आने वाले वर्षों में द्विपक्षीय संबंधों की दिशा तय करेगा। पिछले डेढ़ दशक से अधिक समय तक बांग्लादेश की राजनीति पर अवामी लीग और शेख हसीना का वर्चस्व रहा। इस अवधि में स्थिरता, आर्थिक विकास और क्षेत्रीय सहयोग के साथ-साथ सत्ता के केंद्रीकरण, विपक्ष के दमन और लोकतांत्रिक संस्थाओं के कमजोर होने के आरोप भी लगातार लगते रहे। लंबे समय तक एक ही राजनीतिक धारा के प्रभुत्व ने मतदाताओं में प्रशासनिक थकान और परिवर्तन की आकांक्षा को जन्म दिया। बीएनपी की जीत को इसी व्यापक जन-असंतोष और राजनीतिक विकल्प की तलाश के परिणाम के रूप में देखा जा सकता। तारिक रहमान लंबे समय से बांग्लादेश की राजनीति में एक प्रभावशाली किंतु विवादास्पद चेहरा रहे हैं। निर्वासन काल के दौरान उन पर भ्रष्टाचार, सत्ता के दुरुपयोग और कट्टरपंथी तत्वों से संबंधों जैसे आरोप लगे, जिनके कारण उनकी छवि धूमिल हुई। हालांकि दिसंबर 2025 में लंदन से स्वदेश वापसी के बाद उन्होंने अपने राजनीतिक दृष्टिकोण में बदलाव के संकेत दिए। उन्होंने पार्टी संगठन का पुनर्गठन किया, युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाया और जमीनी स्तर पर जन आंदोलन को पुनर्जीवित किया। निर्वासन काल के अनुभवों को उन्होंने राजनीतिक पूंजी में बदला और बीएनपी को चुनावी रूप से पुनर्स्थापित किया। इस संदर्भ में यह जीत केवल पारिवारिक विरासत का विस्तार नहीं बल्कि रणनीतिक पुनर्संयोजन, संगठनात्मक अनुशासन और बदलते राजनीतिक यथार्थ को समझने की क्षमता की सफलता भी मानी जा रही है। बीएनपी ने 13वें आम चुनाव में आर्थिक सुधार, भ्रष्टाचार उन्मूलन और अल्पसंख्यक सुरक्षा को अपने प्रमुख चुनावी मुद्दों के रूप में प्रस्तुत किया। बेरोज़गारी, महँगाई और शासन में पारदर्शिता की कमी जैसे मुद्दों ने मतदाताओं को गहराई से प्रभावित किया। पार्टी ने अपनी पारंपरिक कट्टरपंथी छवि से दूरी बनाने का प्रयास किया और हिंदू समुदाय सहित सभी अल्पसंख्यकों को सुरक्षा का आश्वासन दिया। यह जनादेश इस बात को रेखांकित करता है कि लंबे समय से चले आ रहे राजनीतिक वर्चस्व और प्रशासनिक थकान के बाद मतदाताओं ने परिवर्तन



**यदि अनिश्चितताओं का प्रभावी प्रबंधन किया गया और सहयोग के क्षेत्रों को सुदृढ़ किया गया तो यह राजनीतिक परिवर्तन न केवल द्विपक्षीय संबंधों बल्कि पूरे दक्षिण एशिया में स्थिरता और सहयोग की संभावनाओं को भी सशक्त कर सकता है।**

को प्राथमिकता दी। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से सत्ता परिवर्तन ने यह भी संकेत दिया कि बांग्लादेशी समाज स्थिरता के साथ-साथ उत्तरदायी शासन की अपेक्षा रखता है। भारत के दृष्टिकोण से बीएनपी की यह जीत मिश्रित संकेत देती है। ऐतिहासिक रूप से भारत के संबंध अवामी लीग सरकार के साथ अधिक सहज और स्थिर रहे हैं। सीमा प्रबंधन, आतंकवाद-रोधी सहयोग और कनेक्टिविटी परियोजनाओं में शेख हसीना सरकार ने भारत के साथ घनिष्ठ तालमेल रखा। इसके विपरीत, बीएनपी को लेकर नई दिल्ली में हमेशा संदेह बना रहा है, विशेषकर 2001-06 के शासनकाल के अनुभवों के कारण। हालांकि हाल के वर्षों में तारिक रहमान ने भारत के प्रति अपेक्षाकृत संतुलित और व्यावहारिक रुख अपनाने के संकेत दिए हैं। चुनाव से पहले भारत द्वारा बीएनपी को अनौपचारिक रूप से 'ग्रीन सिग्नल' देना इसी बदलते दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह संकेत करता है कि भारत अब बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में किसी एक दल पर निर्भर रहने के बजाय बहुआयामी संवाद की नीति अपनाने को तैयार है। आर्थिक दृष्टि से बीएनपी सरकार भारत के लिए नए अवसर खोल सकती है। बांग्लादेश भारत का एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार है और दक्षिण एशिया में भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति का अहम स्तंभ भी। नई सरकार के कार्यकाल में द्विपक्षीय व्यापार के 20 अरब डॉलर तक पहुँचने की संभावना जताई जा रही है। कनेक्टिविटी परियोजनाओं, जलविद्युत सहयोग, सीमा व्यापार, डिजिटल कनेक्टिविटी और औद्योगिक निवेश जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई गति मिल सकती है। बांग्लादेश की तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था भारतीय निवेश के लिए आकर्षक अवसर प्रस्तुत करती है। अल्पसंख्यक हितों की रक्षा को लेकर बीएनपी की सार्वजनिक प्रतिबद्धता भारत की सामाजिक और राजनीतिक चिंताओं को कुछ हद तक कम करती है। इसके बावजूद अनिश्चितताएँ बनी हुई हैं। बीएनपी पर कट्टरपंथी तत्वों के प्रति नरमी बरतने के आरोप लगते रहे हैं और जमात-ए-इस्लामी जैसे संगठनों की भूमिका को लेकर सतर्कता आवश्यक है। तारिक रहमान पर लगे पुराने भ्रष्टाचार आरोप, पाकिस्तान के साथ कथित संबंध और हालिया सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएँ भारत की सुरक्षा चिंताओं को बढ़ाती हैं। भारत-बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठ, तस्करी, मानव तस्करी और आतंकवाद से जुड़े जोखिम भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुए हैं। यदि इन मुद्दों पर ठोस और पारदर्शी कार्रवाई नहीं होती तो द्विपक्षीय विश्वास प्रभावित हो सकता है। बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन का असर केवल भारत-बांग्लादेश संबंधों तक सीमित नहीं है बल्कि इसका प्रभाव व्यापक दक्षिण एशियाई भू-राजनीति पर भी पड़ेगा। चीन और पाकिस्तान क्षेत्र में अपने प्रभाव को लगातार बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में भारत के लिए आवश्यक होगा कि वह बांग्लादेश के साथ आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी को मज़बूत रखे, ताकि क्षेत्रीय शक्ति संतुलन भारत के प्रतिकूल न जाए। बहुपक्षीय मंचों और उप-क्षेत्रीय सहयोग पहलों के माध्यम से संवाद और सहयोग को सुदृढ़ किया जा सकता है। ऐसे परिदृश्य में भारत के लिए संतुलित और सक्रिय कूटनीति अपनाना अनिवार्य होगा। अवामी लीग के साथ पुराने संबंधों को बनाए रखते हुए बीएनपी सरकार के साथ संवाद स्थापित करना भारत के दीर्घकालिक हित में है। एकतरफा झुकाव के बजाय संस्थागत और बहुदलीय संपर्क भारत को अधिक रणनीतिक लचीलापन प्रदान करेगा। मानवाधिकार, अल्पसंख्यक सुरक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों के मुद्दों की भारत को न तो उपेक्षा करनी चाहिए और न ही अत्यधिक हस्तक्षेप करना चाहिए। विवेकपूर्ण संतुलन भारत की प्रभावशीलता को बनाए रख सकता है। तारिक रहमान के नेतृत्व में बीएनपी की यह जीत भारत के लिए न तो पूरी तरह जोखिमपूर्ण है और न ही पूर्णतः अवसर-प्रधान। यह एक संक्रमणकालीन दौर है, जिसमें सतर्कता, संवाद और व्यावहारिक कूटनीति के माध्यम से भारत न केवल अपने हितों की रक्षा कर सकता है बल्कि भारत-बांग्लादेश संबंधों को एक नई और अधिक परिपक्व दिशा दे सकता है। यदि अनिश्चितताओं का प्रभावी प्रबंधन किया गया और सहयोग के क्षेत्रों को सुदृढ़ किया गया तो यह राजनीतिक परिवर्तन न केवल द्विपक्षीय संबंधों बल्कि पूरे दक्षिण एशिया में स्थिरता और सहयोग की संभावनाओं को भी सशक्त कर सकता है।

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | प्रतिपदा 16:54 तक |
| नक्षत्रः | शतभिषा 21:05 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | बुधवार |
| योगः | शिव, 22:36 |
| सूर्योदयः | 07:00 |
| सूर्यास्तः | 18:09 |
| चंद्रमाः | कुम्भ राशि में |
| राहुकालः | 12:34-13:58 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्तः | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

### चढ़ जाएगी जिह्वा !

*शब्दों का ये चयन फिर से ।*
*गड़बड़ होने वाला ।।*
*है चुनावी समर ।*
*खेल अजब निराला ।।*
*मानते हैं जानकार ।*
*मनोरंजन भरपूर ।।*
*परिभाषा अब अजब गजब ।*
*चढ़ गया शुरूर ।।*
*बंद होने वाली अब ।*
*जिसकी भी दुकान ।।*
*चढ़ जाएगी जिह्वा ।*
*अब उसकी परवान ।।*
*खूब तमाशा रोज ।*
*है अब होने वाला ।।*
*छा जाने की खातिर ।*
*है तरकीब निकाला ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# नमकीन, चिप्स और सोडा बढ़ा रहे हार्ट अटैक का खतरा



**आजकल** लोग घर से निकलते ही दाल, चावल या घर का खाना लेकर जाने की बजाय चिप्स, बिस्कुट, जैली और कोल्ड ड्रिंक्स लेना पसंद करते हैं। वहीं ऑफिस में भी काम करते हुए चिप्स और कोल्ड ड्रिंक्स पीना आम है। जो लोग लगातार प्रोसेस्ड फूड खाते हैं, उनमें वजन बढ़ने और हार्मोन असंतुलन लगातार देखने को मिल रहा है। हालिया स्टडी के अनुसार भी प्रोसेस्ड फूड से कार्डियोवॉस्कुर डिसीज का रिस्क बढ़ा है।

**प्रोसेस्ड फूड पर डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट:** डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड की ग्रोथ जरूरी खाने की चीजों के मुकाबले तेजी से बढ़ी है। इसमें सबसे ज्यादा नमकीन स्नैक्स की वृद्धि दर सबसे ज्यादा हुई है। इन आंकड़ों से पता चलता है कि देश में प्रोसेस्ड फूड कितना ज्यादा खाया जा रहा है। इसी रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रोसेस्ड फूड के बढ़ती दर को देखते हुए मोटापे की महामारी को रोकने की कोशिश करनी चाहिए क्योंकि मोटापा डायबिटीज से लेकर हार्ट की बीमारियों के रिस्क को बढ़ाता है।

**अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड से हार्ट और स्ट्रोक होने की स्टडी:** हालिया रिपोर्ट के अनुसार, जो लोग बहुत ज्यादा अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड खाते हैं, उनमें 47% हार्ट अटैक और स्ट्रोक आने का रिस्क बढ़ जाता है। इसका कारण है कि अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड में बहुत ज्यादा फैट्स, शुगर, स्टार्च, नमक और केमिकल होते हैं। इस स्टडी से पहले भी जो अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड को लेकर स्टडीज हुई हैं, उनमें भी पाया गया है कि इससे मेटाबॉलिक सिंड्रोम, मोटापा और हाइपरटेंशन का रिस्क बहुत ज्यादा बढ़ जाता है।

**डॉक्टर ने अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड पर क्या कहा?:** डॉ. पवन कुमार कहते हैं, 'अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड खाने से शरीर में सूजन बढ़ सकती है, जो कोलेस्ट्रॉल का बैलेंस बिगाड़ सकती है। इससे ब्लड प्रेशर और वजन बढ़ने की संभावना रहती है। जब कोलेस्ट्रॉल, ब्लड प्रेशर और वजन बढ़ता है, तो इसका सीधा असर हार्ट की धमनियों पर पड़ता है। अगर लंबे समय तक लोग इसे खाते हैं, तो हार्ट डिजीज होने का रिस्क बढ़ने लगता है। दरअसल, समस्या यह है कि लोगों को पिज्जा, बर्गर, कोल्ड ड्रिंक, नमकीन और मीठा इतना ज्यादा स्वाद लगता है कि लोग इसे जाने अनजो इसे बहुत ज्यादा मात्रा में खाने लगते हैं। '

**निष्कर्षः** डॉ. पवन के मुताबिक, लोगों को अपने खाने-पीने के रूटीन पर जरूर ध्यान देना चाहिए। प्रोसेस्ड फूड खाने से शुरुआत में ज्यादा बदलाव महसूस नहीं होते, लेकिन लगातार बाहर का खाना खाने से हार्ट पर असर दिखाई देने लगता है। इसके लिए हेल्दी खाना खाएं और अगर किसी भी तरह के लक्षण महसूस होते हैं, तो तुरंत डॉक्टर से जरूर सलाह लें।

### एक्सप्रेस विशेष

# मोबाइल फोबिया : मानसिक बीमारियों का बढ़ता खतरा



डॉ. रमेश ठाकुर

**यह वर्चुअल दुनिया से बाहर निकल कर हकीकत में जीने की जरूरत को दर्शाता है। पर, तकनीकी दुनिया में अब ऐसा संभव नहीं। मोबाइल पर अगर जरा भी प्रतिबंध की बात उठेगी तो उसके विरोध में लोग खड़े हो जाएंगे।**

**एक्टिविटी जरूर बढ़ाएं, खाली समय में किताबें पढ़ें, व्यायाम करें या मित्रों-परिजनों से बात करें। लत अगर बहुत अधिक है तो बिना देर किए किसी एक्सपर्ट से सलाह लेने में बिल्कुल भी न हिचकिचाएं। विशेषज्ञों की मानें तो वयस्कों के लिए 2-3 घंटे और बच्चों-किशोरों के लिए 2 घंटे तक ही एक दिन में मोबाइल चलाना चाहिए। निश्चित रूप से तकनीक इंसानों पर पूरी तरह से हावी हो चुकी है।**

**मोबाइल** फोन ने इंसानों को वास्तविक जीवन से काट कर आभासी दुनिया की तरफ धकेल दिया है। नई रिसर्च ने चेतावनी दी है कि अगर शरीर को सुरक्षित रखना है तो मोबाइल की लत से तौबा करना होगा। मोबाइल के नकारात्मक पहलुओं में विस्तार हुआ है। आसान भाषा में कहें तो जितना स्क्रीन टाइम, उतना बड़ा नुकसान। क्या बच्चे, क्या बुजुर्ग और क्या औरत व मर्द, सभी मोबाइल के चुंगल में जकड़ चुके हैं। जिसका नतीजा है कि अब ऐसे दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं जिसकी किसी ने कल्पना नहीं की होगी। लंबे समय तक स्क्रीन से चिपके रहने से आंखों की रोशनी का कम होना, शारीरिक गतिविधियों का बिगड़ना जैसी बातें तो सुनी थी लेकिन चिकित्सा तंत्र की नई रिसर्च रिपोर्ट के खुलासे ने रोंगटे खड़े कर दिए हैं। रिसर्च बताती है कि मोबाइल या स्क्रीन के अत्यधिक प्रयोग ने कई नई किस्म की बीमारियों का खतरा बढ़ा दिया है जिससे दृष्टि हानि, मांसपेशियों और हड्डियों से संबंधित विकार, नए किस्म के कैंसर और मोटापा जैसी दीर्घकालिक समस्याओं का पता चला है।खतरनाक बात यह है कि जिन 10 देशों में यह समस्या ज्यादा गंभीर है, उनमें भारत भी है। रिपोर्ट ने स्मार्टफोन को सिरहाने रखकर सोने को सबसे अधिक खतरनाक बताया है। जिन्हें अक्सर ऐसा महसूस होता है कि जेब में रखा फोन वाइब्रेट कर रहा है या बज रहा है। पर, चेक करने पर न कोई कॉल और न कोई मैसेज होता है। अगर ऐसा किसी भी मोबाइल धारक को एहसास होता है तो सतर्क होने की जरूरत है क्योंकि यह एक नई मानसिक बीमारी की दस्तक है। इसे 'फोन फोबिया' या 'फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम' कहते हैं। भारत में इस बीमारी की गिरफ्त में आए लोगों की एक बड़ी संख्या है, जिनमें 14 से 17 वर्ष के बीच के नाबालिग ज्यादा हैं। स्कूल-कॉलेज के बच्चे और युवा पीढ़ी इस समस्या में सर्वाधिक फंसा है। रिपोर्ट की मानें तो ये खतरनाक मानसिक संकट भविष्य के लिए चुनौती से कम नहीं। सेलफोन विकिरण से अब लोगों की ग्रैनुलोसा कोशिकाएं सूखने लगी हैं। गर्भवती महिलाओं में भ्रूण के आसपास पानी की मात्रा में कमी और एएलटी-एएसटी का स्तर बढ़ना भी रिपोर्ट में बताया गया है। डब्ल्यूएचओ की मानें तो पिछले 4 वर्षों में विभिन्न प्रकार के कैंसर इंसानों में पाए जाने लगे हैं, क्या उनका संबंध मोबाइल से है? इसकी पड़ताल के लिए दुनिया भर में बड़े स्तर पर अध्ययन किए जा रहे हैं। मोबाइल फोन से निकलने वाली रेडियो फ्रिक्वेंसी तरंगें ब्रेन ट्यूमर और कैंसर का कारण भी बनने लगी हैं। सालाना मोबाइल फोबिया के 6 लाख से ज्यादा शिकार देशभर के अस्पतालों में भर्ती होते हैं। विश्व का आंकड़ा करोड़ों में है। बढ़ती समस्या के बाद नौबत ऐसी आ चुकी है कि विभिन्न प्रदेशों के मुखिया अपने प्रदेशवासियों से कम मोबाइल इस्तेमाल और सर्तकता बरतने का आह्वान करने लगे हैं। बीते दिनों उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को युवाओं के नाम एक सार्वजनिक खत लिखना पड़ा। जागरूकता फैलाने के लिए बकायदा अखबारों में इश्तहार भी सरकार को देने पड़े। जन स्वास्थ्य की परवाह के लिए केंद्र से लेकर प्रत्येक राज्य सरकारों को ऐसा कदम उठाना चाहिए। योगी आदित्यनाथ ने बताया कि तकनीक का प्रयोग युवा पीढ़ी शिक्षा और व्यक्ति विकास के लिए करें, न कि आदत और लत के लिए। गाजियाबाद जिला अस्पताल की ओर से एक सर्वे बीते माह जनवरी में करवाया गया था जिसमें 70-75 फीसदी युवाओं ने माना कि वो प्रत्येक 4 या 5 मिनट में अपना मोबाइल देखते हैं, जिसमें 40 फीसदी ने यह भी स्वीकारा कि ज्यादा देर तक मोबाइल नहीं देखने पर उन्हें बेचैनी, अनिद्रा और चिड़चिड़ापन का एहसास होने लगता है। मनोवैज्ञानिकों और काउंसलरों की सलाह है अगर मोबाइल फोबिया से खुद को बचाना है तो मोबाइल के प्रयोग का वक्त तय करें, सोने से पहले फोन का इस्तेमाल कतई न करें और गैरजरूरी नोटिफिकेशन को नजरअंदाज करते रहें। इसके अलावा ट्रैकर का उपयोग करना चाहिए। अलार्म के लिए फोन की जगह घड़ी का उपयोग किया जाए।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# अनीस अहमद खां 'फूलबाबू' का ऐतिहासिक स्वागत, जगह-जगह हुआ भव्य अभिनंदन

- समाजवादी पार्टी कार्यालय से प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं में दिखा जबरदस्त उत्साह, पूरे जिले में निकला स्वागत जुलूस

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

उत्तर प्रदेश सरकार में कई बार मंत्री रह चुके अनीस अहमद खां 'फूलबाबू' के लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय से जनपद पीलीभीत में प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने अभूतपूर्व एवं ऐतिहासिक स्वागत किया। उनके आगमन की सूचना मिलते ही जिले भर में उत्साह की लहर दौड़ पड़ी और पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा जोश देखने को मिला।




### खनंका पुल से कैम्प कार्यालय तक गूंजे स्वागत के नारे

स्वागत काफिला खनंका पुल से शुरू होकर रोहनिया, बीसलपुर (चांद मस्जिद), ईदगाह, पटेल नगर पुलिया, पुराना पीलीभीत बस स्टैंड, बरखेड़ा, सिमरिया, पौटा होते हुए केजीएन-2 नकटादाना स्थित पार्टी कैम्प कार्यालय तक पहुंचा। पूरे मार्ग में फूलमालाओं, गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा और नारों के बीच उनका जोरदार अभिनंदन किया गया। युवा साथियों ने बाइक रैली निकालकर स्वागत किया, जबकि वरिष्ठ नेताओं और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। 'समाजवादी पार्टी जिंदाबाद' और 'फूलबाबू जी का स्वागत है' के नारों से वातावरण गूंजता रहा।

### महासचिव ने जताया उत्साह

जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने कहा कि फूलबाबू का पार्टी में आगमन संगठन के लिए अत्यंत सुखद है। उनके अनुभव और जनाधार से जनपद में पार्टी को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा।

### बड़ी संख्या में जुटे पदाधिकारी व कार्यकर्ता

स्वागत समारोह में जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, पूर्व प्रत्याशी दिव्या पी. गंगवार, विधानसभा अध्यक्ष हाजी इम्तियाज अल्वी, अकील अहमद अंसारी, फैजान अली खां एडवोकेट, गयासुद्दीन मंसूरी, धनपति वर्मा एडवोकेट, अमित पाठक एडवोकेट, हाजी अकबर अहमद अंसारी, संदीप सक्सेना, मुक्तदिर हयात खां, बालकराम सागर, काशीराम सरोज, यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष संजय खान, नरेश कुमार सागर, चौधरी प्रदीप पटेल, महेश पटेल, शालू खान, शोयब खान, अनीस बेग, जीशान खान, मुन्ने शाह, मुन्ने खाद, अंसार खां राइस मिलर, सोहेल हुसैन, सय्यद फरहान, शफी उर्रहमान, कमर अंसारी, नदीम अंसारी, रेहान रजा, अंसार मंसूरी, नूरहसन मंसूरी, गुड्डू बाजपेयी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कैम्प कार्यालय पर आयोजित सभा के साथ स्वागत समारोह का समापन हुआ।

### जिलाध्यक्ष बोले, संगठन को मिलेगी नई मजबूती

स्वागत समारोह में जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि फूलबाबू के पार्टी में शामिल होने से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि उनके लंबे राजनीतिक अनुभव, व्यापक जनाधार और प्रशासनिक क्षमता से जनपद में पार्टी और अधिक सशक्त होगी। जिलाध्यक्ष ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में संगठन बूथ स्तर तक मजबूत होगा तथा विकास, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की लड़ाई को और धार मिलेगी।

### फूलबाबू ने कहा, यह सम्मान विचारधारा का

सभा को संबोधित करते हुए अनीस अहमद खां 'फूलबाबू' भावुक नजर आए। उन्होंने कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और क्षेत्रीय जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्वागत उनके व्यक्तिगत सम्मान का नहीं, बल्कि समाजवादी विचारधारा और जनसेवा की राजनीति का सम्मान है। उन्होंने कहा कि जिस आत्मीयता और जोश के साथ जनपदवासियों ने उनका स्वागत किया है, वह उनके लिए जीवनभर की अमूल्य पूंजी है। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान की रक्षा करने और किसान, नौजवान, व्यापारी, मजदूर व अल्पसंख्यक वर्ग की आवाज को बुलंद करने का संकल्प दोहराया। फूलबाबू ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी और रोजगार जैसे मूलभूत मुद्दों को प्राथमिकता देने की बात कही और कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# पीलीभीत में सीआईएससीई बोर्ड परीक्षा का शुभारंभ

- गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में दूसरी बार बना परीक्षा केंद्र, तिलक व दही खिलाकर दी गई शुभकामनाएं

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जनपद के पहले एवं एकमात्र सीआईएससीई बोर्ड से संबद्ध विद्यालय गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में मंगलवार 17 फरवरी 2026 से बोर्ड परीक्षा का विधिवत शुभारंभ हुआ। विद्यालय परिसर में दूसरी बार सीआईएससीई बोर्ड परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा 17 फरवरी से 27 मार्च 2026 तक संचालित होगी।

### प्रथम दिन अंग्रेजी व्याकरण की परीक्षा

परीक्षा के पहले दिन अंग्रेजी व्याकरण का प्रश्नपत्र हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बेहतर प्रदर्शन का प्रयास किया। परीक्षा से पूर्व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर एवं दही खिलाकर शुभकामनाएं दीं। साथ ही विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें शांत मन से परीक्षा देने की सलाह दी गई।



### अनुशासन व सुरक्षा के कड़े इंतजाम

मुख्य निरीक्षक अनिल सिंह की देखरेख में परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा केंद्र पर अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रशासन की ओर से पुलिस कर्मियों की भी तैनाती की गई, जो परीक्षा अवधि में उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रबंधक निशांत गोस्वामी ने कहा कि विद्यालय में सीआईएससीई बोर्ड परीक्षा का आयोजन होना गर्व का विषय है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विद्यालय के छात्र-छात्राएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद का नाम रोशन करेंगे।

### विद्यार्थियों ने साझा किए अनुभव

परीक्षा समाप्त होने के बाद विद्यार्थियों राम्या, रिधिमा, खुशी, दिव्या, आरुष, निशांत, मयंक, हर्ष, क्रांति, मनतशा, तान्या आदि ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि परीक्षा से पहले वे घबराए हुए थे, लेकिन प्रश्नपत्र मिलने के बाद आत्मविश्वास बढ़ा और उन्होंने पूरे मनोयोग से परीक्षा दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती जया घोष, कक्षा दस के अध्यापक श्री भावेश पांडे, विष्णुप्रिया, अपाला सहित विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। विद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की।

# 27 साल बाद बनी जेलर वाली गली का लोकार्पण, क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर

- पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने फीता काटकर शिलापट्ट का किया अनावरण

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

नगर पालिका परिषद पीलीभीत के '28 दिन, 28 लोकार्पण' अभियान के अंतर्गत वार्ड नंबर 25 के मोहल्ला पूरणमल में महेश नारायण सक्सेना के मकान से रमेश चंद्र अग्रवाल के मकान तक बनी जेलर वाली गली का मंगलवार को लोकार्पण किया गया। गली निर्माण पूर्ण होने के बाद डॉ आस्था अग्रवाल ने फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर गली का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उनका ढोल-नगाड़ों और फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

इस मौके पर डॉ. आस्था अग्रवाल ने बताया कि जेलर वाली गली के निर्माण की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। लोगों की समस्या को देखते हुए प्राथमिकता के आधार पर गली को ऊंचा बनवाया गया है, जिससे बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी और आवागमन सुगम हो सकेगा। वार्ड के सभासद साकेत सक्सेना ने कहा कि यह गली काफी समय से जर्जर अवस्था में थी और मुख्य मार्ग से नीचे होने के कारण बारिश के दिनों में कई-कई दिन तक पानी भर जाता था, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब गली के ऊंचा बनने से क्षेत्रवासियों को काफी सुविधा मिलेगी। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान भागीरथ प्रजापति, महेश नारायण प्रधान, दीनू प्रजापति, रमेश चंद्र अग्रवाल, उमेश प्रजापति, प्रदीप सक्सेना, राघव गोयल, उमेश चंद्र अग्रवाल, भाजपा नगर अध्यक्ष इंद्रेश सिंह चौहान, सभासद गोकुल प्रसाद मौर्य, साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, अनस अंसारी, निर्मल सिंह टीटू, विपिन राजू फौजी, राशिद हुसैन, निजाकत अली कादरी, अवतार सिंह मोनू, इकबाल हजरत, मोहम्मद शरीफ, इमरान अंसारी, विकास बाबू, मोहन स्वरूप, ओम प्रकाश राजपूत, विपिन मिश्रा, पंकज राजपूत, कमलेश वर्मा, दीप अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।





# जनशिकायत निस्तारण में पीलीभीत पुलिस प्रदेश में अव्वल

- थाना अमरिया का उत्कृष्ट प्रदर्शन, पुलिस अधीक्षक ने टीम को किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जनशिकायतों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और प्रभावी निस्तारण के क्षेत्र में जनपद पुलिस ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश स्तर पर पुलिस कार्यालय/आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की जनवरी माह की मासिक रैंकिंग में पीलीभीत पुलिस को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि से पुलिस महकमे में उत्साह का माहौल है। जनपद में आईजीआरएस एवं सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध एवं संतोषजनक निस्तारण के लिए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही थी। इसी क्रम में थाना अमरिया ने विशेष सक्रियता दिखाते हुए शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उल्लेखनीय योगदान के लिए थाना अमरिया के थानाध्यक्ष अमित सिंह एवं आईजीआरएस प्रभारी दीपक कुमार को उनकी टीम सहित पुलिस अधीक्षक पीलीभीत सुकीर्ति माधव द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आमजन की शिकायतों का त्वरित निस्तारण ही पुलिस की प्राथमिकता है और इसी से जनता का विश्वास मजबूत होता है। पुलिस अधीक्षक ने अन्य थानों को भी इसी प्रकार संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। जनपद पुलिस की इस उपलब्धि को शासन स्तर पर भी सराहा जा रहा है।

# राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के बहनोई के पिता का निधन, जन सहयोग कार्यालय में हुई शोक सभा

- भाजपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि, आज होगा अंतिम संस्कार

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के बहनोई अहिबरन सिंह के पिता राम भरोसे लाल (85 वर्ष) का मंगलवार सुबह लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के अनुसार राम भरोसे लाल पिछले काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे और उनका उपचार जारी था। मंगलवार सुबह उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। निधन की खबर मिलते ही भाजपा के अनेक नेता और कार्यकर्ता उनके आवास पर पहुंचे तथा शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।



### जन सहयोग कार्यालय में रखी गई शोक सभा

राज्य मंत्री के जन सहयोग कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा के उपरांत कार्यालय को बंद कर दिया गया। जानकारी दी गई कि कार्यालय 18 फरवरी को भी बंद रहेगा। लखनऊ से राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि राम भरोसे लाल के निधन से परिवार ने एक मार्गदर्शक और सम्मानित सदस्य को खो दिया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

### आज होगा अंतिम संस्कार

नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पुरैनिया निवासी राम भरोसे लाल का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव ले जाया गया है। परिजनों के अनुसार 18 फरवरी को सुबह 10 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा। पूरे कार्यक्रम के दौरान माहौल गमगीन रहा। उपस्थित सभी लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

### इन लोगों की रही उपस्थिति

शोक सभा में राज्य मंत्री के पिता बाबूराम गंगवार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष तुलाराम लोधी, राकेश सिंह, सभासद मोनू मिश्रा, विपिन त्यागी, सुरेश लोधी, विकास वाल्मीकि, मनोज मिश्रा, ओमकार मौर्य, शिशुपाल, भगवान दास, मनीष सक्सेना, बबलू सक्सेना, सुमित पटेल, डब्बू, भानु प्रताप, धर्मेंद्र कुमार (डीके), अनिल राजा बाग, हर्ष ऋषि श्रीवास्तव, नरेंद्र गंगवार, हर प्रसाद, पूर्व प्रधान हीरालाल गंगवार, वेदपाल, नगर अध्यक्ष इंद्रेश सिंह चौहान, उपाध्यक्ष नितिन सक्सेना, शिवम गंगवार, अमरीश शर्मा, अंबू शाहिद सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### कृषक संघ गोष्ठी का आयोजन कर किसानो दी जानकारी

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** कृषक संघ गोष्ठी का आयोजन कर किसानो को विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान बडी संख्या में किसान मौजूद रहे। तहसील क्षेत्र के गांव दिलाबरपुर में कृषक संघ गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे बडी संख्या में किसान पहुंचे। कृषक संघ गोष्ठी में पीलीभीत मील के उपमहा प्रबंधक गन्ना शिव स्वरूप सिंह पहुंचे। उन्होंने किसानों के साथ खेत की गहरी जुताई करने के फायदे, अर्ली प्रजाति में 15023,0118, 14201, 16202, 18231 की बुवाई के बारे में जानकारी किसानों को दी। किसानों को मिल की ओर से मिलने वाले अनुदान के वारे में जानकारी दी।इसके अलावा अस्वीकृत प्रजाति 91269 एचआर 119, पीबी 92, 93, 95 आदि की बुवाई ना करने की वात किसानों को बताई। बुवाई के समय कूंड से कूंड की दूरी 3 से 4 फीट एवं ट्रेंच द्वारा अधिक से अधिक बुवाई करने की सलाह दी। भूमि शोधन के लिए पांच लीटर ट्राइकोडर्मा द्वारा उपचार करने के बारे में बताया। दो आंखें के टुकड़े की बुवाई एवं थियोफेनेट मिथाइल द्वारा उपचारित करके ही बुवाई करने की सलाह दी। खाद उर्वरक में यूरिया सिंगल सुपर फास्फेट पोटाश का प्रयोग करने, पेड़ी प्रबंधन,बेसिक कोटा के महत्व आदि के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी।

### वन बिभाग की भूमि से हटवाया गया अवैध कब्जा

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** वनभूमि को कब्जा मुक्त कराया गया। जनपद पीलीभीत और शाहजहांपुर के वन अधिकारियों की मौजूदगी में खडी फसल को जोत कर कब्जा मुक्त कराया। अतिक्रमण हटाने के बाद सीमांकन की कार्रवाई भी की गई। पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) की दियोरिया रेंज की नवदिया वंकी बीट का 813.70 हेक्टेयर क्षेत्रफल शाहजहांपुर क्षेत्र में आता है,लेकिन उस क्षेत्र की देखरेख पीटीआर के अधीन ही है। नवदिया वंकी बीट की वनभूमि पर करीब 30 किसानों ने करीब 48 एकड भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है। कब्जे वाली जमीन पर कृषि फसलें उगाई जा रही थीं। मंगलवार को पीलीभीत टाइगर रिजर्व और शाहजहांपुर के डीएफओ,एसडीएम सहित कई अधिकारी नबदिया वंकी वीट के फगुनिहाई में पहुंचे। इसके साथ ही कई थानों की पुलिस फोर्स सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मौके पर पहुंची। जानकारी लगने पर भारी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। इसके बाद जेसीबी की मदद से खेतो में खडी गेंहू,सरसों आदि की फसलो को जोत कर जगह को कब्जा मुक्त कराया। वंही किसानों का कहना है कि उनको कोई नोटिश नही दिए गए। विना नोटिश के कार्यवाही कर दी गई। मनमानी करने का किसानों ने अधिकारियों पर आरोप लगाया।

### बंदरो के आतंक से ग्रामीण परेशान

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** दिन प्रतिदिन बंदरों का आतंक निरंतर बढ़ता जा रहा है। बंदरों के आतंक से गांव दिलाबरपुर के लोग परेशान हैं। लोगों पर हमला कर बंदर आए दिन किसी ना किसी व्यक्ति पर हमला कर उनको घायल कर चुके हैं। दिलाबरपुर सहित दर्जनों गांवो में दिन प्रतिदिन बंदरों की संख्या निरंतर बढ़ रही हैं। घर में रखे सामान को बंदर उठाकर ले जाते हैं। इतना ही नहीं बल्कि घरों के आगे रास्तों पर बंदर झुंड़ बनाकर बैठ जाते हैं जिससे लोगों का घरों में से बाहर निकलना दूभर हो जाता है। लोगों ने अपने घरों की छतों पर चढ़ना बंद किया हुआ है।

# बीआरसी में आंगन हमारे बच्चे उत्सव का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

बीआरसी परिसर में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन समारोह पूर्वक किया गया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी केंद्रों व प्राथमिक विद्यालय के कक्षा एक व दो के निपुण बच्चों ने भाग लिया।

बीआरसी पूरनपुर में मंगलवार को निपुण भारत मिशन के अंतर्गत पूर्व प्राथमिक शिक्षा पर आधारित प्रयासों से जन समुदाय को जागरूक करने हेतु हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेन्द्र सिंह के तत्वावधान में उत्सव कार्यक्रम का आयोजन समारोह पूर्वक हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पुत्र एवं प्रतिनिधि ऋतुराज पासवान व विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख मानसी अपूर्व सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कम्पोजिट विद्यालय चांटफिरोजपुर के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेन्द्र सिंह ने मुख्य अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बच्चों के विकास एवं शिक्षा के बारे में सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और बच्चों को निपुण बनाने की अपील की। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एआरपी, नोडल संकुल शिक्षकों एवं शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। विधायक पुत्र ऋतुराज पासवान व ब्लाक प्रमुख मानसी अपूर्व सिंह ने बेसिक शिक्षा एवं आंगनवाड़ी के आपसी समन्वय के तहत विद्यालय विकास एवं शिक्षा व्यवस्था को व्यवस्थित करने में शिक्षा विभाग एवं सरकार के कार्यो एवं योजनाओं की चर्चा करते हुए हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम की प्रशंसा की। कंपोजिट विद्यालय चांटफिरोजपुर के बच्चों की प्रस्तुति पर काफी सराहना की। बाल विकास परियोजना की सुपरवाइजर ने आंगनवाड़ी केंद्रों एवं प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को आपसी समन्वय बनाते हुए बच्चों को निपुण बनाने पर बल दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, बीईओ ने विकास क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्रों व प्राथमिक विद्यालय के कक्षा एक व दो के निपुण बच्चों सहित कुल 100 बच्चों को समारोह पूर्वक प्रशस्तिपत्र एवं उपहार देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में एआरपी अजय तोमर, विवेक भारती, सुरेशचंद्र गंगवार, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष सूर्यप्रकाश गंगवार, मंत्री विमल कुमार, डॉ. नीराजना शर्मा ने माता उन्मुखीकरण एवं वंडर बॉक्स व स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम के विषय में विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी एवं सभी से निपुण भारत अभियान को सफल बनाने पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक सुरेशचंद्र गंगवार ने किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने सभी आए हुए अतिथियों, शिक्षकों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। उत्सव कार्यक्रम में सुमनलता, श्रद्धा वर्मा, सुगंध अग्रवाल, वीरसिंह कुशवाहा, आकाश यादव, मनोज कुमार, सर्वेश कुमार, अवनीश तोमर, महबी खां, वेदप्रकाश, राजू आदि मौजूद रहे।

### पूर्व मंत्री डॉक्टर विनोद तिवारी ने बस को हरी झंडी दिखाकर किया शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** सेहरामऊ क्षेत्र के लोगों को आवागमन की बड़ी सुविधा मिली है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की दो रोडवेज बसों का मंगलवार को पूर्व मंत्री डॉ. विनोद तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। ये बसें सेहरामऊ उत्तरी से शाहजहांपुर तथा महुआ गुंदे से पीलीभीत जिला मुख्यालय के लिए संचालित की जाएंगी। बताया गया कि जिला पंचायत वार्ड संख्या 8 से सदस्य पद के भाजपा से प्रबल दावेदार अचलेन्द्र मिश्रा (अचल) के अथक प्रयासों से बस सेवा शुरू कराई गई है। महुआ गुंदे से पीलीभीत होते हुये बरेली के लिए रोडवेज बस सेवा का यह पहला शुभारम्भ है। महुआ गुंदे में पूर्व मन्त्री डॉ. विनोद तिवारी,विधायक पुत्र रितुराज पासवान एवं अचलेन्द्र मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ कियब।जबकि सेहरामऊ उत्तरी से शाहजहांपुर के लिए पूर्व मंत्री विनोद तिवारी, निखिल मिश्रा एवं अचलेन्द्र मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। यह बस करीब दो वर्ष से बंद पड़ी थी जिसे अब दोबारा चालू कराया गया है। बस सेवा शुरू होने से क्षेत्र के ग्रामीणों, छात्रों, मरीजों और व्यापारियों को जिला मुख्यालय तक आने-जाने में काफी सहूलियत मिलेगी। शुभारम्भ के दौरान क्षेत्रवासियों में खुशी और उत्साह का माहौल देखा गया।इस अवसर पर परिवहन निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक विपुल पारासरी, अचलेन्द्र मिश्रा अचल, निखिल मिश्रा, अचल मोहन पाण्डेय, अनुज दीक्षित, सोनू दीक्षित, समरेंद्र मिश्रा, नवनीत मिश्रा निखिल मिश्रा,धीरज मिश्रा, संजीव बाजपेई, शेरसिंह प्रधान सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# सिद्धनगर में विरासत का खून: लालच ने रिश्तों का गला घोंटा

- वसीयत की आशंका से उपजा शक, भतीजे ने ताई की हत्या कर रचा साजिश का खेल

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

थाना हजारा क्षेत्र के सिद्धनगर गांव में शनिवार रात रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई। घर में अकेली रह रही बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी गई। प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध लगा, लेकिन पुलिस की सख्ती से पूछताछ में साजिश की परतें खुलती चली गई।

### तिलक समारोह में गए थे परिजन, घर में थीं अकेली

जानकारी के अनुसार घटना की रात परिवार के अन्य सदस्य एक तिलक समारोह में गए हुए थे। घर पर बुजुर्ग महिला अकेली थीं। सुबह उनका शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। गले पर दबाव के निशान पाए गए, जिससे हत्या की आशंका गहराई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और घर में बिखरे सामान को देखकर प्रथम दृष्टया इसे लूट का रूप देने की कोशिश माना।

### विरासत को लेकर था मन में शक

जांच के दौरान सामने आया कि मृतका की संपत्ति को लेकर परिवार में अंदरूनी तनाव था। आशंका जताई जा रही थी कि महिला अपनी संपत्ति दामाद के नाम कर सकती हैं। इसी शक ने लालच को जन्म दिया और लालच ने रिश्तों को पीछे धकेल दिया। पुलिस पूछताछ में भतीजे पर संदेह गहराया। कड़ी पूछताछ के बाद उसने जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि उसे डर था कि यदि संपत्ति दामाद के नाम हो गई तो उसका हिस्सा खत्म हो जाएगा। इसी आशंका में उसने गला दबाकर हत्या कर दी।

### हत्या के बाद रची गई कहानी

पुलिस के अनुसार हत्या के बाद घर का सामान अस्त-व्यस्त कर घटना को लूट का रूप देने की कोशिश की गई। लेकिन परिस्थितिजन्य साक्ष्यों और तकनीकी जांच ने साजिश की परतें खोल दीं। थाना हजारा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### लालच ने तोड़े रिश्ते

सिद्धनगर की यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि संपत्ति के लालच में रिश्तों का खून करने से अंततः हाथ सिर्फ हथकड़ी ही लगती है। जिस विरासत के लिए साजिश रची गई, वही अब अदालत और जेल की दहलीज पर समय के हिसाब में बदल गई है। पुलिस मामले की आगे की विवेचना कर रही है।

# घायलों के मददगार बने जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

- गुरभाग सिंह ने बिना एक पल गंवाए अपनी निजी कार रोक दी और दोनों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर मानवता की अनूठी मिसाल पेश की
- इस घटना ने यह साबित कर दिया कि संवेदनशीलता और तत्परता से किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है
- स्थानीय लोगों का कहना है कि शासन की मंशा के अनुरूप घायलों को 'गोल्डन ऑवर' में उपचार दिलाना बेहद जरूरी है

इंसानियत आज भी जिंदा है, इसका जीवंत उदाहरण पूरनपुर में देखने को मिला। पीलीभीत- पूरनपुर हाईवे पर हुए एक सड़क हादसे में घायल मां-बेटी को तड़पता देख भाजपा के जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. गुरभाग सिंह ने बिना एक पल गंवाए अपनी निजी कार रोक दी और दोनों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर मानवता की अनूठी मिसाल पेश की। कोतवाली क्षेत्र के गांव भोपतपुर सकरिया निवासी पलविंदर कौर पत्नी सतेंद्र पाल सिंह अपनी बेटी खुशनप्रीत के साथ जरूरी काम से पूरनपुर आ रही थीं। जैसे ही वे पीलीभीत- पूरनपुर हाईवे पर बगिया फॉर्म के पास पहुंचीं, सामने से तेज रफ्तार बाइक और स्कूटी की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मां-बेटी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद मौके पर भीड़ तो जुट गई, लेकिन मदद के लिए कोई आगे नहीं बढ़ा। भीड़ देखकर रुकवाई कार, खुद संभाली कमान उसी दौरान पीलीभीत से लौट रहे डॉ. गुरभाग सिंह ने सड़क पर भीड़ देख अपनी कार रुकवाई। हालात समझते ही उन्होंने एंबुलेंस या पुलिस का इंतजार किए बिना दोनों घायलों को अपनी कार में बैठाया और सीधे पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंच गए। अस्पताल पहुंचते ही उन्होंने घायल बेटी को अपनी गोद में उठाकर इमरजेंसी कक्ष तक पहुंचाया। उनकी तत्परता देखकर अस्पताल स्टाफ भी तुरंत सक्रिय हो गया और दोनों का उपचार शुरू किया गया। महिला की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कुछ देर बाद परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। वहां मौजूद मरीजों, तीमारदारों और अस्पताल स्टाफ ने भाजपा नेता की संवेदनशीलता और तत्परता की खुलकर सराहना की। स्थानीय लोगों का कहना है कि शासन की मंशा के अनुरूप घायलों को 'गोल्डन ऑवर' में उपचार दिलाना बेहद जरूरी है और ऐसे समय में आगे आकर मदद करना हर नागरिक का कर्तव्य है।यह पहला मौका नहीं है जब डॉ. गुरभाग सिंह ने मानवता का परिचय दिया हो। वे और उनकी पत्नी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर, पूर्व में भी सड़क हादसों में घायलों को अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने में सहयोग कर चुके हैं। इस घटना ने यह साबित कर दिया कि संवेदनशीलता और तत्परता से किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है। जरूरत है कि हर व्यक्ति हादसे के समय तमाशबीन बनने के बजाय मददगार बने।

# हरदोई में जुएं के कर्ज की देनदारी से बचने के लिए की गई थी गेस्ट हाउस संचालक की हत्या

## लोनार पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। हरदोई



हरदोई के लोनार थाना क्षेत्र में चार दिन पूर्व बीती 12 फरबरी को हुई गेस्ट हाउस संचालक अनिल कुमार सिंह उर्फ नीशू सिंह की हत्या का सच आखिरकार पुलिस मुठभेड़ के बाद सामने आ गया।खेत में मिले शव ने इलाके में सनसनी फैला दी थी,अनिल सिंह की बांके से हमला कर निर्मम हत्या कर दी गई थी और खून से सना बांका उनके शव के पास से बरामद किया गया था।लेकिन असली कहानी तब खुली जब पुलिस ने मुख्य आरोपी सत्यम को मुठभेड़ के बाद पैर में गोली मारकर दबोच लिया।

दरअसल यह कोई साधारण रंजिश नहीं थी, बल्कि जुए के कर्ज का खतरनाक खेल था। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि अनिल सिंह अपने दोस्तों को जुआ खेलने के लिए पैसे उधार देता था। खेल में लगातार हार के बाद कर्ज बढ़ता गया। जब अनिल ने अपने पैसे वापस मांगे, तो दोस्तों ने ही उसे रास्ते से हटाने की साजिश रच डाली। इसी विवाद में अनिल को घेरकर उस पर धारदार हथियार से हमला किया गया और उसे मौत के घाट उतार दिया गया।

16/17 फरवरी की रात लगभग 1 बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बावन कस्बे के पास घेराबंदी की। बाइक सवार आरोपी सत्यम ने खुद को घिरता देख पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया।

उसके पास से घटना में प्रयुक्त बाइक, तमंचा, कारतूस, मोबाइल फोन और खून से सने कपड़े बरामद किए गए।घायल आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, अन्य नामजद आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।दोस्ती, भरोसा और जुए की लत–इन तीनों ने मिलकर एक दोस्त की ह जान ले ली। लोनार की इस वारदात ने साफ कर दिया कि कर्ज और लालच जब सिर चढ़कर बोलते हैं,तो रिश्ते भी खून से रंग जाते हैं।

### मल्लावां में खड़ी कार में भीषण आग, एक घंटे बाद पाया गया काबू

जन एक्सप्रेस/हरदोई। मल्लावां थाना क्षेत्र में प्रसिद्ध बाबा सुनासी नाथ मंदिर के पास खड़ी एक चार पहिया डिजायर कार में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने की घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसा शार्ट सर्किट के कारण हुआ।घटना दोपहर के समय की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार तपनौर निवासी आशीष गुप्ता अपनी कार मंदिर परिसर के पास खड़ी कर दर्शन के लिए अंदर गए थे। कुछ देर बाद जब वह बाहर लौटे तो देखा कि उनकी कार से धुआं और लपटें निकल रही थीं। देखते ही देखते आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया।आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और काफी प्रयासों के बाद लगभग एक घंटे में आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक वाहन को काफी नुकसान पहुंच चुका था।कार मालिक आशीष गुप्ता ने बताया कि उन्होंने यह गाड़ी करीब एक महीने पहले ही शोरूम से खरीदी थी। घटना की सूचना पुलिस को भी दी गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आपसी भाईचारे व सौहार्द से मनाएं होली व रमजान का त्योहार: एसडीएम

जन एक्सप्रेस। हरदोई



होली व रमजान पर्व को आपसी भाईचारे व शांति तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को सांडी थाना परिसर में सीओ रविप्रकाश सिंह की उपस्थिति में एसडीएम एन के शर्मा की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सीओ रवि प्रकाश सिंह ने कहा कि दोनों पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्द के प्रतीक हैं, इसलिए इन्हें शांतिपूर्वक मनाया जाए ताकि किसी प्रकार का मतभेद उत्पन्न न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि मंदिरों व मस्जिदों में लगे लाउडस्पीकर धीमी आवाज में बजें तथा रात्रि 10 बजे के बाद उनका प्रयोग न किया जाए। जिन धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर की अनुमति नहीं है।वह आवश्यक परमिशन अवश्य प्राप्त कर लें। साथ ही मस्जिदों और मंदिरों में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश भी दिए गए।चांद रात के जुलूस को लेकर निर्देश दिया गया कि लाउडस्पीकर की ऊंचाई 8 फीट से अधिक न हो और किसी प्रकार के हुड़दंग या आपत्तिजनक गीत न बजाए जाएं। होली के संबंध में कहा गया कि जिन्हें रंग से परहेज है वे घर से बाहर न निकलें और किसी पर जबरन रंग न डाला जाए।एसडीएम एनके शर्मा ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी दोनों पर्व धूमधाम से मनाए जाएंगे। जहां पूर्व से होली दहन होता रहा है, वहीं पर होली जलाई जाए, नई जगह पर होली न जलाई जाए। सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणी न करने की हिदायत दी गई। यदि कोई ऐसा करता है तो तत्काल थाना प्रभारी को सूचना दें, संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी से गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल कायम रखने की अपील की।बैठक में सपा नेता मोहम्मद आजम ने होली के दिन शांति नगर क्षेत्र में शराब की दुकानों को बंद कराने की मांग रखी, ताकि शराबियों द्वारा किसी प्रकार का उपद्रव न हो।इस अवसर पर थाना प्रभारी बसंत राम, नायब तहसीलदार मुकेश चौधरी, चौकी प्रभारी श्याम बाबू, प्रधान इशरत अली, सुरेंद्र राजपूत, मदनपाल राजपूत, अजय सोमवंशी, अयूब पठान, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# महिला के कान से सोने के झाले नोचकर बदमाश फरार

जन एक्सप्रेस। शाहाबाद



पाली-शाहाबाद मार्ग पर महिला सभासद की बहू से दिनदहाड़े झपटमारी की घटना हुई, जिसने पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। बाइक सवार दो अज्ञात झपटमारों ने महिला सभासद रामदेवी की बहू के कान से सोने के झाले नोच लिए और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और लोगों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार पाली कस्बे के मोहल्ला पटियानीम की सभासद रामदेवी का पुत्र रंजन अपनी पत्नी रोशनी को लेकर मंगलवार दोपहर हरदोई स्थित उसके मायके भतीजे के मुंडन समारोह में शामिल होने जा रहा था। इसी दौरान शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र में पाली-शाहाबाद मार्ग पर आगमपुर और मुरीदापुर के बीच पीछे से बाइक पर आए दो झपटमारों ने रोशनी के कान से सोने के झाले नोच लिए और तेज रफ्तार में फरार हो गए। घटना इतनी अचानक हुई कि पीड़ित दंपति संभल भी नहीं सके। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़िता के बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी। हालांकि दिनदहाड़े मुख्य मार्ग पर हुई इस वारदात ने पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि अगर पुलिस की नियमित गश्त होती, तो इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता था। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी की फुटेज की जांच की जा रही है, जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# हरदोई के पचदेवरा थाना क्षेत्र में दामाद ने पीट पीट कर ससुर की कर दी हत्या

जन एक्सप्रेस। हरदोई





हरदोई।जहां समाज मे ससुर और दामाद का रिश्ता सम्मान और विश्वास का प्रतीक माना जाता है। वहीं पचदेवरा थाना क्षेत्र में इसी रिश्ते को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक दामाद ने विवाद के चलते अपने ही ससुर की हाकी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। ससुर रामतल मंदिर पर प्रसाद चढ़कर वापस लौट रहा था।

जानकारी के अनुसार जनपद शाहजहांपुर के अल्लाहगंज के मोहल्ला विकास नगर गंज निवासी लगभग 52 वर्षीय अशोक बाबू उर्फ पिन्ने मंगलवार की सुबह अपनी बहन अलका के साथ बाइक से हनुमत धाम रामताल मंदिर पर प्रसाद चढ़ाने आये थे।जहां से वह वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही अशोक बाबू ग्राम हथौड़ा के पास नहर के निकट पहुंचे,उसी समय उनके दामाद मनमोहन उर्फ मन्नू निवासी ग्राम हथौड़ा ने उन्हें रोक लिया। बताया जाता है कि ससुर-दामाद के बीच पहले से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था, इसी रंजिश में दामाद ने हाकी से अपने ससुर के सिर और शरीर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए, इसमें कई हाकी उनके सिर पर लगी। गंभीर रूप से घायल अशोक बाबू को लहुलुहान हालत में तत्काल इलाज के लिए फर्रुखाबाद के लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही पचदेवरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है और आरोपी दामाद की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई हैं।

# सीडीओ की अध्यक्षता में हुई सीएसआर फण्ड के सम्बन्ध मे बैठक

जन एक्सप्रेस। हरदोई



हरदोई।विवेकानंद सभागार में सीडीओ सान्या छाबड़ा की अध्यक्षता में सीएसआर फण्ड के सम्बन्ध मे बैठक हुई। उन्होंने गत बैठक मे दिये गये निर्देशों के क्रम मे अब तक की कार्यवाही के सम्बन्ध मे सम्बन्धित अधिकारियों से जानकारी लेते हुये विभिन्न औद्योगिक ईकाइयों के प्रतिनिधियों से कहा कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता युक्त किये जायें। उन्होंने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह मे बच्चों के प्रशिक्षण हेतु कम्प्यूटर तथा संगीत प्रशिक्षण के लिये वाद्ययंत्र उपकरण क्रय के सम्बन्ध मे जानकारी ली। उन्होंने प्रत्येक औद्योगिक ईकाई से आये प्रतिनिधियों से कहा कि जो भी कार्य विभागों मे कराने है, वो आपस मे समन्वय स्थापित करते हुये यथाशीघ्र पूर्ण किया जाये। उपायुक्त उद्योग को वर्तमान की सीएसआर इकाईयों के अतिरिक्त यदि अन्य कोई इकाई भी सम्मिलित होती हो, तो उसे भी डाटाबेस में लेने के निर्देश दिए। जिले में स्थापित प्रत्येक सीएसआर कम्पनी के की तरफ से सीएसआर धनराशि का व्यय जनपद में ही कार्यों में किया जायें। उन्होंने कहा कि आगामी वर्ष के सीएसआर फण्ड की अभी से तैयारी करना शुरू कर दें। इस मौके पर उपायुक्त उद्योग हर्ष प्रताप सिंह, जिला गन्ना अधिकारी निधि गुप्ता, जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय कुमार निगम, प्रधानाचार्य आइटीआई, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित सभी आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षक हत्याकांड का 72 घंटे में सनसनीखेज खुलासा 6 बदमाश गिरफतार

जन एक्सप्रेस। उरई (जालौन)



कानपुर जोन अपर पुलिस महानिदेशक व झांसी आईजी के सख्त निर्देश पर एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार के नेतृत्व में जालौन पुलिस ने एक और बड़ी कार्यवाही। नदीगांव थाना क्षेत्र में 14 फरवरी को राघवेन्द्र की अपहरण-हत्या का मामला मात्र 72 घंटों में सुलझा लिया गया।

शिक्षक हत्याकांड का खुलासा करते हुये एसपी डा. दुर्गेश कुमार ने बताया कि एसओजी, सर्विलांस व थाना नदीगांव टीम ने 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। मृतक रामवती के पुत्र राघवेन्द्र की तहरीर पर मुकदमा अपराध संख्या 21/2026 धारा 140(1), 103(1), 238, 61(2) बीएनएस दर्ज। मुख्य आरोपी कृष्णपाल उर्फ कुलदीप ने पूंछतांछ में कबूल किया कि जुआ का उधार न चुकाने पर राघवेन्द्र को लालच देकर बुलाया। महिला सहयोगी सोनिया के साथ अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया। झगड़े में डाटा केबल व मफलर से गला घोंट शव दतिया-सेवडा मार्ग जंगल में फेंका। आरोपी निशानदेही पर हत्या के हथियार बरामद। गिरफ्तार बदमाश रिंकू मडोरा, झांसी, कृष्णपाल उर्फ कुलदीप सराय, पूंछ झांसी, नीशू वर्मा झांसी, राजकुमार टहरौली झांसी, अभि उर्फ निगम वर्मा कोतवाली झांसी, सोनिया लहचुरा झांसी। बरामदगी में हुंडई औरा कार सफेद, एक्टिवा स्कूटी, अवैध पिस्टल व 2 जिंदा कारतूस 32 बोर, डाटा केबल, मफलर व दस्तावेज शामिल। कुलदीप के पास पिस्टल पर आर्म्स एक्ट जोड़ा। कुलदीप का लंबा आपराधिक इतिहास हत्या, धोखाधड़ी आदि। प्रभारी निरीक्षक नदीगांव व एसओजी टीम को बधाई। एसपी ने कहा अपराधियों को किसी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मामले में अग्रिम कार्रवाई जारी।

### पारले एग्रो ने स्मूध केसर बादाम लॉन्च किया है

कानपुर। भारत के प्रमुख भारतीय बेवरेज संस्थानों में से एक पारले एग्रो ने अपने प्रमुख डेयरी बेवरेज ब्रांड स्मूध के तहत नया उत्पाद स्मूध केसर बादाम लॉन्च किया है। यह नया लॉन्च स्मूध के फ्लेवर्ड मिल्क बेवरेज पोर्टफोलियो में क्लासिक केसर-बादाम फ्लेवर को जोड़ता है, जो समृद्ध और इंडल्जेंट डेयरी बेवरेज अनुभव की तलाश करने वाले उपभोक्ताओं के लिए एक नया विकल्प प्रस्तुत करता है। भारत भर में लोकप्रिय केसर-बादाम फ्लेवर अपनी पहचान, समृद्धता और सांस्कृतिक जुड़ाव के लिए जाना जाता है। स्मूध केसर बादाम में बादाम की पोषणयुक्त अच्छाई और केसर की सौम्य गर्माहट को स्मूद, क्रीमी मिल्क के साथ मिलाया गया है, जिससे स्मूध की सिग्नेचर स्टाइल में एक प्रीमियम इंडल्जेंट अनुभव मिलता है। यह फ्लेवर्ड मिल्क बेवरेज हर मौके के लिए उपयुक्त है – चाहे त्योहारों का जश्न हो, पारिवारिक अवसर, शाम की इंडल्जेंस या दिन के किसी भी समय ताजगी का अनुभव।

रुपये 10 (80 मि.ली.) और रुपये 20 (150 मि.ली.) की कीमत में उपलब्ध, स्मूध केसर बादाम को रोज़मर्रा के उपभोग के लिए सुविधाजनक और आसानी से उपलब्ध फॉर्मेट में पेश किया गया है।

# जीआईसी उरई परिसर में बनेगी मॉडल लाइब्रेरी

जन एक्सप्रेस। उरई (जालौन)



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पुस्तकालय समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनपद में सार्वजनिक पुस्तकालयों के सुदृढ़ीकरण, संसाधनों के बेहतर उपयोग और पाठकों में पठन संस्कृति के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि जीआईसी परिसर में स्थित जर्जर भवन का नियमानुसार ध्वस्तीकरण (डिमोलेशन) कराया जाए तथा उसी स्थान पर कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के माध्यम से एक आधुनिक मॉडल लाइब्रेरी का निर्माण कराया जाए। उन्होंने कहा कि यह मॉडल लाइब्रेरी जनपद के युवाओं के लिए ज्ञान का प्रमुख केंद्र बनेगी। जिलाधिकारी ने राजकीय जिला पुस्तकालय की वार्षिक विकास योजना के निर्धारण एवं प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि पुस्तकालय को आधुनिक स्वरूप प्रदान किया जाए। उन्होंने पुस्तकालय में उपलब्ध फर्नीचर, पुस्तकों एवं अन्य अनुपयोगी सामग्री का नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करने तथा उपयोगी संसाधनों का पुनः उपयोग करने के निर्देश दिए। वित्तीय समीक्षा के अंतर्गत बताया गया कि गत वर्ष विभिन्न मदों में प्राप्त बजट का नियमानुसार व्यय किया गया है तथा चालू वित्तीय वर्ष में भी प्राप्त धनराशि के व्यय की कार्यवाही प्रचलित है। जिलाधिकारी ने सभी व्ययों का पारदर्शी ऑडिट कराए जाने और बैंक खाते की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से पाठकों हेतु आवश्यक एवं उपयोगी पाठ्य सामग्री की उपलब्धता बढ़ाने के निर्देश दिए। प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकों, संदर्भ ग्रंथों एवं समसामयिक साहित्य की खरीद के लिए शासन को प्रस्ताव प्रेषित करने तथा अन्य स्रोतों से संसाधन जुटाने पर बल दिया गया। कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत फर्नीचर, सोलर पैनल एवं आधुनिक सुविधाओं की उपलब्धता हेतु प्रस्ताव तैयार कर आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि राजकीय जिला पुस्तकालय को एक सक्रिय सामाजिक एवं बौद्धिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां विद्यार्थियों, प्रतियोगी अभ्यर्थियों एवं आम नागरिकों को अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध हो सके।जनपद के समस्त अधिकृत सार्वजनिक पुस्तकालयों के निरीक्षण, आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही तथा पठन अभिरुचि बढ़ाने हेतु विशेष योजनाएं तैयार करने का भी निर्णय लिया गया।

### एमडी में चयनित होकर शैफाली ने बढ़ाया माधौगढ़ का मान

माधौगढ़। साधारण परिवार से निकलकर एक बेटी ने मेहनत और लगन के दम पर पहले एमबीबीएस और अब एमडी में चयनित होकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। व्यापारी लालजी सिपौल्या की पुत्री शैफाली गुप्ता ने सीमित संसाधनों के बावजूद नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर झांसी मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की। एमबीबीएस के बाद शैफाली ने ललितपुर जिला चिकित्सालय में सेवाएं देते हुए अपनी पढ़ाई जारी रखी और अब एमडी (एनेस्थीसिया) में चयनित होकर नई उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस सफलता को क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उदाहरण माना जा रहा है। हालांकि वर्तमान में उनका परिवार उरई में निवास करता है, लेकिन परिवार की जड़ें आज भी माधौगढ़ से जुड़ी हुई हैं। शैफाली की उपलब्धि से पूरे कस्बे तथा गहोई समाज में खुशी की लहर है। गहोई समाज के अध्यक्ष मनोज चैधरी तथा क्षेत्रीय अध्यक्ष रघुवीर शरण महतेले (गंगा-जमुनी गहोई समाज) सहित अनेक लोगों ने इस होनहार बेटी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उसकी सफलता क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणा बनेगी।



# एडवांस्ड हार्ट फेलियर में नई उम्मीद हार्ट ट्रांसप्लांट और एलवीएडी से मिल रहा बेहतर जीवन

जन एक्सप्रेस। वाराणसी

हार्ट फेलियर एक गंभीर बीमारी है जो दुनियाभर में लाखों लोगों को प्रभावित कर रही है और भारत में भी इसके मामलों में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है, खासकर 65 वर्ष से कम आयु के लोगों में। जब दवाओं और सामान्य उपचार से मरीज को पर्याप्त राहत नहीं मिलती और बीमारी अंतिम चरण यानी एडवांस्ड हार्ट फेलियर में पहुंच जाती है, तब एडवांस्ड ट्रीटमेंट की जरूरत होती है। ऐसे में मुख्य विकल्प होते हैं, हार्ट ट्रांसप्लांट और लेफ्ट वेंट्रिकुलर असिस्ट डिवाइस (एलवीएडी)। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साकेत के सीटीवीएस विभाग के चेयरमैन एवं हेड डॉ. रजनीश मल्होत्रा ने बताया एंड-स्टेज हार्ट फेलियर के लिए हार्ट ट्रांसप्लांट को आज भी गोल्ड स्टैंडर्ड ट्रीटमेंट माना जाता है। इसमें मरीज के खराब हो चुके हृदय को किसी मृत डोनर के स्वस्थ हृदय से बदला जाता है। यह उन मरीजों के लिए उपयुक्त है जिन पर दवाओं और अन्य सर्जिकल उपचारों का असर नहीं हो रहा और जिनकी जीवन प्रत्याशा सीमित रह गई है। सफल ट्रांसप्लांट के बाद मरीज को लंबी अवधि तक बेहतर जीवन मिल सकता है, हालांकि उन्हें जीवनभर इम्यूनोसप्रेसिव दवाएं लेनी पड़ती हैं ताकि शरीर नए हृदय को अस्वीकार न करे। दूसरी ओर, एलवीएडी एक मैकेनिकल डिवाइस है जिसे सर्जरी के जरिए सीने में लगाया जाता है। यह डिवाइस हृदय के बाएं हिस्से से खून को पूरे शरीर में पंप करने में मदद करता है और कमजोर हो चुके दिल का काम संभालता है। एलवीएडी को ट्रांसप्लांट तक पहुंचने के लिए ब्रिज टू ट्रांसप्लांट के रूप में, स्थायी उपचार के तौर पर या अस्थायी रिकवरी सपोर्ट के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

# पंचायती राज मंत्रालय ने 9 प्रमुख विषयों पर आधारित दृष्टिकोण अपनाया गया :डीएम

जन एक्सप्रेस। उरई (जालौन)



जनपद में पंचायती राज व्यवस्था को और अधिक सशक्त एवं परिणामोन्मुख बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) के अंतर्गत जिला स्तरीय समिति सदस्यों का अभिविन्यास प्रशिक्षण जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जीपीडीपी, पीडीआई, मॉडल ग्राम पंचायतों के प्रधान व प्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता रही। जिलाधिकारी ने कहा कि पंचायती राज मंत्रालय द्वारा सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु 9 प्रमुख विषयों पर आधारित एक स्पष्ट और समन्वित दृष्टिकोण अपनाया गया है। इन विषयों के माध्यम से ग्राम पंचायतों को विकास की मुख्यधारा में लाकर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्राम विकास की परिकल्पना केवल आधारभूत संरचनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि समग्र सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय उन्नयन पर आधारित है। इसके अंतर्गत गरीबी मुक्त गांव, स्वस्थ गांव, बाल हितैषी गांव, पर्याप्त जल युक्त गांव, स्वच्छ एवं हरा-भरा गांव, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाला गांव, सामाजिक रूप से सुरक्षित एवं न्यायसंगत गांव, सुशासन वाला गांव तथा महिला हितैषी गांव जैसे लक्ष्यों को प्राप्त करने पर विशेष बल दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने समिति सदस्यों को कहा कि ग्राम पंचायत विकास योजना को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप जल संरक्षण को अनिवार्य रूप से जीपीडीपी का अंग बनाना तैयार किया जाए तथा प्रत्येक पंचायत अपने संसाधनों, आवश्यकताओं और संभावनाओं का वैज्ञानिक मूल्यांकन कर योजनाएं बनाए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि व्यवहारिक क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है, ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा योजनाओं की रूपरेखा, वित्तीय प्रबंधन, सामाजिक सहभागिता, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए ग्राम स्तर पर प्रभावी कार्यान्वयन का संकल्प लिया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद आदि अधिकरी सहित ग्राम पंचायतों से प्रधान व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# पानी की तलाश में भटकती गाय नदी किनारे दलदल में फंसी

जन एक्सप्रेस। रामपुरा (जालौन)

थाना क्षेत्र के नदिया पार इलाके में विलौड़ गांव के पास पहूज नदी के किनारे बने गहरे दलदल में पानी पीने गई एक गाय फंस गई। पिछले दो दिनों से भूखी-प्यासी गाय कीचड़ में धंसी हुई है और उसे सुरक्षित बाहर निकालने के लिए ग्रामीण लगातार प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार नदी किनारे का इलाका अत्यंत दलदली है। पानी की तलाश में मवेशी जब वहां पहुंचते हैं तो अक्सर कीचड़ में धंस जाते हैं। इसी क्रम में विलौड़ गांव के पास एक गाय गहरे दलदल में फंस गई और निकलने के प्रयास में और अधिक धंसती चली गई। बताया जा रहा है कि गाय की करुण पुकार सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और रस्सियों व लकड़ियों की मदद से उसे बाहर निकालने की कोशिश की जा रही है। हालांकि दलदल अधिक गहरा होने के कारण राहत कार्य में काफी कठिनाई आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासनिक सहायता और आवश्यक संसाधन मिल जाया करे तो दलदल में फसने वाली गायों को समय रहते सुरक्षित निकाला जा सकता है। ग्रामीण आशीष सिंह चैहान ने बताया कि नदी किनारे दलदल में मवेशियों के फंसने की घटनाएं आम हो चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई स्थायी प्रबंध नहीं किए गए हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि नदी तट पर सुरक्षा के इंतजाम किए जाएं, कंटीली झाड़ियों की बाढ़ लगाई जाएं तथा पशुओं के लिए सुरक्षित पेयजल की व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# बार्डर पर विदेशी मक्का और रामफल बरामद, दो गिरफ्तार

## नेपाल राष्ट्र से अवैध तस्करी के जरिए भारतीय सीमा क्षेत्र लाया जा रहा था लाखों का विदेशी सामान

जन एक्सप्रेस | महराजगंज



जिले के भारत नेपाल बार्डर पर निचलौल पुलिस प्रशासन, 22वी बहीनी एसएसबी पतलहवा व कस्टम विभाग की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर अवैध तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने अंतराष्ट्रीय बार्डर के पिलर संख्या 497 के समीप से 220 बोरी अर्जेटीना व तुर्की देश की मक्का, 490 पेटी रामफल, सहित चार नेपाली पिकअप, एक भारतीय न0 प्लेट की बाइक बरामद कर मौके से दो कैरियर को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के मुताबिक, सीमावर्ती क्षेत्र में अवैध तस्करी जैसे कारोबार में संलिप्त सक्रिय तस्करों द्वारा उपरोक्त सामान नेपाल राष्ट्र से अवैध तरीके से भारतीय सीमा क्षेत्र में लाया जा रहा था। संयुक्त टीम द्वारा बरामद तस्करी माल की कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। पूछताछ में तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के नाम भी सामने आने की संभावना है। पूछताछ के दौरान पकड़े गए दोनों अभियुक्त ने अपना नाम क्रमशः येमनाथ राजभर पुत्र फुलेसर निवासी ग्राम बदहरा दुर्ग्वालिया जिला- नवलपरासी, धीरज केवट पुत्र मेवालाल केवट निवासी ग्राम गाँव पालिका सरावल जिला नवलपरासी राष्ट्र नेपाल बताया है। सुरक्षा एजेंसियों ने सीमा पर बरामद सभी सामानों को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई हेतु निचलौल कस्टम विभाग के हवाले सुपुर्द कर दिया है।

# अनिकेत ने जेईई मेंस-2026 में हासिल किया 97.30 प्रतिशत अंक



**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जनपद की पट्टी तहसील के परसंडा गांव निवासी राजेश मौर्य के होनहार बेटे अनिकेत मौर्य ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई मेंस) 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। अनिकेत ने भौतिकी में 96.94 प्रतिशत, रसायन विज्ञान में 95.74 प्रतिशत तथा गणित में 95.05 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। वे उत्तर प्रदेश राज्य के ओबीसी (एनसीएल) पात्रता वर्ग से हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवारजनों सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। अनिकेत के चाचा एवं ग्राम प्रधान परसंडा कृष्ण कुमार मौर्य ने बताया कि यह सफलता अनिकेत की कठिन मेहनत, अनुशासन और लगन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अनिकेत का लक्ष्य आगे चलकर किसी प्रतिष्ठित आईआईटी या एनआईटी संस्थान में प्रवेश लेकर इंजीनियर बनना और देश सेवा करना है। अनिकेत की इस सफलता पर ग्रामीणों, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# जीरो फेटेलिटी मिशन: यातायात पुलिस ने दी सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी





जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और मृत्यु दर को न्यूनतम करने के संकल्प के साथ %जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट% अभियान को गति दी जा रही है। मंगलवार को एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात प्रभारी मनोज कुमार एवं चौकी प्रभारी मकंद्रूगंज राहुल यादव ने लाउड हेलर से ट्रांसपोर्ट संचालकों, वाहन चालकों एवं आमजनमानस को यातायात नियमों के मद्देनजर सचेत किया। यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि दोपहिया वाहन चालक हेलमेट और चारपहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। नशे की हालत में वाहन न चलाने और निर्धारित गति सीमा के भीतर ही वाहन चलाने की सख्त हिदायत दी गई।इसके साथ ही सड़क पर लगे यातायात संकेतों और जेब्रा क्रॉसिंग के महत्व को समझाया गया। यातायात पुलिस ने जनता से अपील की है कि सड़क सुरक्षा केवल एक नियम नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का आधार है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, यह अभियान जनपद में निरंतर जारी रहेगा ताकि प्रत्येक नागरिक सुरक्षित सफर कर सके।

# ढूठीबारी में सरकारी जमीन पर कब्जे की कोशिश नाकाम

जन एक्सप्रेस | ढूठीबारी/महराजगंज

**गड्ढा दर्ज सरकारी भूमि पर ईंट-बालू गिराकर हो रहा था कब्जा, लेखपाल की सख्ती से हटा अतिक्रमण**

निचलौल तहसील क्षेत्र ढूठीबारी स्थित सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की कोशिश को प्रशासन ने समय रहते नाकाम कर दिया। बस स्टैंड टैक्सी के दक्षिण तथा ढूठीबारी- निचलौल मार्ग के पश्चिम स्थित ग्राम सभा की भूमि, खसरा गाटा संख्या 988, जो अभिलेखों में ÷गड्ढा÷ के रूप में दर्ज है, वहां सोमवार को एक व्यक्ति द्वारा ईंट व बालू गिराकर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था। सूचना मिलते ही हल्का लेखपाल देवेंद्र पटेल मौके पर पहुंच स्थिति का निरीक्षण किया। जांच में स्पष्ट हुआ कि कस्बे के निवासी सुरेश मद्धेशिया द्वारा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की कोशिश की जा रही थी। लेखपाल ने मौके पर ही निर्माण सामग्री हटवाकर भूमि को कब्जा मुक्त कराया तथा संबंधित व्यक्ति को कड़ी चेतावनी दी। प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि बेशकीमती सरकारी जमीनों पर लगातार अवैध कब्जे की कोशिशें हो रही हैं, जिससे सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर संकट बढ़ता जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से नियमित निगरानी और सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि यदि समय रहते अतिक्रमण न हटाया जाता तो मकान निर्माण हो सकता था, जिससे सरकारी योजनाओं और सार्वजनिक कार्यों में बाधा उत्पन्न होती। इस बाबत हल्का लेखपाल देवेंद्र पटेल ने बताया कि ग्राम सभा में सार्वजनिक उपयोग के लिए भूमि सुरक्षित है। किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण या कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोबारा अतिक्रमण का प्रयास किया गया तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय व सीओ लालगंज आशुतोष मिश्रा के कुशल पर्वेक्षण में संग्रामगढ़ पुलिस द्वारा गैंगस्टर के पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त वीरेन्द्र यादव, सागर नाई, रमेश कोहार व अंकुश सिंह संग्रामगढ़ थाना इलाके के नरई गांव के रहने वाले हैं जबकि रामेन्द्र सरोज हिसामपुर गांव का रहने वाला है। पुलिस ने पांचों अभियुक्तों को मंगलवार को थाना इलाके के सोना सरैया गांव स्थित गंगा अन्डरपास के पास से गिरफ्तार किया। इन सभी के खिलाफ जिले में हत्या का प्रयास, गैर इरादतन हत्या, व गैंगस्टर एक्ट जैसे गंभीर मुकमदे दर्ज हैं।

सीओ लालगंज आशुतोष मिश्र ने बताया कि संग्रामगढ़ पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट से संबंधित पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इनके विरुद्ध गम्भीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का ढूठीबारी में जोरदार स्वागत

जन एक्सप्रेस | महराजगंज



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री तथा जिले के सांसद पंकज चौधरी के महराजगंज जनपद आगमन पर भाजपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद यह उनका दूसरा जनपद दौरा था। जिले भर में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं, ढोल-नगाड़ों और जयघोष के साथ उनका अभिनंदन किया।

भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे ढूठीबारी नगर में उनके आगमन पर व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय कुमार जायसवाल के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओ ने उनके स्वागत के लिए एकत्र हुए। प्रदेश अध्यक्ष के सम्मान में जोरदार नारे लगाए गए। कई स्थानों पर जेसीबी और बुलडोजर के माध्यम से पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया। इसके उपरांत पंकज चौधरी ने पाड़ियाताल मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच माता के चरणों में नमन करते हुए उन्होंने क्षेत्र और प्रदेश के लोककल्याण तथा प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। अपने स्वागत से अभिभूत पंकज चौधरी ने कहा कि यह सम्मान उनका व्यक्तिगत नहीं, बल्कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक समर्पित कार्यकर्ता का है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व मिलने का श्रेय कार्यकर्ताओं के आशीर्वाद और परिश्रम को दिया। साथ ही आश्वासन दिया कि वह पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ निभाएंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक अवनींद्र नाथ द्विवेदी, स्वामी विवेकानंद विद्यालय के संस्थापक नंद प्रसाद चौधरी, आदर्श स्कूल के प्रधानाचार्य जितेंद्र पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष गौतम चौधरी, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, पवन जायसवाल, भवन गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्त, संजय रौनियार सहित तमाम अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ब्लाइंड मर्डर का खुलासा: तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़



जिले की नवाबगंज थाने की पुलिस ने पखवारे भर पहले हुए एक ब्लाइंड मर्डर का पर्दाफाश करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों ने जमीनी विवाद में सुपारी लेकर योजनाबद्ध तरीके से महिला की थी।

बता दें कि थाना इलाके के गहरू का पुरवा ( अब्दुल वाहिदगंज ) गांव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। महिला का अपने सौतेले पुत्र से जमीनी विवाद चल रहा था और वह अपने मायके में अपनी भाभी के साथ रह रही थी। महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में उसकी भाभी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की गम्भीरता से जांच कर रही थी। एसपी दीपक भूकर ने घटनास्थल का निरीक्षण कर खुलासे के लिए टीमें गठित कर संबंधित को कड़े निर्देश दिये गए थे। उसी क्रम में एएसपी पश्चिमी बृजनन्दन राय व सीओ कुण्डा अमरनाथ गुप्ता के कुशल पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष सन्तोष कुमार सिंह व उनकी पुलिस टीम ने ब्लाइंड मर्डर का पर्दाफाश करते हुए उसमें शामिल तीन अभियुक्तों विशाल, शिवकुमार व महेन्द्र सिंह को नवाबगंज थाना इलाके के कंदई मोड़ के पास से मंगलवार को गिरफ्तार किया। तीनों अभियुक्त रायबरेली जिले के सलोन थाना इलाके के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त शिवकुमार ने बताया कि उसने परमेश पटेल से पांच लाख की सुपारी लेकर अपने भांजे विशाल सरोज व उसके साथी मो. तौफीक व एक अन्य अज्ञात सहयोगी तथा सह-अभियुक्त महेन्द्र सिंह के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से उर्मिला की गला दबाकर हत्या की थी। मृतका की सलोन बाईपास स्थित कीमती भूमि को लेकर विवाद था जिसे लेकर उसे रास्ते से हटाने की साजिश रची गई और उसकी हत्या की गई। हत्या के बाद परमेश द्वारा ढाई लाख दिए गए जिन्हें आपस में बंटवारा किया गया और बरामद धनराशि उसी सुपारी की बताई गई। अभियुक्तों ने यह भी बताया कि शक होने पर परमेश ने उन्हें कुछ दिनों के लिए बाहर चले जाने को कहा था, आज हम तीनो लोग गंगा पार जा रहे थे, कि पुलिस द्वारा पकड़ लिये गये।

थाना प्रभारी सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर महिला के सौतेले बेटे की पत्नी के रिश्तेदार ने उसकी जमीन हड़पने को लेकर हत्या की सुपारी गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों को दी थी। इसमें शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया गया है। जल्द ही साजिश रचने वाले परमेश पटेल को भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## पंचायत एक्ट को मूल रूप में लागू करे सरकार

**देवरिया।** संयुक्त पंचायत एवं निकाय मोर्चा के तत्वाधान में सोमवार को कलक्ट्रेट में लोगों ने धरना दिया। इसमें पंचायत एक्ट को पूरी तरह लागू करने के बाद पंचायत चुनाव कराने की मांग की गई। इस धरना में जिले के पंचायत प्रतिनिधियों व किसानों ने प्रतिभाग किया। पंचायत प्रतिनिधि एवं निकाय मोर्चा के संयोजक बृजेंद्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि बिना पंचायत राज एक्ट के मूल स्वरूप को लागू किया जाना निकाय एवं पंचायत चुनाव कराना पूरी तरह गलत है। देश की जनता के साथ धोखाधड़ी है। आम जनता प्रशासन एवं न्यायालय के विलंबित कार्यवाही से असंतुष्ट एवं नाराज है। जमानती एवं छोटे अपराधों की बाढ़ सी आ गई है। उन्होंने कहाकि पंचायत को न्यायिक अधिकार दिए जाएं। जिला पंचायत एवं ब्लॉक प्रमुखों का चुनाव आम जनता से कराया जाए। सभी पंचायत प्रतिनिधियों जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत सदस्य को कम से कम 20,000 रुपये पेंशन देते हुए दुर्घटना बीमा पर 20 लाख रुपए दिए जाएं।

# साइबर सेल ने 12 पीड़ितों के खाते में वापस कराए 4.88 लाख

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़




जिले की साइबर सेल और साइबर क्राइम थाना टीम ने ठगी के शिकार हुए लोगों को बड़ी राहत दी है। एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत कुल 12 शिकायतों का त्वरित निस्तारण करते हुए ठगी गई 4 लाख 88 हजार 310 रुपये की धनराशि पीड़ितों के बैंक खातों में वापस कराई गई है। साइबर टीम ने एनसीआरपी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की गहन जांच की। टीम ने तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से धोखाधड़ी से आहरित की गई राशि को फ्रीज कराया और विधिक प्रक्रिया पूरी कर उसे वापस दिलाने में सफलता हासिल की। अपनी खोई हुई रकम वापस पाकर पीड़ितों ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया है। ठगों ने ?यूपीआई फॉड, ?इंटरनेट बैंकिंग, फर्जी लिंक व ?क्रेडिट कार्ड जैसे तरीकों का इस्तेमाल किया था। पुलिस ने आमजनमानस से अपील करते हुए कहा है कि डिजिटल लेनदेन के दौरान सतर्क रहते हुए किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना ओटीपी, पिन या बैंक विवरण साझा न करें। ?रिमोट ऐप से बचने व विदेशी नंबरों (+92, +44 आदि ) से आने वाले कॉल या मैसेज पर भरोसा न करने की अपील की है। साथ ही पुलिस का कहना है कि।साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करें या वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करायें।

# सरसों की फसल देख रुके कृषि मंत्री, खिंचवाई फोटो

जन एक्सप्रेस | देवरिया



तरकुलवा। पथरदेवा विधानसभा क्षेत्र के मुसहरी गांव में रविवार को एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही का काफिला रास्ते में एक खेत में सरसों की लहलहाती फसल देखकर अचानक रुक गया। मंत्री ने खेत में जाकर फसल का मुआयना किया और किसान को फोन कर मेहनत की तारीफ की। इसके बाद कृषि मंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों के कारण किसानों की आमदनी दोगुनी हो रही है।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही रविवार को ग्राम पंचायत मुसहरी में प्रस्तावित अंत्येष्टि स्थल के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम में जा रहे थे। अचानक उनकी नजर सड़क के किनारे एक खेत पर पड़ी, जिसमें सरसों की फसल लहलहा रही थी। यह देखकर अचानक अपनी गाड़ी रोककर वे खेत में जा पहुंचे। सरसों की बालियों को देखने के बाद किसान के बारे में पूछा। साथ के लोगों ने बताया कि खेत पूर्व जिला पंचायत सदस्य कौशल किशोर सिंह का है। उन्होंने दूरभाष पर किसान कौशल किशोर सिंह को बधाई दी। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के अन्य किसानों को इससे सीख लेकर उन्नत तकनीक के साथ जैविक खेती के लिए प्रेरित किया।

कृषि मंत्री ने सरसों के खेत में खड़े होकर तस्वीर खिंचवाई और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा कि सरसों की लहलहाती फसल देख खुद को रोक नहीं पाया। सरकार द्वारा उपलब्ध योजनाओं का लाभ उठाकर प्रत्येक किसान अपना उत्पादन बढ़ा कर दोगुनी आय प्राप्त कर सकता है। इस दौरान कृषि मंत्री के साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष दुष्यंत राव, ब्लॉक प्रमुख राम आशीष गुप्ता, प्रधान रणजीत सिंह, प्रधान मुकेश गुप्ता, रामाश्रय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# स्कूल बसों की टक्कर, एक बच्ची घायल

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

क्षेत्र में सोमवार को दो स्कूल बसों की टक्कर में एक बच्ची को मामूली चोट आई है। दोनों बसों को नुकसान हुआ है। हादसा बकरी बचाने के प्रयास में हुआ। जानकारी के अनुसार, खस्डा कस्बे व जखिनिया चौराहे के पास के स्कूल की दो बसें छुट्टी होने के बाद बच्चों को घर छोड़ने भैसहा गांव गई थीं। वापसी में आगे चल रही बस के चालक ने बकरी बचाने के लिए अचानक ब्रेक लगा दिया, जिससे पीछे आ रही बस का चालक नियंत्रण खो बैठा और दोनों बसों में टक्कर हो गई। इस हादसे में पीछे वाली बस का शीशा टूट गया और दोनों बसों को नुकसान हुआ। बस में सवार 5 वर्षीय आनंदी को हल्की चोट लगी है, जबकि 6 वर्षीय रितेश और 5 वर्षीय आराध्या बदहवास होकर रोने लगे।

# बाबा बेलखरनाथ धाम मंदिर में चेन स्नेचिंग करने वाले तीन गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़



जिले की दिलीपपुर थाने की पुलिस ने बीते शनिवार को बाबा बेलखरनाथ धाम मन्दिर में चेन स्नेचिंग की घटना का खुलासा करते हुए एक महिला सहित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से सोने की चेन के कटे हुए सात टुकड़े, चांदी की पायल के 16 कटे हुए टुकड़े समेत बारह सौ नकदी भी बरामद किया है।

बता दें कि बीते शनिवार को रजनीश मिश्रा ने दिलीपपुर थाने पर सूचना दी कि बाबा बेलखरनाथ धाम मंदिर के गर्भगृह में दर्शन के दौरान अज्ञात महिला द्वारा उनकी माता के गले से सोने की चेन झपट ली गई। जिसके बाद पुलिस मुकदमा दर्ज कर अज्ञात आरोपियों की तलाश कर रही थी। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल व सीओ पट्टी मनोज कुमार के कुशल पर्वेक्षण में दिलीपपुर थाना प्रभारी बलराम सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर जगदीशगढ़ चौराहे के पास एक महिला व दो पुरुषों को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा। गिरफ्तार अभियुक्त मटरू उसकी पत्नी शीला व बेटा शकील आजमगढ़ जिले के महराजगंज थाना इलाके के कोल मोदीपुर के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे संगठित गिरोह बनाकर भीड़भाड़ वाले मंदिरों व मेलों में महिलाओं के आभूषण काटकर चोरी व झपटमारी करते हैं तथा सामान को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर औने-पौने दाम में बेच देते हैं। घटना में इनके दो अन्य साथी जयकिशन उर्फ जैकी व उसकी पत्नी पूजा भी उनके साथ यही काम करते हैं। एसओ दिलीपपुर बलराम सिंह ने बताया कि मंदिर में चेन स्नैचिंग के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा जा रहा है तथा फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास जारी हैं।

# राजधानी मार्ग की जर्जर सड़क पर गिर कर राहगीर हो रहे है चुटहिल

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



नगर पालिका परिषद गंगाघाट क्षेत्र के अंतर्गत राजधानी मार्ग की जर्जर सड़क जोकि कई जगह अमृत योजना के पाईप डाले जाने से छतिग्रस्त हो गई कही कही तो किनारे से आधी सड़क तक गायब है गिट्टीयो से फिसल कर आये दिन राहगीरों के चुटहिल हो रहे है राजधानी मार्ग के दोनों ओर कई जगह भवन निर्माण सामग्री मौरंग दुकानदारों द्वारा डंप किये जाने से सायकिल ट्रैक और पैदल मार्ग भी बन्द है जो फ़ैल कर राजधानी मार्ग पर फ़ैल जाती है जिससे आये लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे है और अवैध अतिक्रमण कारीयो के हौसले चरम पर है नगर पालिका परिषद गंगाघाट द्वारा कई बार इन दुकानदारों पर कार्यवाही की गई किन्तु पुनः मुख्य मार्ग तक अतिक्रमण कर शासन और प्रशासन एंव यातायात विभाग को खुली चुनौती दे रहे जबकि नियमानुसार मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण (अवैध कब्जा) एक दंडनीय अपराध है, जिसके तहत नगर निगम, विकास प्राधिकरण या पुलिस द्वारा बिना पूर्व सूचना के भी कब्जा हटाया जा सकता है इसके खिलाफ 7-10 दिनों का नोटिस देकर या सीधे भू-अतिक्रमण अधिनियम 1905 और IPC 441/447 (या BNS) के तहत कार्रवाई की जा सकती है अतिक्रमण हटाने का खर्चा भी कब्जाधारी से वसूला जाता है।

### मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण विरोधी नियम और कानून

सार्वजनिक रास्तों, फुटपाथ या सड़कों पर किसी भी तरह का निर्माण (दीवार, सीढ़ी, चबूतरा) या मलबा रखना अवैध है दंड: अतिक्रमण के मामले में आईपीसी की धारा 447 के तहत 3 महीने तक की कैद या जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं प्रशासनिक कार्यवाही: नगर निगम/पालिका को यह अधिकार है कि वह सार्वजनिक मार्ग से अवैध कब्जे (दुकान, रेहड़ी) को हटाए और यातायात सुचारू करे खर्च की वसूली: यदि प्रशासन को अतिक्रमण हटाने के लिए मजबूर होना पड़ता है, तो हटाने में लगा खर्च अतिक्रमण करने वाले से वसूला जाता है पुन: अतिक्रमण पर कार्रवाई: दोबारा कब्जा करने पर कठोर कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ भारी जुर्माना लगाया जा सकता है शिकायत दर्ज करना: यदि कोई सार्वजनिक मार्ग रोक रहा है, तो आप स्थानीय नगर पालिका, विकास प्राधिकरण, एसडीएम (स्थरू) या थाना पुलिस को लिखित शिकायत दे सकते हैं किन्तु नगर पालिका परिषद गंगाघाट और यातायात विभाग शायद किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहे है अब देखना ये है की शासन प्रशासन कब तक राजधानी मार्ग पर फैले अतिक्रमण करियो पर कार्यवाही करता है और राजधानी मार्ग का आवा गमन दुरुस्त करता है या किसी दुर्घटना के बाद संज्ञान लिया जायेगा।

# 28 फरवरी को सिद्दीकपुर आईटीआई में वृहद रोजगार मेला

- जिला कार्यकारी समिति की बैठक में तैयारियों की समीक्षा, पोर्टल पर पंजीकरण के निर्देश

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जौनपुर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र के निर्देश के क्रम में उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत जनपद जौनपुर में जिला कार्यकारी समिति की बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया ने की। बैठक में 28 फरवरी को आईटीआई सिद्दीकपुर परिसर में आयोजित होने वाले वृहद रोजगार मेले की तैयारियों की समीक्षा की गई। संबंधित विभागों– आईटीआई,विद्यालय पॉलीटेक्निक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा संस्थान, डिग्री कॉलेज, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट ऑफिसर, नर्सिंग, फार्मेसी, आरसेटी तथा कौशल विकास मिशन–को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने संस्थानों के अभ्यर्थियों का पंजीकरण अनिवार्य रूप से roj-gaarsangam.up.gov.in पोर्टल पर कराएं। उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया गया कि जनपद के सतहरिया एवं कारखियाव औद्योगिक क्षेत्रों की इकाइयों को रोजगार मेले में प्रतिभाग के लिए प्रेरित करें। वहीं जिला सेवायोजन अधिकारी को व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक नियोजकों से पोर्टल पर रिक्तियां अपलोड कराने के निर्देश दिए गए, ताकि मेला सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। अधिकारियों ने बताया कि रोजगार मेला युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

## अनियंत्रित ट्रैक में युवक को रौंदा युवक की मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



**नवाबगंज।** सोहरामऊ थाना क्षेत्र के भल्लाफार्म पर एक वृद्ध को अनियंत्रित ट्रक ने रौंद दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। एम्बुलेंस ने सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के मौहारी गांव निवासी हंसराम यादव (60) पुत्र स्व चंद्रिका मंगलवार शाम को भल्लाफार्म तिराहे पर किसी काम से गया था। हाईवे पार करने के दौरान लखनऊ की तरफ जा रहा ट्रक अनियंत्रित हो गया और हंसराम को रौंदते हुए सर्विस लेन के डिवाइडर में टकरा गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल हंसराम को सूचना पर पहुँची एम्बुलेंस सीएचसी लेकर गई। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के दो बेटों में प्रवीण की मौत हो चुकी है नवीन परिवार के साथ लखनऊ में रहता है।एसओ अरविंद पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। चालक भाग गया है ट्रक को कब्जे में लिया गया है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# हाथरस में एडीजी का वार्षिक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । हाथरस

अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) आगरा जोन, आगरा अनुपम कुलश्रेष्ठ द्वारा वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके साथ डीआईजी अलीगढ़ प्रभाकर चौधरी, एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### पुलिस कार्यालय में विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण

एडीजी के पुलिस कार्यालय पहुंचने पर गार्ड द्वारा सलामी दी गई। इसके उपरांत उन्होंने सीसीटीवी सेल, वीआईपी सेल एवं जनसुनवाई कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया। निरीक्षण के दौरान वाचक कार्यालय, प्रधान लिपिक कार्यालय, आंकिक शाखा, डीसीआरबी शाखा, जन सूचना सेल, विशेष जांच प्रकोष्ठ, मॉनिटरिंग सेल, रिकॉर्ड रूम, आईजीआरएस सेल, मानवाधिकार सेल, रिट सेल एवं लोक शिकायत प्रकोष्ठ सहित समस्त शाखाओं का निरीक्षण किया गया। एडीजी ने अभिलेखों के रख-रखाव, साफ-सफाई एवं राजकीय कार्यों के समयबद्ध निस्तारण की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों से कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी लेकर रिकॉर्ड अद्यतन रखने और पूर्ण मनोयोग से कार्य करने के निर्देश दिए। एडीजी ने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। क्वार्टर गार्ड पर उन्हें सलामी दी गई तथा उन्होंने पुलिसकर्मियों के टर्नआउट की जांच की। शस्त्रागार, गार्ड रूम, बैरक, बाथरूम, शौचालय, प्रशासनिक भवन, राजकीय संपत्ति स्टोर, मैस, परिवहन शाखा एवं आदेश कक्ष आदि का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सीपीसी पुलिस कैंटीन का जीर्णोद्धार कर उद्घाटन किया। साथ ही पुलिस लाइन स्थित नवनिर्मित जिम्नेजियम हॉल एवं बैडमिंटन कोर्ट 'ऊर्जा' का फीता काटकर उद्घाटन किया। निरीक्षण के क्रम में एडीजी ने उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं।

# तहसील परिसर में बना स्वागत कक्ष, डीएम ने किया लोकार्पण



- वादकारियों और किसानों को अब एक ही स्थान पर मिलेगी योजनाओं की पूरी जानकारी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर,जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने न्यायालय तहसीलदार परिसर में नवनिर्मित स्वागत कक्ष का विधिवत उद्घाटन किया। स्वागत कक्ष के निर्माण से वादकारियों, किसानों और अन्य आगंतुकों को अब अधिक सुविधा मिल सकेगी। जिलाधिकारी के पूर्व निर्देशों के क्रम में परिसर में शासन द्वारा संचालित राजस्व विभाग के कार्यों, अंश निर्धारण संबंधी जानकारी, कृषक दुर्घटना सहायता, दैवीय आपदा राहत, मिशन शक्ति सहित विभिन्न योजनाओं की पात्रता एवं लाभ संबंधी विस्तृत सूचनाएं प्रदर्शित की गई हैं। इन जानकारियों को सुव्यवस्थित रूप से प्रदर्शित किए जाने पर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पारदर्शी व्यवस्था से तहसील में आने वाले वादकारियों एवं किसानों को आवश्यक जानकारी एक ही स्थान पर सरलता से उपलब्ध हो सकेगी, जिससे अनावश्यक भ्रम और दौड़भाग कम होगी। मौके पर उपस्थित अधिवक्ताओं एवं आमजन ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर संतवीर सिंह, तहसीलदार सदर सौरभ कुमार, नायब तहसीलदार सदर, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# टेट अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने बनाई आन्दोलन की रणनीति

जन एक्सप्रेस । बस्ती



टेट अनिवार्यता के विरोध में प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर शिक्षकों ने आर- पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को शिक्षकों ने प्रेस क्लब सभागार में बैठक कर विस्तृत रणनीति बनाई। साथ ही ब्लाक अधिवेशन की तिथियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि टीईटी अनिवार्यता के विरोध में पूरे देश में आन्दोलन के लिए टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया का गठन किया गया है। जिसमें चरणबद्ध आन्दोलन की तिथियों का निर्धारण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में शिक्षकों के अस्तित्व पर संकट है। इस संकट की घड़ी में यदि हम सभी एकजुट होकर लड़ाई लड़ेंगे तो निश्चित है सफलता मिलेगी। चरणबद्ध आन्दोलन की तिथियों की जानकारी देते हुए जिला मंत्री बालकृष्ण ओझा ने कहा कि 22 फरवरी को अपराह्न 2 बजे से 4 बजे तक ट्विटर पर हैशटैग अभियान, 23 फरवरी से 25 फरवरी तक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य, 26 फरवरी को बीएसए कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करके जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुए प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन, मार्च के तीसरे सप्ताह में दिल्ली के जंतर मंतर पर विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने शिक्षकों से उक्त कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने का आह्वान किया। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विष्णु दत्त शुक्ल ने कहा कि टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले हम सभी को एकजुट होकर लड़ाई लड़नी है। यदि हम सभी एकजुट होकर पूरे मन से लड़ाई लड़े तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। जिला कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश के क्रम में ब्लॉक स्तरीय अधिवेशन को सम्पन्न कराना है। उन्होंने कहा कि सभी ब्लॉक कार्यकारिणी तत्काल सदस्यता सूची और शुल्क जमा कर दें। कहा कि जिन ब्लॉकों की सदस्यता 30: से कम है अथवा संघर्ष शुल्क नहीं जमा किया है उन्हें स्पष्टीकरण जारी किया जाएगा। उन्होंने ब्लाकों के पदाधिकारियों से अधिवेशन की तिथि निर्धारित करके सूचित करने की बात कही।

# जौनपुर दीवानी न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी

- ई-मेल मिलते ही खाली कराया गया परिसर, पुलिस की सघन जांच जारी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जौनपुर जनपद में उस समय हड़कंप मच गया जब दीवानी न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल जिला जज की आधिकारिक वेबसाइट पर प्राप्त हुआ। सूचना मिलते ही न्यायालय परिसर में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। मामले की जानकारी होते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां तत्काल सक्रिय हो गईं। भारी पुलिस बल के साथ अधिकारी मौके पर पहुंचे और पूरे न्यायालय परिसर को घेर लिया। सुरक्षा के मद्देनज़र तत्काल प्रभाव से परिसर खाली कराने का निर्णय लिया गया। पुलिस ने न्यायालय परिसर में मौजूद सभी अधिवक्ताओं, कर्मचारियों एवं वादकारियों को तत्काल बाहर निकलने के निर्देश दिए। आदेश मिलते ही अधिवक्ताओं ने अपने-अपने चैंबर बंद किए और परिसर खाली कर दिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया।

### सघन जांच में जुटी पुलिस

घटना की सूचना फैलते ही आसपास की सड़कों पर लोगों की भीड़ जुटने लगी और पूरे शहर में मामले को लेकर चर्चाएं तेज हो गईं। फिलहाल पुलिस टीम बम निरोधक दस्ते के साथ परिसर की सघन जांच कर रही है। साथ ही धमकी भरा ई-मेल भेजने वाले की पहचान करने के प्रयास जारी हैं। अधिकारियों का कहना है कि स्थिति नियंत्रण में है और सुरक्षा के सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे।

## डॉ. दीनानाथ पटेल के राजीव दीक्षित चिकित्सालय में रीढ़ की एंडोस्कोपी से रचा गया कीर्तिमान



जन एक्सप्रेस । बस्ती

**हरैया।** हरैया क्षेत्र के तेनुआ स्थित डॉ. दीनानाथ पटेल के राजीव दीक्षित चिकित्सालय में रीढ़ (स्पाइन) के अत्याधुनिक एंडोस्कोपी उपचार के माध्यम से कमर और गर्दन में दबी नस की समस्या का सफल इलाज कर एक नई उपलब्धि हासिल की गई है। अस्पताल के दर्द एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ डॉ. बृहस्पति तिवारी ने एंडोस्कोपी तकनीक से जटिल मामलों का सफल उपचार कर बस्ती मंडल का नाम रोशन किया है। विशेषज्ञों के अनुसार हाथ या पैर में दर्द, झुनझुनी, फटन, भारीपन, सुन्नपन या मांसपेशियों में कमजोरी जैसे लक्षण नस दबने के संकेत हो सकते हैं, जो कमर या गर्दन में डिस्क उभार या रीढ़ की नलिका संकुचन के कारण उत्पन्न होते हैं। हरैया क्षेत्र के ग्राम तुर्कीपुर देवखर की रहने वाली 80 वर्षीय प्यारी देवी पिछले तीन महीनों से बाएं पैर में तेज दर्द और सुन्नपन की समस्या से पीड़ित थीं। वह चलने-फिरने और उठने-बैठने में असमर्थ हो गई थीं। स्थिति इतनी गंभीर हो गई थी कि शौच और पेशाब के लिए भी उन्हें बिस्तर का सहारा लेना पड़ रहा था। अधिक आयु और अन्य स्वास्थ्य कारणों से वह पारंपरिक बड़े ऑपरेशन के लिए उपयुक्त नहीं थीं। डॉ. बृहस्पति तिवारी ने एंडोस्कोपी विधि से उपचार का भरोसा दिलाया। जांच में महिला को कमर के दो स्तर पर रीढ़ की नलिका संकुचन की समस्या पाई गई। मात्र पांच मिलीमीटर के छोटे चीरे से एंडोस्कोपिक प्रक्रिया कर दबी नस को सफलतापूर्वक मुक्त किया गया। उपचार के दौरान मरीज होश में रहीं और स्क्रीन पर नस को दबावमुक्त होते देखती रही। ऑपरेशन के बाद मरीज को तुरंत राहत मिली। अगले ही दिन वह बिना दर्द के चलने लगीं और पैरों में हल्कापन महसूस करने लगीं। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार इस तकनीक से मरीज सामान्यतः दो से तीन दिनों में अपनी सामान्य दिनचर्या में लौट सकता है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि राजीव दीक्षित चिकित्सालय में अब किसी भी आयु वर्ग के मरीजों का रीढ़ संबंधी रोगों का अत्याधुनिक दर्द चिकित्सा एवं एंडोस्कोपी तकनीक से संपूर्ण उपचार संभव है। यह उपलब्धि न केवल चिकित्सा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि पूरे बस्ती मंडल के लिए गर्व का विषय है।

# बस्ती एडी बेसिक के सुपुत्र ने जेईई मेन्स में 99.83 पर्सेंटाइल के साथ लहराया परचम

- पहले ही प्रयास में शानदार सफलता पाकर शौर्य ने अपनी प्रतिभा का लहराया परचम
- शौर्य की सफलता उसकी प्रतिबद्धता और नियमित अभ्यास का परिणाम है: संजय शुक्ल

जन एक्सप्रेस । बस्ती



कठिन प्रतिस्पर्धा और लाखों अभ्यर्थियों के बीच जब कोई विद्यार्थी पहले ही प्रयास में शीर्ष श्रेणी में स्थान बनाता है, तो वह उपलब्धि पूरे जनपद के लिए प्रेरणा बन जाती है। सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) बस्ती मंडल व डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल के सुपुत्र शौर्य शुक्ला ने देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेंस में 99.83 पर्सेंटाइल प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। यह परिणाम उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का प्रमाण माना जा रहा है। इस परीक्षा में देशभर से लाखों विद्यार्थी सम्मिलित होते हैं और 99.83 पर्सेंटाइल प्राप्त करना शीर्ष प्रदर्शन की श्रेणी में गिना जाता है। शौर्य ने भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित जैसे विषयों में संतुलित व प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए अपनी तैयारी की मजबूती दिखाई। शिक्षा जगत से जुड़े लोगों का कहना है कि यह सफलता जनपद के अन्य विद्यार्थियों को भी उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित करेगी। मूल रूप से कसया, कुशीनगर टाउन एरिया से संबंध रखने वाले शौर्य वर्तमान में लखनऊ में रहकर अध्ययन कर रहे हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा लखनऊ के सेंट फ्रांसिस विद्यालय में हुई। उल्लेखनीय है कि इंटरमीडिएट की परीक्षा प्रारंभ होने से पहले ही उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की इस कठिन परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दे दिया। परिवार में शिक्षा का सकारात्मक वातावरण रहा है। उनकी माता शिप्रा शुक्ला पूर्व में शिक्षा विभाग में कार्यरत थीं, किंतु वर्ष 2006 में बच्चों की बेहतर देखभाल और मार्गदर्शन के लिए उन्होंने सेवा त्यागकर घर की जिम्मेदारी संभाली। नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और आत्मअनुशासन को प्राथमिकता दी गई, जिसका परिणाम आज सफलता के रूप में सामने है। शौर्य का कहना है कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता के लिए लक्ष्य स्पष्ट होना चाहिए। प्रतिदिन आठ से दस घंटे एकाग्र होकर अध्ययन करने और सकारात्मक सोच बनाए रखने से सफलता निश्चित रूप से प्राप्त की जा सकती है। बेटे की उपलब्धि पर गदगद हुए संजय कुमार शुक्ल, कहा- परिश्रम ही असली पूंजी

# पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान कार्यकर्ताओं को मिलेगा विशेष प्रशिक्षण




जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर 7 मार्च से शुरू होने वाले भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण अभियान-2026 के तहत जौनपुर जिला कार्यालय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजीत प्रजापति ने की, जबकि मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डॉ. के.पी. सिंह रहे। शुरुआत संगठन गीत एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। कार्यशाला में जिले के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, प्रभारी, सह प्रभारी एवं प्रत्येक मंडल से तीन सदस्यीय प्रशिक्षक टोली ने भाग लिया। प्रत्येक मंडल से एक महामंत्री और एक महिला पदाधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य रही। प्रशिक्षित कार्यकर्ता अब मंडल स्तर पर अन्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देंगे। दिनभर चले सत्र में पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। पूर्व सांसद डॉ. के.पी. सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और राष्ट्र निर्माण उसके मूल में है। पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय ने इसे वैचारिक सशक्तिकरण का माध्यम बताया। जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग 7 मार्च से 14 अप्रैल तक मंडल व बूथ स्तर पर आयोजित होंगे। अभियान का उद्देश्य अंत्योदय, एकात्म मानववाद और राष्ट्र प्रथम की भावना को कार्यकर्ताओं तक पहुंचाना है।

# अनियमितता के आरोप में अढ़नपुर प्रधान पद से बर्खास्त

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर सुईथाकलां विकास खण्ड सुईथाकलां अंतर्गत क्षेत्र के अढ़नपुर ग्राम पंचायत में वित्तीय गड़बड़ी के मामले में प्रधान को दोषी पाए जाने पर पद से हटा दिया गया है। यह कार्रवाई उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में कराई गई जांच रिपोर्ट के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट जौनपुर डॉ दिनेश चन्द्र द्वारा की गई है। अढ़नपुर गांव के तेलीतारा मजरे के निवासी शिशिनजीत यादव ने 2023 में जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि ग्राम प्रधान मनोज प्रजापति द्वारा गांव में बिना कार्य कराए ही भुगतान लिया जा रहा है। कहा गया कि उन्होंने पंचायत भवन के निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग, इंडिया मार्का हैंडपंपों के फर्जी रिबोर, गांव में एक बंधे का बिना निर्माण कराए ही भुगतान निकाल लेने तथा कुछ किसानों के खेत का समतलीकरण दिखाकर पैसा निकाल लिया गया है। तत्कालीन जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही से शिकायत की जांच कराई तो सारे आरोप सही पाए गए। जिसके बाद जिलाधिकारी ने प्रधान के समस्त वित्तीय व प्रशासनिक अधिकारों पर रोक लगाते हुए प्रधान सहित तत्कालीन सचिव, तकनीकी सहायक एवं अन्य जिम्मेदार अधिकारियों से कुल 2,96,577.99 की वसूली का आदेश जिला प्रशासन द्वारा जारी किया गया। ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी के उक्त आदेश के विरुद्ध उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। उच्च न्यायालय ने मामले को संज्ञान में लेकर प्रकरण की जाँच का आदेश दिया व सुनवाई के लिये तीन फरवरी की तिथि नियत की थी। उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में जांच अधिकारी उपायुक्त श्रम-रोजगार जौनपुर से जांच कराई गई। जांच में ग्राम पंचायत के कार्यों में अनियमितता पाई गई साथ ही ग्राम प्रधान द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाया गया। फलस्वरूप प्रधान को पद से पदच्युत करने का आदेश जारी किया गया है। साथ ही संबंधित सचिव व अन्य कर्मियों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। खण्ड विकास अधिकारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत के निर्वाचित सदस्यों में से एक टीम चिन्हित की जाएगी जो आगे ग्राम पंचायत के दायित्वों का निर्वहन करेगी।

# नगर पंचायत खीरी में 'लोकतंत्र' शर्मसार

## भ्रष्टाचार दबाने के लिए 'फर्जी' बैठकों का खेल

जन एक्सप्रेस। सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** नगर पंचायत खीरी इन दिनों विकास कार्यों के लिए नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार की परतें ढंकने के लिए रची जा रही 'साजिशों' के कारण चर्चा में है। 14 सभासदों के आरोपों से शुरू हुआ यह मामला अब हाई कोर्ट की दहलीज से होता हुआ 'बैक-डेट' की बैठकों और फर्जी एजेंडों के मायाजाल में फंस गया है।भ्रष्टाचार की आंच से बचने के लिए 'शपथ पत्रों' का सौदा? ताजा घटनाक्रम के अनुसार, नगर पंचायत के अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी (श्वह्र) पर आरोप है कि उन्होंने अपने ऊपर लगे भ्रष्टाचार के दाग धोने के लिए सभासदों को लालच और दबाव के जाल में फंसा लिया है। जिन सभासदों ने पहले भ्रष्टाचार के खिलाफ हुंकार भरी थी, उन्हीं में से कुछ ने अब यू-टर्न ले लिया है।बड़ा सवालः आखिर वो कौन सी मजबूरी या 'लालच' था कि हाई कोर्ट में शपथ पत्र देने वाले, कदीर अहमद नसीम अहमद मो0 उबैद सुरेश सिंह राजकुमारी जैसे नाम अचानक कार्रवाई से पीछे क्यों और किस लालच में हट गए?अंधेर नगरी, चौपट राजाः बिना एजेंडा घर पर बुलाकर लिख डालीं 4 मीटिंग्स! शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि 16 फरवरी 2026 को जैसे ही प्रशासन ने जांच की सुगबुगाहट तेज की, अध्यक्ष और श्वह्र के हाथ-पांव फूल गए। आनन-फानन में 10-11 सभासदों को अध्यक्ष के निजी आवास पर बुलाया गया। नियमों की धज्जियांः न कोई एजेंडा जारी हुआ, न ही क्षेत्र के माननीय सांसद, विधायक या स्र्ष्ट को सूचना दी गई। कलम एक, मीटिंग चारः आरोप है कि भ्रष्टाचार को जायज ठहराने के लिए एक ही बार में चार पुरानी तारीखों (बैक-डेट) की मीटिंग्स रजिस्टर पर चढ़ा दी गईं। फर्जी प्रस्तावः जांच से बचने के लिए आनन-फानन में कई नियम विरुद्ध प्रस्तावों पर हस्ताक्षर करा लिए गए हैं। जांच अधिकारी या 'मैनेजर'? सभासदों का सीधा आरोप है कि नायब तहसीलदार सदर को जब इस मामले की जांच सौंपी गई, तो उन्होंने निष्पक्ष जांच करने के बजाय 'मत्स्यता' (बिचौलिये का काम) शुरू कर दी। शासन के बार-बार आदेश के बावजूद जांच को ठंडे बस्ते में डालना प्रशासन की मंशा पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।न्याय की आसः जिलाधिकारी की चौखट पर सभासद आज वार्ड नंबर 7 के सभासद जहीरुल हसन और वार्ड नंबर 1 के सभासद मकसूद अली ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई है कि खीरी नगर पंचायत में चल रहे इस 'फर्जीवाड़े' को रोका जाए। उन्होंने मांग की है कि बैक-डेट में लिखे गए प्रस्तावों को रद्द कर भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।अब देखना यह है कि क्या प्रशासन इन रसूखदारों पर लगाम कसेगा या भ्रष्टाचार की यह फाइल फाइलों में ही दफन हो जाएगी?

# अपमान सहने के बाद भी वहीं पढ़ाने को मजबूर अध्यापक?

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

ब्लॉक फूलबेहड़ के ग्राम सुथरी प्राथमिक विद्यालय में एक अध्यापक जिसकी कुछ ग्रामीणों ने बिना किसी वजह के पिटाई कर दी थी उसी गांव में इस अपमान के बाद भी पढ़ाने को मजबूर है। मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई।पीड़ित अध्यापक सआदत अली (इं0 प्रधान अध्यापक) प्राथमिक विद्यालय सुथरी ब्लाक फूलबेहड जनपद खीरी ने बताया कि 21.फरवरी.2026 को मध्याह्न भोजन के उपरान्त वह अपना ऑफिसियल कार्य करने हेतु ऑफिस चले गए। उस समय हुकुम चन्द जी (स0अ0) कक्षा में अध्यापन कार्य कर रहे थे। कुछ देर के लिये वह कक्षा से लघुशंका हेतु मूत्रालय गये। इसके उपरान्त 2-3 बच्चे, आनन्द, निगम और आदित्य गेंद खेलने लगे। तभी खेलते समय आनन्द पुत्र हरद्वारी निवासी राजारामपुरवा के सिर में चोट लग गयी। बच्चों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार निगम पुत्र धरमपाल निवासी राजारामपुरवा के द्वारा खेल-खेल में आनन्द को चोट लग गयी। जिसकी सूचना मिलते ही वह आनन्द को प्राथमिक उपचार हेतु मीलपुरवा ले जाकर पट्टी कराकर लगभग 2 बजे विद्यालय आ गए। इसी समय आनन्द के पिता हरद्वारी और निगम के पिता धरमपाल विद्यालय आ गये और पीड़ित का गिरेबान पकड़ लिया और गाली-गलौज करने लगे। उनके द्वारा गाली-गलौज का कारण पूछे जाने पर हरद्वारी उनको खींचते हुए स्कूल से बाहर ले गये और धरमपाल ने धक्का देकर गिरा दिया और लातों घूसों से मारना शुरू कर दिया। इसके उपरान्त पैर पकड़कर घसीटते हुए जान से मारने की नीयत से लगभग 300 मीटर स्कूल से दूर ले गये। घसीटते समय दो व्यक्ति और आ गये। पीड़ित की सांसे लगभग रूक सी गयी और उसके बेसुध हो जाने के कारण लोग छोड़कर भाग गये। यह पूरी घटना विद्यालय में उपस्थित सहायक अध्यापक हुकुम चन्द व एजुकेटर धीरज कुमार एवं बच्चों के सामने घटित हुई। जिससे विद्यालय के बच्चे भी सहम गये। पीड़ित ने किसी तरह विद्यालय पहुंच कर खण्ड शिक्षा अधिकारी को इस घटना की सूचना दी एवं 112 नम्बर पर पुलिस को कॉल किया। जिससे मौका-ए-वारदात पर खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं पुलिस बल पहुँच गया।

इसके बाद पीड़ित ने कोतवाली फूलबेहड़ जाकर घटना से संबंधित तहरीर दी। जहाँ उसका मेडिकल परीक्षण पुलिस द्वारा सरकारी चिकित्सालय फूलबेहड़ में कराया गया। 22.फरवरी.2026 को जब विद्यालय पहुँचा तो वहां हरद्वारी निवासी राजारामपुरवा अपने 2-3 साथियों के साथ विद्यालय में उपस्थित थे। किसी अनहोनी एवं जानमाल की हानि के भय की आशंका से पीड़ित कोतवाली फूलबेहड़ आ गया जहां एक हमराही के संरक्षण में पीड़ित को जिला चिकित्सालय ओयल लखीमपुर भेजा गया। जहां उसका एक्स-रे हुआ। एक सरकारी कर्मचारी वह भी शिक्षक के साथ उपरोक्त घटना कार्यस्थल पर आनड्यूटी कारित की गयी परंतु लगभग एक माह का समय बीत जाने के बाद अभी तक किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही ना होना अपने आप में एक आश्चर्य का विषय है?

विभाग के अधिकारियों को भी यह नहीं सूझा कि पीड़ित को इस घटना से शारीरिक के साथ साथ कितना मानसिक आघात पहुँचा है। जिससे उसको सम्मानपूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करने में कितनी परेशानी हो रही होगी। पीड़ित ने बताया कि इस घटना के उपरान्त वह काफी डरा हुआ है और उसके जानमाल का खतरा भी बना हुआ है परंतु इतना समय बीत जाने के बाद भी मामले में कोई कार्यवाही नहीं की गई है। संबंधित अधिकारियों और शिक्षक नेताओं ने मामले में एफआईआर दर्ज कराकर अपने कर्तव्यों की इति श्री कर ली।

# महाशिवरात्रि पर त्रयोदश महारुद्राभिषेक एवं पार्थिव पूजन का भव्य आयोजन



जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर त्रयोदश महारुद्राभिषेक एवं पार्थिव पूजन का भव्य, दिव्य एवं आध्यात्मिक आयोजन श्रद्धा और वैदिक परंपराओं के अनुरूप सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस पवित्र धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन रामदेव मिश्र शास्त्री के सान्निध्य एवं मार्गदर्शन में तथा मां कात्यायनी सेवा समिति के तत्वावधान में किया गया।कार्यक्रम में 251 श्रद्धालु जोड़े यजमान रूप में विधिवत आचार्यों के निर्देशन में आसनस्थ हुए और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव का त्रयोदश महारुद्राभिषेक एवं पार्थिव पूजन संपन्न कराया। यजमानों द्वारा सामूहिक रूप से किए गए इस अभिषेक से संपूर्ण वातावरण 'हर-हर महादेव' एवं '? नमः शिवाय' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा और वातावरण पूर्णतः शिवमय बन गया।अनुष्ठान के अंतर्गत पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर विधि-विधानपूर्वक पूजन किया गया, जिसमें सभी यजमान जोड़ों ने परिवार, समाज एवं राष्ट्र की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की। यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए एक दुर्लभ आध्यात्मिक अनुभव रहा, जिसमें सामूहिक साधना एवं भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।महारुद्राभिषेक एवं पार्थिव पूजन के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए रुद्राक्ष वितरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों को प्रसाद स्वरूप रुद्राक्ष प्रदान किए गए। श्रद्धालुओं ने इसे भगवान शिव की विशेष कृपा मानते हुए श्रद्धा भाव से ग्रहण किया।आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों का उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कार, सेवा और आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मां कात्यायनी सेवा समिति के कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवकों एवं श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा।अंत में आयोजकों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी यजमानों, श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं सेवाभावी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के धार्मिक एवं जनकल्याणकारी आयोजनों को निरंतर आयोजित करने का संकल्प लिया गया।

# विवाहिता का शव फंदे पर लटकता मिला

- पड़ोसी युवक पर पति ने हत्या का आरोप लगाया, बेटी ने देखा था भागते
- थानाध्यक्ष सुनील मलिक ने बताया कि पुलिस परिजनों को समझाने का प्रयास कर रही है

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

थाना हैदराबाद क्षेत्र के मजिगमा गांव में एक विवाहिता का शव उसके घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना के समय महिला घर में अकेली थी। महिला के पति ने पड़ोसी युवक पर पत्नी की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी शुरू कर दी है।मृतक महिला की पहचान मजिगमा निवासी श्यामू की 35 वर्षीय पत्नी पप्पी के रूप में हुई है। श्यामू ने बताया कि यह घटना मंगलवार सुबह करीब 9:30 बजे हुई। उस समय उनकी पत्नी घर में अकेली थी, जबकि उनकी 13 वर्षीय बेटी रूपा घर के बाहर खेल रही थी।घर के बाहर जुटे गांव के लोग।घर के बाहर जुटे गांव के लोग।श्यामू के अनुसार, घटना के समय पड़ोसी अरुण उनके घर में मौजूद था। श्यामू की बेटी रूपा ने अरुण को उनकी पत्नी का शव फांसी के फंदे से उतारते और जिस रस्सी से फांसी लगाई गई थी, उसे लेकर भागते हुए देखा।पति श्यामू ने आरोप लगाया है कि अरुण ने ही उनकी पत्नी की हत्या कर शव को फंदे पर लटकाया है। उन्होंने मांग की है कि आरोपी को पहले गिरफ्तार किया जाए, उसके बाद ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाए। श्यामू ने यह भी बताया कि कुछ दिन पहले उनकी पत्नी का आरोपी की मां से झगड़ा हुआ था। मृतक महिला के दो बेटे और दो बेटियां हैं। सबसे बड़ी बेटी रूपा 13 वर्ष की है और सबसे छोटा बेटा 4 वर्ष का है। थानाध्यक्ष सुनील मलिक ने बताया कि पुलिस परिजनों को समझाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी युवक पर आरोप लगाए जा रहे हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतक महिला आरोपी से बात करती थी, जिसे लेकर किसी विवाद की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने आश्वासन दिया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध लकड़ी कटान दुधवा जगल में जारी वन माफियाओं के हौसले बुलंद

- दुधवा नेशनल पार्क के जंगल बेलरायां से कुछ ही दुरी पर जबरदस्त लकड़ी कटान वन चौकी पुलिस रिपोर्टिंग चौकी की संलिप्तता से जारी

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



क्षेत्र में लगातार हो रही जंगलों की कटाई से पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुँच रहा है। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण वन्यजीवों का प्राकृतिक आवास नष्ट हो रहा है

गौरतलब है कि निघासन विधानसभा क्षेत्र के बेलराया रेंज के अंतर्गत मात्र सौ पांच मीटर की दूरी पर अवैध लकड़ी का कारोबार धड़ल्ले से हो रहा है वन रेंज के अधिकारीयों को सुनाई दे रहा है वन विभाग पूरी तरह से मिलीभगत है बेलराया रेंज के पडोस से लकड़ी की पीकपो से लगभग पूरे जिले में सप्लाई होती है।जिससे लकड़ी माफियाओं का होंसला बुलन्द लगातार पीकप से दिन में तीन चार चक्कर लगते हैं साइकिल से भी लोग दिन भर लकड़ी धोकर एक जगह पर डंप करते हैं उसके बाद सेटिंग स्थानों पर सप्लाई होती है बेलरायां क्षेत्र का एक लकड़ी माफिया की वन रेंज और पुलिस में सेटिंग है जिसके विरुद्ध कोई आवाज नहीं उठाता स्थानीय लोगों ने बताया जो भी अवैध लकड़ी कटान पर आवाज उठाता उक्त वन माफियाओं फ़ौरन हाठो पर दौलत रूपी टेप लगाकर शांत कर देता बताते चलें लगातार लकड़ी कटान से जलवायु पर भी बुरा असर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई, तो आने वाले समय में जल संकट और प्रदूषण की समस्या और बढ़ सकती है। लेकिन वन माफियाओं को इससे कोई असर नहीं पड़ रहा।

## एक्सप्रेस खबरें...

### लखनऊ कूंच करते कांग्रेसी कार्यकर्ता गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओ को लखनऊ विधानसभा घेराव के लिए जाते समय पुलिस ने घरों पर नजर बंद कर पुलिस बल तैनात कर दिया जिसकी जानकारी होते ही तमाम कार्यकर्ता चोरी छुपे निकलने में सफल हो चुके हैं। मंगलवार को केंद्र सरकार और राज्य सरकार तानाशाही दिखाते हुए विपक्ष को सदन में बोलने का हक छीना जा रहा है वही देश की सुरक्षा से जुड़े सवालों के जवाब मांगने पर कार्रवाई स्थगित करना जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर प्रदेश भर के कार्यकर्ताओं ने लखनऊ कूंच कर विधानसभा का घेराव करने के लिए निकले थे जिसको लेकर प्रशासन ने तमाम कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जगह से लखनऊ के लिए निकलते समय घरों पर नजर बंद कर पुलिस बल कर दिया है।जिसको लेकर कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के इस कृत्य की निंदा की है।



### बाइक-रिक्शा टक्कर में बच्चा घायल

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। भीरा थाना क्षेत्र के कस्बा पड़रिया तुला चौराहे पर मंगलवार को एक बाइक और रिक्शे की टक्कर हो गई। इस हादसे में रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे एक बालक गंभीर रूप से घायल हो गया।बाइक चालक ने घायल बच्चे को तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उसका इलाज जारी है। स्थानीय लोगों ने मौके पर हुए वाद-विवाद को शांत कराया और मामले को आगे बढ़ने से रोका।घायल बालक नब्बूपुरवा का निवासी है। वह अपनी मां शांति देवी के साथ कस्बा पड़रिया तुला किसी काम से आया था। चिकित्सकों के अनुसार,घायल बालक की हालत अब सामान्य है और उसे जल्द ही अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी।



### विधायक राहुल बच्चा सोनकर का जन्मदिन धूमधाम से मनाया, अमितेश कुमार स्वर्णकार ने किया सम्मान

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर। बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र में विकास के प्रति समर्पित एवं जनप्रिय विधायक राहुल बच्चा सोनकर का जन्मदिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।ककवन ग्राम पंचायत से प्रधान पद की तैयारी कर रहे अमितेश कुमार स्वर्णकार ने अपने समर्थकों के साथ विधायक का जन्मदिन विशेष रूप से मनाया। इस अवसर पर केक काटकर खुशियां साझा की गईं तथा विधायक को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने विधायक के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर जनसेवा के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। अमितेश कुमार स्वर्णकार ने कहा कि राहुल बच्चा सोनकर सदैव क्षेत्र के विकास, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रहते हैं। उनके नेतृत्व में क्षेत्र में अनेक विकास कार्य हुए हैं, जिससे जनता के बीच उनका विश्वास और लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।जन्मदिन के इस अवसर पर प्रभु श्री राम से प्रार्थना की गई कि विधायक को लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य और जनसेवा का अटूट सामर्थ्य प्रदान करें। उपस्थित जनसमूह ने उनके उज्ज्वल भविष्य, सफलता और निरंतर प्रगति की कामना करते हुए उत्साहपूर्वक शुभकामनाएं दीं।



# पुलिस विभाग की शान कहे जाने वाले कलयुग के दानवीर 'अरविंद कुमार फौजी' ने समाजसेवा की पेश की मिशाल

- हर तीन महीने में रक्तदान कर बचा चुकें तीन दर्जन से ज्यादा लोगों को जिंदगी
- जाट रेजिमेंट के रिटायर्ड सैनिक ने रक्तदान कर आबाद की तीन दर्जन से अधिक जिंदगियां

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी



भारत देश हमेशा से वीरों का देश रहा है, यहां महाराणा प्रताप जैसे बहादुर व कर्ण जैसे दानी हुए हैं जिन्होंने अपने खून के एक -एक कतरे को अपनी मातृभूमि पर न्यौछावर कर दी।भारतीय सेना का रिटायर एक सैनिक अरविंद कुमार 'फौजी' जिन्होंने उत्तर प्रदेश पुलिस में ज्वाइन हो खीरी जिले में अपनी एक अलग पहचान बनाई है।शिवभक्त कांवड़िया जिन्हें शिवदूत व पीड़ित व्यक्ति न्यायप्रिय, असहाय व्यक्ति देवदूत,निर्धन व्यक्ति दानी व अपराधी जासूस कहते हैं।देश व समाज की रक्षा के लिए अपने खून को भी दान करने वाले अरविंद कुमार फौजी ने इस वर्ष चार बार इस वर्ष पहला 10 फरवरी को जिला अस्पताल, दूसरा 14 जून को अमर उजाला के रक्तदान शिविर जिला अस्पताल, तीसरा 17 सितंबर को जिला अस्पताल, चौथा 12 दिसंबर को जिला अस्पताल लखीमपुर खीरी में रक्तदान किया था।रक्तदान किये दो माह पूरे होते ही एक जरूरतमंद के आग्रह पर 15 फरवरी को इस वर्ष का पहला और कुल 39 वां रक्तदान कर समाज सेवा की अनूठी मिशाल पेश की है, वर्दी पहन देश सेवा और अपना खून देकर समाज सेवा कर लोगों के दिलों में वर्दी के प्रति सम्मान बढ़ाया है, साथ ही वर्दी को गौरवान्वित किया है।देशप्रेम से लबरेज अरविंद कुमार फौजी ने अपनी मेहनत, लगन व कर्तव्यों को प्रमुखता दी,वह रात्रिगश्त हो या अपराधी का सामना, चोरों का पीछा करना हो या दंगो से निपटना सभी मे बेजोड़ रहकर सैकड़ों चोर उचक्कों को गिरफ्तार कर जेल भेजना व पांच दर्जन चोरियों का अनावरण करते हुए ट्रालियां व पशुचोरों को पशुओं सहित दूसरे जिलों से पकड़ना इनकी उपलब्धि रही।देशभक्ति के साथ शिवभक्ति में भी बेजोड़ हैं अरविंद कुमार फौजी,जिले के थाना हैदराबाद की ढकवा चौकी में तीन वर्ष की तैनाती के दौरान पवित्र सावन माह में शिवभक्त कावड़ियों की पुलिस ड्युटी करते हुये सेवा करने की भी नींव रखने का श्रेय अरविंद फौजी को ही जाता है,बीते चार वर्षों के पांच सावन माहों के प्रत्येक रविवार व सोमवार को शीतल जल व घावों पर मरहम,के साथ फलों,बिस्किट बांटकर अपनी श्रद्धा दिखाई तो दूसरी ओर कांवड़ियों की सुरक्षा की खातिर बारिश में भी सड़कों पर खड़े देखे गये हैं।अरविंद कुमार फौजी के साथ डियूटी कर चुके साथी बतातें हैं वह अपने कर्तव्यों को बखूबी अंजाम देते हैं वह 24 घण्टों में मात्र 4 घन्टे ही सोते हैं वाकी का समय अपनी ड्यूटी व फिटनेस पर लगाते हैं, अपनी दमदार कार्यशैली के बदौलत अधिकारियों व आमनागरिकों के चहेते बन जाते हैं। हैदराबाद थाना क्षेत्र के नागरिकों के दिलों पर राज करने वाले अरविंद कुमार को पुनः हैदराबाद थाना क्षेत्र में तैनात करने की अपील कर रहे हैं। एक साल पहले हुए ट्रांसफर के बाद भी लोगों सबसे लोकप्रिय पुलिसकर्मी बने हुए हैं।

# खादी के 'फैशन' पर फिदा हुए युवा, रिकॉर्ड 20% बढ़ी बिक्री

## योगी सरकार की नई खादी नीति का असर, खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में युवाओं में दिखा उत्साह

- 51 लाख के पार पहुंचा कारोबार खादी में साढ़े 28 लाख तो ग्रामोद्योग उत्पादों ने बटोरे करीब 23 लाख रुपए

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' के विजन और खादी को ग्लोबल ब्रैंड बनाने की मुहिम का व्यापक असर जमीनी स्तर पर दिखने लगा है। कानपुर के बृजेन्द्र स्वरूप पार्क में आयोजित मण्डल स्तरीय खादी प्रदर्शनी में इस बार बड़ी संख्या में लोग उमड़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश में खादी उत्पादों की बिक्री और गुणवत्ता के मामले में स्वराज आश्रम ने खादी के अपने स्टॉल से अपनी धाक जमाई है। बता दें कि यूपी खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड अब खादी को केवल कपड़ा नहीं बल्कि 'सस्टेनेबल फैशन' के तौर पर प्रमोट कर रहा है। यही वजह है कि स्वराज आश्रम जैसे प्रतिष्ठित केंद्रों के उत्पादों की डिमांड महानगरों में तेजी से बढ़ी है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अब तक खादी उत्पादों की कुल बिक्री 28,45,300 रुपये तक पहुँच गई है, वहीं ग्रामोद्योग उत्पादों ने भी 22,92,500 रुपये का बड़ा आंकड़ा छुआ है। खादी के कपड़ों की बिक्री में इस साल पिछले साल के मुकाबले 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

### युवाओं के बीच 'कूल' हुई खादी

प्रदर्शनी के स्टॉल्स पर इस बार सबसे ज्यादा चहल-पहल युवाओं की है। खादी के बदलते स्वरूप और मॉर्डन कटिंग-डिजाइन ने यूथ को अपनी ओर खींचा है।

### साड़ी, सूट और ट्रेंडी कुर्तों का क्रेज

प्रदर्शनी में सबसे ज्यादा भीड़ कपड़ों के स्टॉल्स पर दिख रही है। महिलाओं में खादी के डिजाइनर सूट और साड़ियों का जबरदस्त क्रेज है, जबकि पुरुषों में खादी के कुर्ते और थान के कपड़ों की भारी मांग रही। प्रदर्शनी में पहुंचीं चंदना ने बताया कि 'यहाँ के सूट और साड़ियों के प्रिंट्स बहुत ही आधुनिक हैं, जो पार्टी वियर के तौर पर भी शानदार लगते हैं।' वहीं, गणेश ने कहा कि 'आज का युवा खादी के कुर्तों को जींस के साथ स्टाइल कर रहा है, जो कंफर्टेबल और क्लासी दोनों है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि योगी सरकार की नीतियों से खादी को नया जीवन मिला है। युवाओं की पसंद को देखते हुए हम खादी के और भी नए कलेक्शंस बाजार में उतार रहे हैं।

# हिंगूपुर ग्राम प्रधान कुषमा निषाद का नाम वोटर लिस्ट से गायब, एसआईआर प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप, जनता परेशान

जन एक्सप्रेस। बिठूर

ब्लॉक कल्याणपुर के ग्राम हिंगूपुर की वर्तमान ग्राम प्रधान कुषमा निषाद का नाम मतदाता सूची से गायब होने का मामला सामने आया है, जिससे क्षेत्र में चर्चा और असंतोष का माहौल बन गया है। बताया जा रहा है कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के दौरान हुई कथित गड़बड़ी के कारण उनका नाम सूची से हट गया। कुषमा निषाद पिछले लगभग दस वर्षों से ग्राम प्रधान के रूप में कार्य कर रही हैं और गांव के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं। ऐसे में उनका नाम मतदाता सूची से गायब होने पर स्थानीय लोगों ने भी नाराजगी जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की त्रुटियों का सीधा असर प्रशासनिक कामकाज और आम जनता की सुविधाओं पर पड़ रहा है।ग्राम प्रधान का कहना है कि उन्होंने हमेशा क्षेत्र के विकास और लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए कार्य किया है, लेकिन वोटर लिस्ट से नाम हटने की वजह से उन्हें और गांव की जनता को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मामले की जांच कर जल्द से जल्द नाम पुनः जोड़ने की मांग की है। ग्रामीणों का भी आरोप है कि पुनरीक्षण प्रक्रिया में लापरवाही बरती गई, जिससे कई लोगों के नाम सूची से हट गए हैं। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते सुधार नहीं किया गया तो आगामी चुनावी प्रक्रिया और प्रशासनिक कार्यों में दिक्कतें बढ़ सकती हैं।इस पूरे मामले को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन से पारदर्शी जांच कर त्रुटि सुधारने और मतदाता सूची को सही कराने की मांग की है, ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम सूची से यूंही गायब हो।



# प्लॉट के रास्ते को लेकर विवाद, बिल्हौर पुलिस ने चार लोगों को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर



बिल्हौर थाना क्षेत्र के दिलावरगंज कस्बे में प्लॉट के रास्ते को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि प्लॉटिंग से रास्ता मांगने और बाउंड्री क्षतिग्रस्त करने को लेकर दोनों पक्षों के बीच तनाव की स्थिति बन गई थी, जिससे माहौल बिगड़ने की आशंका थी।प्रेस नोट के अनुसार, पंतनगर निवासी संजय पुत्र मुंशीलाल द्वारा रास्ता मांगने को लेकर विवाद शुरू हुआ। इस दौरान आदिल इकबाल (38) पुत्र स्व. जावेद इकबाल निवासी सुभाषनगर, अताऊल मुश्तफा (23) पुत्र मोहम्मद जावेद निवासी बहादुर शाह जफर नगर, मेराज (45) पुत्र स्व. हबीब खां निवासी महाराणा प्रताप नगर तथा रिजवान (37) पुत्र मोहम्मद रईश निवासी सुभाषनगर के बीच कहासुनी बढ़ गई और मामला फौजदारी की स्थिति तक पहुंच गया।सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन समझाने के बाद भी संबंधित लोग विवाद करते रहे और शांति भंग होने की आशंका बनी रही। इसके बाद बिल्हौर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को धारा 170 बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों को कार्यपालक मजिस्ट्रेट/सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार, उपनिरीक्षक कपिल कुमार और हेड कांस्टेबल संजीव मिश्रा की टीम शामिल रही।पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आगे भी सख्त निगरानी रखी जाएगी और किसी भी प्रकार की कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# तारिक रहमान बांग्लादेश के प्रधानमंत्री बने

## संसद भवन में शपथ हुई, 1 हिंदू समेत 49 मंत्री बने, इनमें 25 कैबिनेट, 24 राज्य मंत्री

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। ढाका

बांग्लादेश में बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने संसद भवन में तारिक को पीएम पद की शपथ दिलाई। इसके साथ ही 18 महीने से चल रही अंतरिम सरकार का कार्यकाल खत्म हो गया। तारिक रहमान पहली बार प्रधानमंत्री बने हैं। इससे पहले आज दोपहर में बीएनपी के सांसदों ने उन्हें संसदीय दल का नेता चुना था। वह पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान के बेटे हैं। 17 साल तक लंदन में रहने के बाद वह दो महीने पहले ही बांग्लादेश लौटे थे। रहमान के अलावा 25 कैबिनेट मंत्रियों और 24 राज्य मंत्रियों को भी पद की शपथ दिलाई है। इनमें एक हिंदू मंत्री निताई रॉय चौधरी भी शामिल है। वह कैबिनेट मंत्री बने। 25 कैबिनेट मंत्रियों में से 17 नए चेहरे हैं। सभी 24 राज्य मंत्री नए हैं। पिछले गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने 299 में से 209 सीटें जीतकर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया था। इसके अलावा 3 सीटों पर उसकी सहयोगी पार्टियों ने जीत हासिल की।



### बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के तौर पर तारिक रहमान ने ली शपथ

बीएनपी नेता तारिक रहमान ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ले ली है। वह 17 साल बाद देश लौटे हैं और 12 फरवरी को हुए आम चुनावों में अपनी पार्टी बीएनपी को बड़ी जीत दिलाई। उनकी पार्टी ने संसद में मजबूत बहुमत हासिल किया है, जिससे वह प्रधानमंत्री बने हैं। शपथ ग्रहण समारोह संविधान के अनुसार संसद के साउथ प्लाजा में हुआ, जहां राष्ट्रपति ने नया मंत्रिमंडल भी शपथ दिलाई। यह मौके पर लगभग 1,200 अतिथि मौजूद थे।

### कैबिनेट में दो अल्पसंख्यक समुदाय के नेताओं को जगह

बांग्लादेश के 13वें संसदीय चुनाव में जबरदस्त जीत हासिल करने वाले तारिक रहमान की कैबिनेट में दो अल्पसंख्यक समुदाय के नेताओं को जगह दी गई है। 25 सांसदों ने मंत्री पद की शपथ ली। इनमें निताई रॉय चौधरी का नाम भी शामिल है। हालांकि पहले चर्चा थी कि चौधरी के समधी और अहम महकमों के मंत्री रह चुके गोयेश्वर चंद्र रॉय को जगह मिलेगी। वहीं दूसरे अल्पसंख्यक नेता का नाम दीपेन दीवान है।

### कैबिनेट मंत्रियों के नाम

मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर, अमीर खोशरू महमूद चौधरी, सलाहुद्दीन अहमद, इकबाल हसन महमूद, मेजर (रिटायर्ड) हाफिज उद्दीन अहमद बीर बिक्रम, अबू जफर मोहम्मद जाहिद हुसैन, डॉ. खलीलुर रहमान, अब्दुल अव्वल मिंटू, काजी शाह मोफज्जल हुसैन कैकोबाद, मिजानुर रहमान मीनू, निताई रॉय चौधरी (हिंदू नेता), खंडेकर अब्दुल मुक्तदिर, अरिफुल हक चौधरी, जहीर उद्दीन स्वपन, मोहम्मद अमीन उर रशीद, अफरोजा खानम रीटा, शाहिद उद्दीन चौधरी एनी, असदुल हबीब दुलु, मोहम्मद असदुज्जमां, जकारिया ताहिर, दीपेन दीवान (अल्पसंख्यक), एएनएम एहसानुल हक मिलन, सरदार मोहम्मद सखावत हुसैन, फकीर महबूब अनम, और शेख रबीउल आलम।

### राज्य मंत्रियों के नाम

एम रशीदुज्जमां मिल्लत, अनिंद्य इस्लाम अमित, एमडी शरीफुल आलम, शमा ओबैद इस्लाम, सुल्तान सलाहुद्दीन टुकू, बैरिस्टर कैसर कमाल, फरहाद हुसैन आजाद, एमडी अमीनुल हक (टेक्नोक्रेट), मीर मोहम्मद हेलाल उद्दीन, हबीबुर रशीद, एमडी राजीब अहसन, एमडी अब्दुल बारी, मीर शाहे आलम, जोनायद अब्दुर रहीम साकी, इशराक़ हुसैन, फरजाना शर्मिन, शेख फ़रीदुल इस्लाम, नुरुल हक नूर, यासर खान चौधरी, एम इकबाल हुसैन, एमए मुहिथ, अहमद सोहेल मंजूर, बॉबी हज्जाज और अली नेवाज महमूद खैयाम।



### ढाका में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का स्वागत

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मंगलवार को भारत के लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का औपचारिक स्वागत किया गया। बांग्लादेश के भारत में उच्चायुक्त रियाज हामिदुल्लाह ने गर्मजोशी के साथ उनकी अगवानी की। लोकसभा अध्यक्ष के साथ विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री भी पहुंचे।

### चीफ व्हिप चुने गए बांग्लादेश में विपक्ष के नेता

मीडिया रिपोर्टस के अनुसार जमात-ए-इस्लामी के चीफ शफीकुर रहमान को 13वीं बांग्लादेश पार्लियामेंट में विपक्ष का नेता चुना गया है, जबकि नेशनल सिटिजन्स पार्टी (एनसीपी) की कन्वीनर नाहिद इस्लाम विपक्ष की चीफ व्हिप होंगी।

### संविधान बदलाव को लेकर सियासी टकराव तेज

इस बीच संविधान में बदलाव को लेकर सियासी टकराव तेज हो गया है। दरअसल, 12 फरवरी को संसद चुनाव के साथ 'जुलाई चार्टर' पर जनमत संग्रह भी हुआ था। इसमें 62% लोगों ने 'हां' में वोट दिया। जुलाई चार्टर के मुताबिक नई संसद 180 दिनों के लिए संविधान सभा की तरह काम करेगी।

### चीन के प्रधानमंत्री ने तारिक रहमान को दी बधाई

चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान को बधाई दी है। यह जानकारी चीनी दूतावास के आधिकारिक फेसबुक पेज पर साझा की गई। बधाई संदेश में ली कियांग ने कहा कि चीन और बांग्लादेश पड़ोसी देश हैं और दोनों के बीच लंबे समय से दोस्ताना संबंध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि चीनी सरकार बांग्लादेश की नई सरकार को देश को सुचारू और स्थिर रूप से चलाने में मदद करेगी।

### खलीलुर रहमान बनेंगें बांग्लादेश के विदेश मंत्री?

बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के तौर पर तारिक रहमान ने शपथ ली। ऐसे में अब अटकलें इस बात की तेज है कि खलीलुर्रहमान बांग्लादेश के अगले विदेश मंत्री बन सकते हैं। खलीलुर रहमान, जिन्होंने मोहम्मद यूनुस के अंतरिम शासन के दौरान नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर (एनएसए) के तौर पर काम किया था, बांग्लादेश के अगले विदेश मंत्री बन सकते हैं।

# गुजरात में नई वोटर लिस्ट: मतदाताओं की संख्या हुई 4.40 करोड़, 74 लाख नाम कटे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने मंगलवार को गुजरात की अंतिम वोटर लिस्ट जारी कर दी। साढ़े तीन महीने चले विशेष सुधार अभियान (एसआईआर) के बाद अब राज्य में कुल 4,40,30,725 मतदाता हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने बताया कि 19 दिसंबर को जारी ड्राफ्ट लिस्ट के मुकाबले अब 5.60 लाख नए नाम जुड़े हैं।

### मतदाताओं की संख्या हुई 4.40 करोड़

इस अभियान से पहले गुजरात में कुल 5.08 करोड़ वोटर थे। जांच के दौरान लगभग 74 लाख वोटरों के नाम लिस्ट से हटा दिए गए। इस कारण ड्राफ्ट लिस्ट में वोटरों की संख्या घटकर 4.34 करोड़ रह गई थी। अब नए नाम जुड़ने के बाद यह आंकड़ा 4.40 करोड़ पहुंच गया है।

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने नागरिकों को दी बधाई

वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने या हटाने के लिए 19 दिसंबर 2025 से 30 जनवरी 2026 के बीच आपत्तियां और दावे लिए गए। चुनाव अधिकारियों ने 10 फरवरी तक इन सभी का निपटारा किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरीत शुक्ला ने इस काम में सहयोग के लिए नागरिकों को बधाई दी। इस बड़े काम को पूरा करने में 34 जिला चुनाव अधिकारी, 182 रजिस्ट्रेशन अधिकारी, 855 सहायक अधिकारी और 50,963 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) ने सक्रिय भूमिका निभाई। बड़ी संख्या में वॉलंटियर्स ने भी इसमें हिस्सा लिया। अभियान के दौरान 5.08 करोड़ वोटरों को फॉर्म बांटे गए और उनका डिजिटलीकरण किया गया। इसमें बीएलओ और राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों के बीच बैठकें भी हुईं। इनका मकसद उन फॉर्मों की जांच करना था जो वापस नहीं आए थे।




### कांग्रेस ने हाईकोर्ट में दी चुनौती

इस पूरी प्रक्रिया को गुजरात हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। कांग्रेस के दो नेताओं ने याचिका दायर कर एसआईआर प्रोसेस के दौरान वोटरों के रजिस्ट्रेशन नियम 1960 के नियमों के सख्ती से पालन की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ताधारी भाजपा के कार्यकर्ताओं ने बिना किसी दस्तावेजी सबूत के बड़ी संख्या में नाम हटाने के लिए 'फॉर्म-7' भरे। याचिका में यह भी कहा गया कि प्रभावित वोटरों को नोटिस दिए बिना या उनकी बात सुने बिना ही उनके नाम लिस्ट से काट दिए गए।

# बारामती विमान हादसा: अजित पवार की मौत की सीबीआई जांच हो, पत्नी सुनेत्रा ने की मांग, फडणवीस से की मुलाकात

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेताओं ने मंगलवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। इस दौरान सुनेत्रा पवार समेत सभी एनसीपी के नेताओं ने 28 जनवरी को हुए बारामती विमान हादसे की सीबीआई जांच की मांग की। इस दुर्घटना में अजीत पवार की मौत हो गई थी। वरिष्ठ एनसीपी नेता सुनील तटकरे ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि राज्य सरकार इस मामले में केंद्र के गृह मंत्रालय से संपर्क करेगी। बता दें कि सुनेत्रा पवार के साथ तटकरे, प्रफुल्ल पटेल, हसन मुश्रीफ और अजीत पवार के बड़े बेटे पार्थ पवार भी मौजूद थे। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को सीबीआई जांच की मांग वाला पत्र भी सौंपा। एनसीपी नेता अजित पवार और चार अन्य लोगों की 28 जनवरी को पुणे जिले के बारामती में हुए प्लेन क्रैश में मौत हो गई थी। इससे पहले एएआईबी ने कहा कि जानलेवा क्रैश में शामिल लियरजेट 45 प्लेन के कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर से डेटा निकालने के लिए स्पेशल मदद मांगी गई है।

### मंत्री नरहरि जिरवाल के मामले में भी बोले तटकरे

तटकरे ने यह भी कहा कि पिछले हफ्ते मंत्रालय में एनसीपी मंत्री नरहरि जिरवाल के ऑफिस में रिश्वतखोरी जैसी घटनाएं सरकार और मंत्रियों की छवि खराब करती हैं। उन्होंने कहा कि मंत्रियों से कहा गया है कि वे यह पक्का करें कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों और उनके ऑफिस में नियुक्तियां पूरी जांच के बाद की जाएं। बता दें कि पिछले हफ़्ते, एंटी-करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के एक क्लर्क को राज्य सचिवालय, मंत्रालय में कथित तौर पर 35,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा था।



### मुख्यमंत्री फडणवीस ने भरोसा दिया: तटकरे

इस दौरान तटकरे ने कहा कि मुख्यमंत्री ने हमें भरोसा दिलाया है कि राज्य सरकार इस बारे में केंद्रीय गृह मंत्रालय से बात करेगी। सरकार ने पहले ही स्वतंत्र एजेंसियों से जांच शुरू कर दी है और कहा है कि वह सीबीआई जांच का आदेश देगी। हमें लगता है कि केंद्रीय एजेंसी की जांच पूरी होगी। उन्होंने कहा कि एनसीपी विधायक दल पूरी तरह सुनेत्रा पवार के साथ है और कोई असहमति नहीं है। तटकरे ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने उनसे एनसीपी ऑफिस में मुलाकात की।

# एआई के लिए यूपीआई जैसा प्लेटफॉर्म बनाएंगे 200+ अरब डॉलर निवेश की उम्मीद: अश्विनी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में कहा कि भारत के एआई और डीप-टेक इकोसिस्टम में वैश्विक निवेशकों की रुचि तेजी से बढ़ रही है। अगले दो वर्षों में देश में 200 अरब डॉलर से अधिक निवेश आने की उम्मीद है।

### एनवीडिया के सीईओ को लेकर वैष्णव ने क्या बताया?

एनवीडिया के सीईओ जेनसन हुआंग के समिट में शामिल न होने पर मंत्री ने स्पष्ट किया कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर अपनी अनुपस्थिति को अनिवार्य कारणों से जोड़ा है और अपनी जगह एक वरिष्ठ अधिकारी को भेजा है। उन्होंने कहा कि एनवीडिया भारतीय कंपनियों के साथ एआई क्षेत्र में बड़े निवेश पर काम कर रही है। वैष्णव ने बताया कि एआई स्टैक की पांचों लेयर्स इंफ्रास्ट्रक्चर, कंप्यूट, डेटा, मॉडल और एप्लिकेशन में निवेश की संभावनाएं बन रही हैं। उन्होंने कहा कि निवेश के साथ-साथ वेंचर कैपिटल द्वारा डीप-टेक फंडिंग और भारत की डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना भी वैश्विक रुचि के प्रमुख कारण हैं। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण भारत में जनसंख्या स्तर पर तकनीकी समाधानों का विस्तार तेजी से संभव है, जिससे एआई का प्रसार और उपयोग और तेज होगा।

### एआई के संभावित दुरुपयोग को रोकने पर मंथन

इससे पहले वैष्णव ने बताया था कि 30 देशों के मंत्रियों के साथ मीडिया क्षेत्र में एआई के संभावित दुरुपयोग को रोकने पर गंभीर मंथन हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि डीपफेक और सिंथेटिक कंटेंट लोकतंत्र, रचनात्मक उद्योग और सूचना की विश्वसनीयता के लिए बड़ा खतरा बन सकते हैं, इसलिए इनके नियंत्रण और जिम्मेदार उपयोग पर वैश्विक स्तर पर सहयोग आवश्यक है।

### दुनियाभर के सीईओ भारत की तरह देख रहें

उन्होंने यह भी बताया कि दुनिया भार के सीईओ विशेष रूप से भारतीय डीप-टेक स्टार्टअप्स, इंफ्रास्ट्रक्चर और बड़े पैमाने पर समाधान विकसित करने की क्षमता को लेकर उत्साहित हैं। समिट को लेकर युवाओं और शोधकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला है। वैष्णव के अनुसार 3 लाख से अधिक युवा, शोधकर्ता और छात्र इस कार्यक्रम के लिए पंजीकृत हुए हैं और अधिकांश सत्र पूरी तरह भरे हुए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि एआई का उपयोग अर्थव्यवस्था और समाज की बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए किया जाना चाहिए, साथ ही तकनीक से होने वाले संभावित नुकसान को नियंत्रित करना भी जरूरी है।

### एआई का यूपीआई बनाने की योजना का एलान

समिट के दौरान वैष्णव ने 'एआई का यूपीआई' बनाने की योजना का भी एलान किया, जिसे उन्होंने एक भरोसेमंद तकनीकी समाधानों के समूह के रूप में बताया। उनके अनुसार यह एक यूपीआई जैसी ओपन प्लेटफॉर्म व्यवस्था होगी, जिस पर डेवलपर्स और कंपनियां विभिन्न एआई समाधान तैयार कर सकेंगी।

# 'लाल आतंक' का अंत करीब: सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी

## सुकमा में 22 नक्सलियों ने डाले हथियार, एक महिला भी




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। सुकमा

नक्सल मुक्त भारत अभियान के तहत सुरक्षाबलों को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। सुकमा जिले में 22 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर सुरक्षाबलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। इसमें एक महिला नक्सली भी शामिल है। इस घटना को नक्सलवाद के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। प्रशासन के अनुसार, सरकार की पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति, बेहतर जीवन की संभावनाओं और विकास कार्यों के विस्तार से प्रभावित होकर नक्सलियों ने हथियार छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का निर्णय लिया है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को नियमानुसार पुनर्वास सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। प्रशासनिक अधिकारियों ने इसे नक्सल मुक्त भारत अभियान की दिशा में एक मजबूत कदम बताया है। उनका कहना है कि आने वाले समय में नक्सलवाद के प्रभाव वाले क्षेत्रों में शांति, विकास और विश्वास का माहौल और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। यह कदम क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### प्रोत्साहन राशि और पुनर्वास सुविधाएं दी जाएंगी...

पुलिस के अनुसार, सभी आत्मसमर्पित माओवादियों को शासन की 'छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण-पीड़ित राहत पुनर्वास नीति-2025' के तहत प्रति व्यक्ति 50-50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके अलावा उन्हें पुनर्वास से जुड़ी अन्य सुविधाएं, आजीविका और सामाजिक पुनर्स्थापन का लाभ भी मिलेगा।

### सरकार की नीतियों का असर

आत्मसमर्पण की यह प्रक्रिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित शाह और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस बड़ी सफलता में जिला रिजर्व गार्ड, जिला पुलिस बल, क्षेत्रीय फील्ड टीम, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और कोबरा बटालियन की सराहनीय भूमिका रही। सुरक्षाबलों द्वारा लंबे समय से चलाए जा रहे सघन तलाशी व घेराबंदी अभियानों के कारण नक्सली संगठनों पर लगातार दबाव बना हुआ था।

# कर्नाटक के वेमगल में एच-125 हेलीकॉप्टर का उद्घाटन

## राजनाथ सिंह बोले, भारत बना रक्षा निर्यात में वैश्विक खिलाड़ी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वेमगल

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और फ्रांस की रक्षा मंत्री कैथरीन वाउटरिन ने कर्नाटक के वेमगल में एच-125 हेलीकॉप्टर का उद्घाटन किया। इस मौके पर भारतीय वायु सेना के प्रमुख एपी सिंह भी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में बोलते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत में रक्षा उत्पादन हमेशा सरकारी क्षेत्र की ओर केंद्रित रहा है। इसके कारण निजी कंपनियों का योगदान रक्षा उत्पादन और निर्यात में अपेक्षानुसार कम रहा। लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है। भारत के रक्षा निर्यात में काफी बढ़ोतरी हुई है और देश दुनिया के शीर्ष रक्षा निर्यातकों में शामिल हो गया है।



# एआई की मदद से भारतीय सेना ने नाकाम की चीनी घुसपैठ, सैन्य अधिकारी ने दी जानकारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल डीएस राणा, सी-इन-सी, स्ट्रेटेजिक फोर्सेज कमांड, (इंडियन आर्मी) ने 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में एक बड़ा खुलासा किया। उन्होंने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ने अरुणाचल प्रदेश में चीनी सेना की घुसपैठ रोकने में बड़ी भूमिका निभाई। यह घटना उस समय की है जब वह तवांग और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

### सैन्य अधिकारी ने क्या कहा?

अधिकारी के अनुसार, उनके पास उस समय कम क्षमता वाला एक छोटा एआई सॉफ्टवेयर था। चीन ने तवांग के पास 'यांगत्से' इलाके में घुसपैठ की कोशिश की थी। यह एक विवादित क्षेत्र है जो भारत के नियंत्रण में है। इस दौरान एआई सिस्टम ने वहां हो रही संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी। एआई की मदद से सेना यह अंदाजा लगाने में सफल रही कि चीनी सैनिक कब और किस तरफ से आगे बढ़ रहे हैं। इस सटीक जानकारी की वजह से भारतीय सेना ने अपने संसाधनों और जवानों को सही समय पर सही जगहों पर तैनात कर दिया। सेना ने समय रहते जरूरी कदम उठाए और चीन की इस बड़ी कोशिश को पूरी तरह नाकाम कर दिया। सबसे बड़ी बात यह रही कि इस पूरे ऑपरेशन में भारतीय पक्ष का कोई भी जवान हताहत नहीं हुआ।



### सेना को मिले 19 वीरता पुरस्कार

अधिकारी ने बताया कि इस सफल ऑपरेशन के लिए सेना को 19 वीरता पुरस्कार मिले। उन्होंने जोर देकर कहा कि एआई और भविष्यवाणी करने वाले तकनीकी उपकरण युद्ध के मैदान में बहुत असरदार साबित हो सकते हैं। यह तकनीक न केवल घुसपैठ रोकने में मदद करती है, बल्कि जवानों की जान बचाने में भी अहम भूमिका निभाती है।

# सरकारी नौकरियों में चाय बागान जनजातियों के लिए 3% आरक्षण को मंजूरी, हिमंता सरकार का चुनावी दांव

- यह फैसला असम विधानसभा परिसर में आयोजित कैबिनेट बैठक में लिया गया है
- सामाजिक और आर्थिक असमानताओं को दूर करने में मदद मिलेगी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

असम मंत्रिमंडल ने मंगलवार को प्रथम और द्वितीय श्रेणी की सरकारी नौकरियों में चाय बागान जनजातियों और आदिवासी समुदायों के लिए तीन प्रतिशत आरक्षण को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने बताया कि यह राज्य के सबसे हाशिए पर स्थित वर्गों में से एक के लिए सकारात्मक कार्रवाई का एक महत्वपूर्ण विस्तार है। यह फैसला असम विधानसभा परिसर में आयोजित कैबिनेट बैठक में लिया गया है।

### जनजातियों और आदिवासी को लाभ मिलेगा

इस कदम से चाय बागान जनजातियों और आदिवासी समुदायों को अब तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों में मौजूदा कोटा के अतिरिक्त उच्चस्तरीय सरकारी सेवाओं में भी आरक्षण का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को बताया कि यह निर्णय नीति-निर्माण और प्रशासनिक भूमिकाओं में चाय बागान जनजातियों और आदिवासी युवाओं के अधिक प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करने के सरकार के इरादे को दर्शाता है।असम की अर्थव्यवस्था में, विशेष रूप से चाय उद्योग के माध्यम से इस समुदाय के महत्वपूर्ण योगदान के बावजूद ऐतिहासिक रूप से यह समुदाय वरिष्ठ सरकारी पदों में कम प्रतिनिधित्व वाला रहा है। मंत्रिमंडल ने इस बात पर गौर किया कि प्रथम और द्वितीय श्रेणी के पदों के लिए आरक्षण का विस्तार करने से चाय बागान जनजातियों और आदिवासी पृष्ठभूमि के शिक्षित युवाओं के लिए नए अवसर खुलेंगे, उच्च शिक्षा को प्रोत्साहन मिलेगा और लंबे समय से चली आ रही सामाजिक और आर्थिक असमानताओं को दूर करने में मदद मिलेगी। आरक्षण संबंधी निर्णय के अलावा, मंत्रिमंडल ने 2026-27 वित्तीय वर्ष के शुरुआती महीनों के लिए असम विधानसभा के समक्ष रखे जाने वाले वोट-ऑन-अकाउंट बजट विवरण को भी मंजूरी दी। एक अन्य महत्वपूर्ण कल्याणकारी पहल के तहत मंत्रिमंडल ने मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता अभियान (एमएमयूए) योजना के तहत अतिरिक्त 1,07,532 पात्र महिला स्वयं सहायता समूह सदस्यों को उद्यमिता के लिए प्रारंभिक पूंजी जारी करने को मंजूरी दी। अवसंरचना और विकास संबंधी निर्णयों में रक्षा मंत्रालय की ओर से परियोजना की डीपीआर को मंजूरी देने के बाद कार्बी आंगलोंग के लांगवोकु में दूसरे सैनिक विद्यालय के निर्माण को मंजूरी देना और खेल अवसंरचना विकास के लिए असम क्रिकेट एसोसिएशन के पक्ष में धेमाजी जिले में 31 बीघा से अधिक भूमि का निपटान करना शामिल था।



### पर्यटन को बढ़ावा के लिए करोड़ो रुपए की स्वीकृत दी

मंत्रिमंडल ने विरासत आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जोरहाट के बोरभेटी परिसर के एकीकृत विकास के लिए 20 करोड़ रुपए भी स्वीकृत किए। स्कूल शिक्षकों के लिए अर्जित अवकाश को बढ़ाकर 15 दिन कर दिया। पदोन्नति मानदंडों को आसान बनाने के लिए असम कृषि सेवा नियमों में संशोधन किया।